# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- एनडीए को भारी बहुमत, छत्तीसगढ़ में भाजपा के खाते में आ सकती है 10 सीटें!
- मध्यप्रदेश और गुजरात में 2019 दोहरा रही भारतीय जनता पार्टी
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान, 4 जून को आएंगे फाइनल नतीजे

भीतर भी देखें





देशभर में लोकसभा का चुनाव सात चरणों में संपन्न हो गया। 4 जून को नतीजे आने वाले हैं। लोकसभा चुनाव के खत्म होने के साथ ही देश की जनता को इस सवाल का बेसब्री से इंतजार है कि सरकार किसकी बनेगी। ऐसे में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग के बाद एग्जिट पोल आ गए। सभी एग्जिट पोल में इस बार भी एनडीए को भारी बहुमत मिलते दिखाया गया है।

## कह रहे सभी एक्जिट पोल

राहुल बोले- 4 जून को होगा देश में एक नया सवेरा अहंकारी और तानाशाही सरकार को दें झटका

# तीसरी बार... फिर से मोदी सरकार

# एनडीए 400 के पार

यूपी में भाजपा का दिखेगा दम, दिल्ली में भाजपा को नुकसान, इंडिया को एक सीट मिलने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए शुरुआती एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके साथ इन सर्वेक्षणों में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के तमिलनाडु और केरल में अपना खाता खोलने और कर्नाटक में फिर से एकतरफा जीत हासिल करने का अनुमान जताया गया है। एबीपी न्यूज-सीवोटर एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार पश्चिम बंगाल में एनडीए को 43 फीसदी, कांग्रेस को 13 फीसदी, टीएमसी को 42 फीसदी और अन्य को 2 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। वहीं, पश्चिम बंगाल की 42 ▶▶| शेष पेज 4 पर

## पश्चिम बंगाल में एनडीए की बल्ले बल्ले, टीएमसी को लग सकता है झटका

चुनाव के अंतिम चरण में भाजपा अध्यक्ष ने किया मतदान



| सर्वे एजेंसी | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|
| रिपब्लिक मैट्रिज | 353-368 | 118-133 | 43-48 |
| रिपब्लिक पीमारक्यू | 359 | 154 | 30 |
| इंडिया न्यूज | 371 | 125 | 47 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 | 10-20 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 | 21-23 |
| पोल ऑफ पोल्स | 374 | 138 | 30 |

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का बिगड़ सकता है खेल

एबीपी न्यूज-सीवोटर एग्जिट पोल के आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में एनडीए को 61 फीसदी, इंडिया गठबंधन को 33 फीसदी और अन्य को 6 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से एग्जिट पोल के अनुसार, एनडीए को 10-11 और इंडिया गठबंधन को 0-1 सीटें मिलने की संभावना है।

## एनडीए को फिर से चुनने रिकॉर्ड मतदान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विश्वास जताया कि लोगों ने एनडीए सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि 'अवसरवादी इंडी गठबंधन' मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने विपक्ष की 'प्रतिगामी राजनीति' को खारिज कर दिया। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मोदी ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' देखा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है। मोदी ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा, भारत ने मतदान किया! अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार। उनकी सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है।

देशभर के मीडिया समूहों का आया एग्जिट पोल






## किसने क्या कहा?

### एग्जिट पोल पर बोले साय

## पूरा देश चाहता है मोदी तीसरी बार पीएम बनें



एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलते दिखाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रारंभ से ही लग रहा था कि पूरे देश का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिलेगा। पूरा देश चाहता है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें और सरकार की बागडोर संभालें। पूरे देश में वातावरण अच्छा था, छत्तीसगढ़ में भी सभी ग्यारह सीटें हम जीतने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री होने के नाते मैं भी कई प्रदेशों में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा

## एग्जिट पोल के नतीजे भ्रामक : दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, एग्जिट पोल के नतीजे भ्रामक है। कांग्रेस पार्टी इन नतीजों को खारिज करती है। 4 जून को जब नतीजे आएंगे तब देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में हम भारतीय जनता पार्टी से बेहतर स्थिति में रहेंगे। श्री बैज ने कहा कि इस प्रकार का दुष्प्रचार होगा इसका अनुमान पहले से ही था।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले

## साउथ में टूटेंगे रिकॉर्ड बढ़ेगा हमारा वोट शेयर



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि देश में एक बार फिर से एनडीए के गठबंधन की सरकार बनाने की बात कही। तेलंगाना का जिक्र करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि इस बार हम तेलंगाना में डबल डिजिट टच करने वाले हैं। वहीं तमिलनाडु को लेकर उन्होंने कहा कि 'हमारा वोट शेयर बहुत बढ़ेगा और हम सीटें जीतेंगे। लोगों ने डीएमके और कांग्रेस को देख लिया है। यहां के लोग मोदी जी के नेतृत्व में कुछ नया देखना चाहते हैं। साउथ इंडिया में एक बहुत बड़ी शुरुआत होगी। केरल से भी हमारे एमपी आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों पर भी जमकर निशाना साधा।

### विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक

## इंडिया का 295 से ज्यादा सीट जीतने का दावा



विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने 'अनौपचारिक बैठक' कर लोकसभा चुनाव की मतगणना से जुड़ी तैयारियों एवं रणनीति चर्चा की तथा दावा किया कि इस चुनाव में गठबंधन को 295 से अधिक सीट मिलेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक हुई। 'इंडिया' गठबंधन दलों के नेताओं की मौजूदगी में खरगे ने संवाददाताओं से कहा, अपने नेताओं से पूछने के बाद हमारा यह आकलन है कि 'इंडिया' गठबंधन को कम से कम 295 सीट आएंगी। हम इससे ज्यादा सीट जीतेंगे।

### घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं का टैरिफ 20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ा

# बिजली उपभोक्ताओं को झटका, घरेलू बिजली 20 पैसे महंगी, बाकी को भी करंट

**कृषि और स्टील उद्योग की बिजली 25 पैसे यूनिट महंगी**

**जून से लागू होगा, जुलाई का बिल आएगा नए टैरिफ से**

*प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को जून से महंगी बिजली का झटका लगा है। जून का बिल जब अगले माह जुलाई में आएगा, तो यह बिल नए टैरिफ से बनकर आएगा। बिजली नियामक आयोग ने दो माह विलंब से शनिवार को नया टैरिफ जारी किया है। इसमें घरेलू के साथ गैर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली को 20 पैसे प्रति यूनिट महंगा किया गया है। इसी के साथ कृषि और स्टील उद्योग की बिजली को 25 पैसे यूनिट महंगा किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि की बिजली अब 5.05 के स्थान पर 5.30 रुपए हो गई है। स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में जो 25 फीसदी सस्ती बिजली का लाभ मिल रहा था, उसको कम करके अब 10 प्रतिशत कर दिया गया है। रेलवे को लोड फैक्टर में मिलने वाले 20 फीसदी के रिबेट को समाप्त कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के घाटे को कम करने के लिए 2024-25 सत्र के लिए एक हजार करोड़ दिए हैं, जिसके कारण बिजली की दरें करीब 8.35 फीसदी ही बढ़ानी पड़ी हैं। अन्यथा 20.45 फीसदी कीमत बढ़ानी पड़ती।

पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में अपनी जो याचिका लगाई थी, उसमें कंपनी 4420 का घाटा अनुमानित बताया था, इसको आयोग ने 2819 करोड़ ही मान्य किया है। राज्य सरकार से मिली हजार करोड़ की मदद को कम करने के बाद घाटा 1819 करोड़ ही बचा। इसको पूरा करने के लिए ही हर वर्ग के उपभोक्ताओं की बिजली को महंगा किया गया है।





### घरेलू उपभोक्ताओं का टैरिफ

| यूनिट | पुरानी दर | नई दर |
|---|---|---|
| 0-100 | 3.70 | 3.90 |
| 101-200 | 3.90 | 4.10 |
| 201-400 | 5.30 | 5.50 |
| 401-600 | 6.30 | 6.50 |
| 601 से अधिक 7.90 8.10 | | |

### गैर घरेलू उपभोक्ताओं को लगेगा ज्यादा झटका

गैर घरेलू उपभोक्ताओं को ही ज्यादा झटका लगेगा, क्योंकि इसको बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता है। पांच किलो वॉट के सिंगल फेज वाले गैर घरेलू उपभोक्ताओं को अभी 100 यूनिट तक 5.85 रुपए प्रति यूनिट के लगते हैं। इसको 6.05 रुपए किया गया है। इसी तरह से 101 से 400 यूनिट तक 6.85 से बढ़ाकर 7.05 रुपए और 401 यूनिट से ज्यादा पर 8.25 रुपए को बढ़ाकर 8.45 रुपए किया गया है।

### चार सौ यूनिट तक 80 नहीं लगेंगे 40 रुपए ज्यादा

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं में सबसे ज्यादा उपभोक्ता 100 से 400 यूनिट तक की खपत करते हैं। प्रदेश सरकार की योजना में 400 यूनिट तक की खपत में बिजली बिल हॉफ होता है। ऐसे में नई दरों में 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को यूं तो 80 रुपए ज्यादा लगेंगे, लेकिन बिजली बिल हॉफ योजना के कारण 80 के स्थान पर 40 रुपए ही देने पड़ेंगे। पहले चार सौ यूनिट का टैरिफ के हिसाब से 1820 रुपए होता था, जो अब 1900 सौ रुपए हो जाएगा। इसका आधा ही उपभोक्ताओं को देना पड़ता है। अन्य शुल्क अलग से लगते हैं।




# आग से बाल-बाल बचे 40 यात्री

## बस रोकने में 5 मिनट देरी पर विकराल होते हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र में जगदलपुर से रायपुर आ रही बस में आग लगने से 40 यात्रियों की जान बाल-बाल बची। बस में आग लगने की वजह एसी पाइप में ब्लास्ट होने तथा रेडिएटर वाटर के ओवर हीट की बात सामने आ रही है। घटना शनिवार सुबह 11 बजे की है। घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस के अनुसार बस में आग लगने की वजह बस के कंडक्टर तथा ड्राइवर भी नहीं बता पा रहे हैं। बस में आग किस वजह से लगी, यह जांच के बात पता चलेगा। पुलिस के अनुसार बस में आग लगने की घटना अभनपुर मोड़ के पास की है। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि कुरुद के पास ▶▶| शेष पेज 4 पर



### प्रत्यक्षदर्शी ने आंखों देखा हाल बताया

मौके पर उपस्थित जिला पंचायत सदस्य खूब लाल ध्रुव के मुताबिक घटनास्थल के पास वह एक ढाबा में खाना खा रहा था। इसी दौरान बस ढाबे के पास रुकी। बस से तीन-चार महिलाएं उल्टी करने के लिए उतरीं। इसके बाद बस का एसी पाइप फट गया और देखते ही देखते बस आग की चपेट में आ गई। बस में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में यात्रियों ने बस से उतरकर अपनी जान बचाई। श्री ध्रुव बताते हैं कि यात्रियों के उतरने के केवल पांच मिनट बाद ही आग धधक उड़ी थी। ऐसे में ऐसा संयोग ही कहा जाएगा कि चलती बस में आग नहीं लगी। वरना पता नहीं क्या हालात होते।

### लू से तीन दिनों में चार की मौत

जांजगीर -चांपा। जिले में बीते तीन दिनों के भीतर लू से चार लोगों की मौत हो चुकी है। पहली मौत जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में हुई थी तो शिवरीनारायण में एक मौत होने के बाद चांपा प्रकाश इंडस्ट्रीज के सामने ड्राइवर हेल्पर की लू लगने से मौत हो गई। गर्मी में जिस तरह तापमान बढ़ा है, उससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है, जिले में पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई जब लू लगने से तीन दिनों के भीतर चार जान चली गई।

### ट्रक चालक को लगी लू, मौत

कांकेर। विशाखापट्टनम से चारामा डामर ला रहे ट्रक चालक की लू लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 31 मई को चारामा में अचानक उसकी सेहत खराब हो गई, जिसे इलाज के लिए उसके साथियों ने चारामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, लेकिन देर शाम उसकी मृत्यु हो गई।



हरिभूमि रण भूमि लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



# एग्जिट पोल के मुताबिक एक बार फिर मोदी सरकार

## पंजाब
### कुल सीट- 13
2019 के मुकाबले कांग्रेस को 2 सीट का नुकसान और भाजपा को 2 सीट फायदा होने का अनुमान।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 06 | -02 |
| भाजपा | 02 | 04 | +02 |
| आप | 01 | 03 | +02 |
| अन्य | 02 | 00 | -02 |

## हरियाणा
### कुल सीट- 10
2019 के मुकाबले इंडिया को 2 सीटों पर फायदा तथा भाजपा को 2 सीटों पर नुकसान दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 00 | 02 | +2 |
| एनडीए | 10 | 08 | -2 |
| इनलो | 00 | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## राजस्थान
### कुल सीट- 25
2019 के मुकाबले इंडिया को इस बार 3 सीट का फायदा, वहीं भाजपा को 4 सीट का नुकसान दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 00 | 03 | +03 |
| एनडीए | 25 | 21 | -04 |
| अन्य | 00 | 01 | +01 |

## गुजरात
### कुल सीट- 26
2019 के मुकाबले इंडिया को 1 सीट का फायदा दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 00 | 01 | +01 |
| एनडीए | 26 | 25 | -01 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## महाराष्ट्र
### कुल सीट- 48
2019 के मुकाबले इंडिया गठबंधन को 13 सीटों का फायदा, एनडीए को 13 सीटों का घाटा दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 05 | 18 | +13 |
| एनडीए | 41 | 28 | -13 |
| अन्य | 02 | 02 | 00 |

## कर्नाटक
### कुल सीट- 28
2019 के मुकाबले इंडिया को 2 सीटों का फायदा वहीं भाजपा की स्थिति जस की तस दिख रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 25 | 25 | 00 |
| इंडिया | 01 | 03 | +02 |
| अन्य | 02 | 00 | 00 |

## केरल
### कुल सीट- 20
2019 के मुकाबले यूडीएफ को 2 सीटों पर बढ़त दिख रही है। इसी तरह अन्य को 2 सीट का नुकसान।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| यूडीएफ | 15 | 17 | +02 |
| एनडीए | 02 | 02 | 00 |
| अन्य | 03 | 01 | -02 |

## तमिलनाडु
### कुल सीट- 39
2019 के मुकाबले एआईडीएमके को एक सीट का फायदा और इंडिया गठबंधन को 2 सीट का फायदा दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एआईडीएमके | 01 | 02 | +01 |
| डीएमके-कांग्रेस | 31 | 33 | +02 |
| एनडीए | 00 | 04 | +04 |
| अन्य | 07 | 00 | -07 |

## आंध्रप्रदेश
### कुल सीट- 25
2019 के मुकाबले वाईएसआरसीपी 20 सीटों का नुकसान दिख रहा है। एनडीए ने छलांग लगाई।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| टीडीपी | 03 | 00 | -03 |
| वाईएसआरसीपी | 22 | 02 | -20 |
| एनडीए | 00 | 23 | +23 |
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |

## तेलंगाना
### कुल सीट- 17
2019 के मुकाबले कांग्रेस को 1 सीट पर व एनडीए को 8 सीटों में बढ़त मिलती दिख रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| टीआरएस | 09 | 00 | -09 |
| कांग्रेस | 03 | 04 | +01 |
| एनडीए | 04 | 12 | +08 |
| बीआरएस व अन्य | 01 | 01 | 00 |

## छत्तीसगढ़
### कुल सीट- 11
2019 के मुकाबले कांग्रेस को 1 सीट का नुकसान और भाजपा को 1 सीट का फायदा दिख रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 02 | 01 | -01 |
| भाजपा | 09 | 10 | +01 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## ओडिशा
### कुल सीट- 21
2019 के मुकाबले बीजद को 10 सीटों पर नुकसान व एनडीए को 10 सीटों पर फायदा दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| बीजद | 12 | 02 | -10 |
| एनडीए | 08 | 18 | +10 |
| इंडिया | 01 | 01 | 00 |

## पश्चिम बंगाल
### कुल सीट- 42
2019 के मुकाबले टीएमसी को इस बार 8 सीटों का नुकसान तथा भाजपा को 8 सीटों पर फायदा होता नजर आ रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| टीएमसी | 22 | 14 | -08 |
| कांग्रेस | 02 | 02 | 00 |
| सीपीएम | 00 | 00 | 00 |
| भाजपा | 18 | 26 | +08 |

## मध्यप्रदेश
### कुल सीट- 29
2019 के मुकाबले भाजपा और कांग्रेस की स्थिति जस की जस है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 28 | 28 | 00 |
| कांग्रेस | 01 | 01 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## बिहार
### कुल सीट- 40

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 17 | 29 | +12 |
| जेडीयू | 16 | 00 | -16 |
| इंडिया | 01 | 10 | +09 |
| अन्य | 06 | 01 | -05 |

## दिल्ली
### कुल सीट- 07
2019 के मुकाबले इंडिया को 1 सीट की बढ़ोत्तरी दिख रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 00 | 01 | +01 |
| एनडीए | 07 | 06 | -01 |
| आप | 00 | 00 | 00 |

## उत्तरप्रदेश
### कुल सीट- 80
2019 के मुकाबले एनडीए को 5 सीटों का फायदा दिख रहा है। वहीं इंडिया गठबंधन को 3 सीटों पर नुकसान।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 62 | 67 | +05 |
| इंडिया | 15 | 12 | -03 |
| अन्य | 02 | 01 | -01 |

## जम्मू-कश्मीर
### कुल सीट- 05
2019 के मुकाबले के अनुसार एनडीए को 1 सीट का नुकसान नजर आ रहा है। नेकां. ने 3 सीटों पर कब्जा जमाए रखा।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 03 | 02 | -01 |
| नेकां. | 03 | 03 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## गोवा
### कुल सीट- 02
2019 के मुकाबले एनडीए व इंडिया को कोई नुकसान नहीं हुआ।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 01 | 01 | 00 |
| इंडिया | 01 | 01 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## हिमाचल
### कुल सीट- 04
2019 की तरह इस बार भी यहां एनडीए को सभी सीटें मिली। कांग्रेस का खाता भी पिछली बार की तरह नहीं खुला।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 04 | 04 | 00 |
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## उत्तराखंड
### कुल सीट- 05
2019 की तरह इस बार भी यहां एनडीए को सभी सीटें मिल रहीं। कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल पाएगा।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |
| एनडीए | 05 | 05 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## झारखंड
### कुल सीट- 14
2019 के मुकाबले एनडीए को 1 सीट का नुकसान व इंडिया गठबंधन को 3 सीटों पर फायदा होता दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 11 | 10 | -01 |
| इंडिया | 01 | 04 | +03 |
| अन्य | 02 | 00 | -02 |

## असम
### कुल सीट- 14
2019 के मुकाबले एनडीए को 2 सीटों पर बढ़त मिलती दिख रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 09 | 11 | +02 |
| इंडिया | 03 | 03 | 00 |
| अन्य | 02 | 00 | -02 |

## सिक्किम
### कुल सीट- 01
सिक्किम की एक मात्र सीट एसकेएम ने हथिया ली।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एसकेएम | 01 | 01 | 00 |
| एसडीएफ | 00 | 00 | 00 |

## अंडमान निको.
### कुल सीट- 1
केंद्र शासित राज्य अंडमान निकोबार की एकमात्र सीट इस बार एनडीए के खाते में आती नजर आ रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 00 | 01 | +01 |
| इंडिया | 01 | 00 | -01 |

## अरुणाचल
### कुल सीट- 02
अरुणाचल प्रदेश की दोनों सीटें एनडीए के खाते में गई। वहीं इंडिया को एक भी सीट नहीं मिली।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |
| एनडीए | 02 | 02 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## चंडीगढ़
### कुल सीट- 1
इस चुनाव में चंडीगढ़ की एकमात्र सीट इंडिया के खाते में जाती नजर आ रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 01 | 00 | -01 |
| इंडिया | 00 | 01 | +01 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## दादर नागर
### कुल सीट- 1
दादर नागर हवेली की एक सीट पिछली बार एनडीए नहीं बचा पाई थी। इस बार यह सीट जीतने की उम्मीद दिख रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 00 | 01 | +01 |
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |
| अन्य | 01 | 00 | -01 |

## दमन-दीव
### कुल सीट- 01
2019 की तरह दमन दीव की एक सीट एनडीए की झोली में इस बार भी जाने की संभावना दिख रही है

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 01 | 01 | 00 |
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |
| अन्य | 00 | 00 | 00 |

## लक्षदीप
### कुल सीट- 01
2019 की तरह लक्षदीप की एक सीट पर इस बार इंडिया जीतते नजर आ रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 00 | 00 | 00 |
| एनसीपी | 01 | 00 | -01 |
| इंडिया | 00 | 01 | +01 |

## मिजोरम व नागालैंड
### कुल सीट-1-1
2019 में मिजोरम व नागालैंड की 1-1 सीट इंडिया के पक्ष में गई थी। इस बार इंडिया दोनों सीटें जीत रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| इंडिया | 01 | 02 | +01 |
| अन्य | 01 | 00 | -01 |

## मणिपुर
### कुल सीट- 02
मणिपुर में एनडीए व अन्य को 2019 जैसी ही सीटे मिलने की संभावना जताई गई है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 01 | 01 | 00 |
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |
| अन्य | 01 | 01 | 00 |

## मेघालय



### कुल सीट- 02
मेघालय में वीपीपी को एक सीट का फायदा हो रहा है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनपीपी | 01 | 01 | 00 |
| कांग्रेस | 01 | 00 | 00 |
| वीपीपी | 00 | 01 | +01 |

## त्रिपुरा
### कुल सीट- 02
त्रिपुरा में एनडीए को दो सीटों का फायदा होने का अनुमान है। वहीं अन्य पार्टियों को दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 02 | 02 | 00 |
| इंडिया | 00 | 00 | 00 |

## पांडिचेरी
### कुल सीट- 01
2019 में पांडिचेरी की एकमात्र सीट इस बार कांग्रेस के खाते में जाती नजर आ रही है।

| दल | 2019 | 2024 | (+-) |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 00 | 00 | 00 |
| इंडिया | 01 | 01 | 00 |

रायपुर, रविवार 2 जून 2024 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी | वर्ष : 22, अंक : 314 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## टी20 विश्व कप का फॉर्मेट

लीग स्टेज : 20 टीमें पांच-पांच टीमों के ग्रुप में मैच खेलेंगी

हर एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई करेंगी

सुपर-8: राउंड में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो ग्रुप में बांटा जाएगा

हर एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी

नॉकआउट : दो सेमीफाइनल के विजेता 29 जून को फाइनल में भिड़ेंगे




**20** टीमें पहली बार खेलेंगी

**28** दिन चलेगा टूर्नामेंट

**02** जून को होगा आगाज

**29** जून को फाइनल जंग

**09** जून को भारत-पाक मैच

भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया खिताब के प्रबल दावेदार

मेजबान अमेरिका और कनाडा के बीच होगा पहला मैच

## टी20 का विश्व विजेता बनने पहली बार 20 टीमों में
# आज से होगी महाजंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

टी20 विश्व कप का महाजंग 20 देशों के बीच आज सुबह छह बजे से शुरू हो जाएगा। भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे मेजबान अमेरिका और कनाडा के बीच मैच से इस टूर्नामेंट की शुरुआत हो जाएगी। मैच का आगाज दो जून को और फाइनल मुकाबला 29 जून को खेला जाएगा। भारतीय टीम की नजर दूसरी बार चैंपियन बनने पर है। टीम इंडिया ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में यह खिताब अपने नाम किया था। इसके 17 साल बीत गए, लेकिन टीम एक भी बार टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीत पाई।

### विश्व कप टीमें

वेस्टइंडीज, अमेरिका, भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड, इंग्लैंड, आयरलैंड, कनाडा, स्कॉटलैंड, ओमान, नेपाल, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी, नामीबिया।

### भारत के मैच

| दिनांक | खिलाफ | समय |
| --- | --- | --- |
| 5 जून | आयरलैंड | 8 बजे |
| 9 जून | पाकिस्तान | 8 बजे |
| 12 जून | अमेरिका | 8 बजे |
| 15 जून | कनाडा | 8 बजे |

### लाइव स्ट्रीमिंग

टी20 विश्व कप के मैच ऑनलाइन आप डिज्नी+हॉटस्टार एप पर देख सकते हैं। मोबाइल पर आप फ्री में मैच देख सकेंगे। लैपटॉप या स्मार्ट टीवी पर देखने के लिए पैसे देकर सब्सक्रिप्शन लेने पड़ेंगे।

### अमेरिका पहली बार मेजबान

इस साल टी20 विश्व कप के मैच वेस्टइंडीज और अमेरिका के नौ स्थानों पर खेले जाएंगे। अमेरिका पहली बार मेजबान बना है। इनमें वेस्टइंडीज के छह और अमेरिका के तीन स्थान हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप है और कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इंग्लैंड की टीम डिफेंडिंग चैंपियन है। उसने 2022 में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था।

### स्टार स्पोर्ट्स प्रसारक

टी20 विश्व कप के मैचों का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा। प्रशंसक स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर अलग-अलग भाषा में मैच का आनंद ले सकते हैं। वहीं, डीडी फ्री डिश इस्तेमाल करने वाले दर्शक डीडी स्पोर्ट्स पर फ्री में भारत के मैचों के अलावा सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला देख सकेंगे।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल को राहत नहीं, जाएंगे जेल



**नई दिल्ली।** कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं दी। रविवार को केजरीवाल को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करना ही होगा। राउज एवेन्यू कोर्ट की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि आदेश पांच जून को सुनाया जाएगा। गौरतलब है कि केजरीवाल को कल जेल जाना है।

### मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं



**भुवनेश्वर।** पूर्वी तटीय रेलवे के संबलपुर मंडल में कांटाबांजी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना के मद्देनजर पूर्वी तटीय रेलवे ने रायपुर-टिटलागढ़ एक्सप्रेस और जूनागढ़ रोड-रायपुर एक्सप्रेस को शनिवार के लिए रद्द कर दिया।

### विमान ईंधन और एलपीजी के दाम घटे



**नई दिल्ली।** विमान (जेट) ईंधन या एटीएफ के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गई। होटल एवं रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले 19 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है।

### 'इंडिगो' की उड़ान को धमकी, आपात लैंडिंग



**मुंबई।** विमानन कंपनी 'इंडिगो' की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां 'पूर्ण आपात' स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 लोग सवार थे। विमान सुबह करीब 8.45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया।

### मिजोरम में 9.7 करोड़ की हेरोइन बरामद



**आइजोल।** मिजोरम के चंफाई जिले में तीन अलग-अलग अभियानों में 9.7 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन बरामद की गई। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। 30 मई की रात असम राइफल्स और पुलिस के अभियान में मेलबुक गांव से 146 ग्राम, ज़ोटे से 22 ग्राम और 1.2 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई।

## एक पेड़ काटने पर दस पौधे लगाने और उन्हें बचाने की जिम्मेदारी वन विभाग की

# एक के बदले दस पौधे लगाने थे, हजारों कटे, लाखों का जंगल खड़ा होता पर हरिभूमि ने पाए सैकड़ों

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/ भिलाई-दुर्ग/ राजिम/ रायपुर/ राजनांदगांव

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव**

तापमान अर्ध शतक बनाने की ओर है। पारा इतना चढ़ गया है कि मौतों का आंकड़ा रोज बढ़ रहा है। अब तक दर्जनभर लोगों की जान लू की वजह से जा चुकी है। वजह...पेड़ कम हो रहे हैं और विकास के नाम पर हरे भरे जंगल उजाड़े जा रहे हैं। हालांकि विकास के नाम पर काटे गए एक पेड़ के बदले दस पेड़ लगाने का नियम है। ऐसा कुछ शहरों में ईमानदारी से किया भी जाता है, लेकिन बाकी जगह केवल बेईमानी दिखती है। हरिभूमि ने रायपुर, दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर, राजनांदगांव समेत प्रदेशभर के शहरों का जायजा लिया। पाया कि हजारों पेड़ काटे गए, उनके बदले में लाखों लगाए जाने थे लेकिन मिले सैकड़ों।

रायपुर के विधानसभा रोड में पेड़ों की कटाई के बदले दलदल सिवनी में साइंस सेंटर के पीछे इंदिरा स्मृति वन में किए गए वृक्षारोपण किया गया है। इसके साथ ही वृक्षारोपण ⏭ शेष पेज 4 पर



**ज्यादातर जगह कम ही पेड़ नजर आए कुछ जगह ठीक, बाकी जगह सूख गए**

### भिलाई में पौधारोपण के स्थल वीरान

औद्योगिक शहर होने के कारण भिलाई में हरियाली की ज्यादा जरूरत है, लेकिन सालों बाद भी नगर निगम भिलाई ने इस दिशा में कोई खास संजीदगी नहीं दिखाई। 1 पेड़ काटे जाने पर दस पौधे लगाने का नियम है, लेकिन इसे लेकर भिलाई निगम कितना जागरूक है, इसकी मिसाल पटरीपार का निगम क्षेत्र यानी आधा शहर पौधों के लिए तरस रहा है। वहीं बाकी आधे शहर यानी बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में लाखों पेड़ लगे हैं, जबकि 50 वार्डों में फैले पटरीपार के क्षेत्र में गिने चुने पेड़ ही हैं। वर्ष 2020 में राधिका नगर मैदान में पौधारोपण किया गया था। कलेक्टर, कमिश्नर और ⏭ शेष पेज 4 पर

### चढ़ाई गई हजारों पेड़ों की बलि

दुर्ग में पुलगांव मिनीमाता चौक से अंजोरा बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण के नाम पर करीब एक हजार से अधिक पेड़ काटे गए, लेकिन पेड़ों के बदले अब तक कोई ऐसा प्रयास नहीं किया गया। डिवाइडर बनाकर वृक्षारोपण का प्रयास किया गया लेकिन वहां अब ठूंठ ही दिखते हैं।

### लगे हजारों, दिख रहे इक्के-दुक्के

गरियाबंद जिले के राजिम में बारिश काल के लगते ही वन विभाग द्वारा महोत्सव के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया ⏭ शेष पेज 4 पर

### जगदलपुर में पेड़ों की जगह झाड़ियां

जगदलपुर शहर से रायपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर वर्ष 2014 में सड़क चौड़ीकरण के दौरान ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में 51 विशाल वृक्षों को काटने के लिए लोक निर्माण विभाग को वन विभाग ने लाखों रुपए का डिमांड नोट दिया और भुगतान होने के बाद वन विभाग ने पेड़ कटवाए गए। घाटलोहंगा में एनएच किनारे लगभग 100 से अधिक पौधों का रोपण किया, रोपण किए गए पौधों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत घाटलोहंगा को दी गई। पौधों की जगह झाड़ियां दिख रही हैं। जिले में पौधरोपण फेल यानी 60 फीसदी से कम पौधे जीवित बचे हैं।



### कटने लगे वृक्ष, संरक्षण का अभाव

शहर के शिवनाथ नदी के क्षेत्र मोहारा में बड़ी संख्या में युवा भी इन दिनों यहां पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। पेड़-पौधे नदी के किनारे रेत के फैलाव और पानी का बहाव युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करने लगा है। यहां नदी के पानी में उतरकर वे स्नान का भी आनंद उठाते देखे जाने लगे हैं। उक्त क्षेत्र का उचित देखरेख एवं संरक्षण-संवर्धन के अभाव में अब उक्त क्षेत्र में भी चोरी-छिपे पौधों को काटकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कई स्थानों पर कटे पेड़ के ठूंठ दिखलाई पड़ने लगे हैं। वही पिकनिक में पहुंचे लोगों द्वारा भी आग जलाने के लिए यहीं की लकड़ियां ⏭ शेष पेज 4 पर

## राहत लाएगा सोमवार

# प्री-मानसून की बौछारों के आसार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारी गर्मी से बुरी तरह झुलस चुके छत्तीसगढ़ को ग्रीष्म लहर से जल्दी ही राहत मिलने के आसार बन रहे हैं। आज से प्री-मानसून की बौछार पड़ने की संभावना बन रही है, जिसकी मात्रा और क्षेत्र में सोमवार से विस्तार होने की संभावना है। चौबीस घंटे में राजधानी का तापमान एक डिग्री कम हुआ लेकिन लू का कहर जारी रहा।

छत्तीसगढ़ नवतपा के दूसरे दिन से तप रहा है और अंतिम दिन में इसका भारी असर रहने की संभावना बन रही है। दोपहर बाद ही कुछ हिस्सों में हल्की बारिश अथवा तेज हवा चलने के आसार बन रहे हैं, जिससे थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के ⏭ शेष पेज 4 पर

### शहरों का तापमान

| | |
| --- | --- |
| रायपुर | 45.7 |
| बिलासपुर | 44.8 |
| पेंड्रा | 43.7 |
| अंबिकापुर | 42.2 |
| जगदलपुर | 39.2 |
| दुर्ग | 45.6 |
| राजनांदगांव | 44.0 |

### रायपुर सबसे गर्म, पारा 45.7

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक शनिवार को राजधानी रायपुर सबसे अधिक गर्म रहा। यहां का तापमान 45.7 डिग्री दर्ज किया गया। रात भारी उमस वाली गर्मी के बाद सुबह से ही धूप ने अपना असर दिखाना शुरू किया था और दोपहर होने से पहले विभागीय स्तर पर ग्रीष्मलहर की चेतावनी जारी की गई थी। दोपहर दो बजने तक माहौल पूरी तरह गरमा गया और शहर की सड़कों में एक बार फिर आवाजाही कम हो गई थी। पिछले चौबीस घंटे में दिन की तरह रात का तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है।

## सातवें चरण में 62 प्रतिशत से अधिक मतदान

# आखिरी चरण में भी प. बंगाल में हिंसा, ईवीएम को पानी में फेंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को शाम पांच बजे तक 62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल के संदेशखालि क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच हिंसा की घटनाएं सामने आईं तथा कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी और धांधली की शिकायतें दर्ज की गईं।

जादवपुर में झड़प के दौरान देसी बम फेंके गए हैं वहीं, 24 परगना जिले में भीड़ ने ईवीएम को कथित तौर पर पानी में फेंक दिया। इस चरण में चंडीगढ़ की एक, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल की चार, यूपी की 13, बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की 3 सीट सहित 57 सीट पर मतदान हो रहा है।

### तालाब में फेंकी ईवीएम

सातवें चरण की वोटिंग शुरू होने के कुछ देर बाद खबर आई कि पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कुलताई में बूथ संख्या 40, 41 पर भीड़ ने कथित तौर पर ईवीएम और वीवीपैट मशीन को पानी में फेंक दिया है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक मतदाताओं को कथित तौर पर टीएमसी समर्थकों ने धमकाया जिससे भीड़ उत्तेजित हो गई और ईवीएम को तालाब में फेंक दिया।

### देसी बम फेंके गए

पश्चिम बंगाल के जादवपुर संसदीय क्षेत्र के भांगर में तृणमूल और आईएसएफ के समर्थकों के बीच टकराव हो गया। आरोप है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर देसी बम फेंके गए। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोनों गुटों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

### भाजपा-टीएमसी समर्थकों में झड़प

पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा ने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडों ने मतदाताओं को मतदान करने से रोका। टीएमसी ने पलटवार करते हुए पात्रा और भाजपा के गुंडों पर चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया। बसंती एक्सप्रेस हाईवे पर जब दोनों समूहों में झगड़ा हुआ, तो पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।

# सुशासन और विकास को लेकर छत्तीसगढ़ के रोड मैप पर मंथन

**छत्तीसगढ़ सरकार ने देश के जाने-माने विशेषज्ञों से किया विचार-विमर्श**

**साय सरकार की आईआईएम में सुशासन की दो दिवसीय पाठशाला**





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विष्णु देव साय सरकार की पहल पर ही आईआईएम ने बौद्धिक अनुप्रयोग का आयोजन किया। इसमें गुड गवर्नेंस से बेस्ट गवर्नेंस की ओर बढ़ने और सुशासन की संकल्पना को मूर्त रूप देते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए सरकार के विजन के संबंध में विषय-विशेषज्ञों से मंत्रियों ने विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमंडल के ⏭ शेष पेज 4 पर

### देशभर के विशेषज्ञ जुटे

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने आगामी 10 वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को एक नई ऊंचाई दी है। सामाजिक-आर्थिक विकास को लेकर छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं। देश की ⏭ शेष पेज 4 पर

## कमजोर वर्ग को देना होगा समानता का अधिकार, चूक के कारण धर्म परिवर्तन

*महाराज ने अमलेश्वर में पत्रकार वार्ता में कहा- प्रेम का नहीं जिहाद का विरोध*

# पं. प्रदीप मिश्रा बोले- सनातनी 4 बच्चे पैदा करें पूछा आपके कितने, कहा- मेरे तो केवल दो हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि खास**


शिवमहापुराण के चर्चित कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने सभी सनातनी हिन्दुओं से कहा कि वे चार बच्चे पैदा करें। महाराज से जब पूछा गया कि आपके कितने बच्चे हैं, तो उन्होंने कहा दो। वहीं चार बच्चों की पैरवी करते हुए उन्होंने कहा कि इन चार बच्चों में से दो को लोग अपने पास रखें, एक को सनातन धर्म की सेवा और एक को राष्ट्र सेवा में लगाएं। अगर एक ही बच्चा होगा, तो उसे अपने पास ही रखेंगे, ऐसे में हिन्दू ⏭ शेष पेज 4 पर

### माता-पिता की सहमति से करें विवाह

किए गए सवाल के जवाब में कहा कि धर्मांतरण का लेखा जोखा सरकार के पास है कि नहीं, यह तो उन्हें नहीं मालूम। सरकार इस ओर प्रयास जरूर करती है। अगर संविधान के हिसाब से चलेंगे तो भी धर्मांतरण रुक सकता है। आने वाले समय में केंद्र में जब सरकार बनेगी और सरकार से जुड़े लोग कथा में आएंगे, तो उनसे इस मामले में जरूर बात करेंगे। ⏭ शेष पेज 4 पर

### नक्सलियों से की मूलधारा में जुड़ने की अपील

तपती दोपहरी में कथा कितनी सार्थक? इसके जवाब में महाराज ने कहा कि लोग समर्पित भाव से शिव की आराधना करें, यह बताने के साथ ही सामर्थ के हिसाब से काम करने की सीख दी जाती है। शिव भक्त हर मौसम में कथा सुनने आते हैं। इसे देखते हुए श्रोता से अपने आसपास एक पौधा लगाने और उसे बड़ा करने की जिम्मेदारी निभाने के लिए सलाह ⏭ शेष पेज 4 पर



### कुछ गलती हमारी हम समानता का..

महाराज ने आगे कहा कि इसमें कुछ गलती हमारी भी है कि हम उन्हें समानता का अधिकार नहीं दे पाए। इसे समझाने का प्रयास भी नहीं किया, लेकिन अब हमें इस दिशा में प्रयास करने की जरूरत है। उनको समझाने का प्रयास करना शुरू करें, तो वे धर्म परिवर्तन भी छोड़ देंगे। बाबा बागेश्वर धाम को आड़े हाथों ⏭ शेष पेज 4 पर

**18वीं लोकसभा के लिए सभी सात चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। अंतिम चरण के मतदान के बाद अलग अलग एजेंसियों द्वारा किए गए एग्जिट पोल के अनुमानों में केंद्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनने जा रही है। अंतिम परिणाम चार जून को आएगा, इससे पहले अगर इस बार के आम चुनाव के प्रचार के दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दों का अवलोकन करें तो, बेरोजगारी, महंगाई, हिन्दू-मुस्लिम, राम मंदिर, मुस्लिम आरक्षण, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, जातीय जनगणना, पाकिस्तान, तुष्टिकरण आदि मुद्दे हावी रहे, लेकिन सामाजिक-आर्थिक सुधार और विकास की भावी रूपरेखा को लेकर सन्नाटा-सा छाया रहा। किसान कर्जमाफी और एमएसपी के आश्वासन भी 'सियासी' ही दिखे, क्योंकि ऐसी घोषणा वालों को भीतरी एहसास था कि उन्हें सत्ता में नहीं आना है। राजनीतिक दलों और नेताओं ने खूब आश्वासन बांटे, वादे भी परोसे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियां चर्चा में रहीं। विपक्ष के प्रवक्ता नेता आखिर तक देश को पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर सके कि वे चुनाव जीत रहे हैं। सारांश में रोटी, कपड़ा, मकान और बुनियादी न्याय पर यह चुनाव लड़ा गया, लेकिन मुद्दों का मजाक भी बनता रहा। पूरे चुनाव के दौरान दलों की ओर से कोई ठोस, निश्चित 'राष्ट्रीय विज़न' पेश नहीं किया गया। आखिर नई संसद और सरकार किन मुद्दों के आधार पर देश को संचालित करेंगे। इस बार के आम चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान पक्ष व विपक्ष के दलों के वादों, मुद्दों, कटाक्षों और व्यक्तिगत हमलों का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# मोदी के इर्द-गिर्द ही रहा चुनाव अभियान



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**दरअसल यह आम चुनाव प्रधानमंत्री मोदी का ही रहा। चुनाव या तो उनके पक्ष अथवा विरोध का रहा। प्रधानमंत्री मोदी के इर्द-गिर्द ही चुनाव केंद्रित रहा। 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'अब की बार, 400 के पार' मानने और हुंकार भरने वालों की बड़ी संख्या रही, तो मोदी से नफरत करने वाले समूह भी अपने दुराग्रहों पर जमे रहे। चुनावी मुद्दा यह था कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे या उन्हें सत्ता के बाहर कर दिया जाएगा। यह चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम मुद्दों का रहा। विपक्ष ने मुद्दे जरूर उठाए, लेकिन उन्हें जनता तक पहुंचाने में वे नाकाम रहे। 'इंडिया' गठबंधन तो न्यूनतम कार्यक्रम तक नहीं बना पाया। गांवों तक एक भ्रामक प्रचार फैलाने में विपक्ष सफल रहा कि संविधान बदल दिया जाएगा।**

अठारहवीं लोकसभा के लिए आम चुनाव सम्पन्न हो गया। करीब 60 करोड़ भारतीयों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया और नई संसद के लिए जनादेश दिया। इस बार 1.80 करोड़ नए, युवा मतदाता भी जोड़े गए। हैरानी है कि अधिकांश चुनाव के प्रति उदासीन रहे। राजनीतिक दलों और नेताओं ने खूब आश्वासन बांटे, वादे भी परोसे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियां चर्चा में रहीं। उन्हें कसौटी पर परखा जा चुका है, लेकिन जनादेश घोषित होने के बाद उनकी नई अग्निपरीक्षा होगी। चुनाव के दौरान बेरोज़गारी, महंगाई, हिन्दू-मुस्लिम, राम मंदिर, मुस्लिम आरक्षण, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, जातीय जनगणना, पाकिस्तान, तुष्टिकरण आदि ढेरों मुद्दे उठाए गए, लेकिन सामाजिक-आर्थिक सुधार और भावी रूपरेखा को लेकर सन्नाटा-सा छाया रहा। किसान कर्जमाफी और एमएसपी के आश्वासन भी 'सियासी' रहे, क्योंकि ऐसी घोषणा वालों को भीतरी एहसास था कि उन्हें सत्ता में नहीं आना है। अलबत्ता प्रधानमंत्री किसानों के लिए किए गए प्रयासों की चर्चा जरूर करते रहे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'खटाखट' गरीबी हटाने और 'टकाटक' संसदीय सीटें जीतने की हास्यास्पद पैरोडी जरूर पेश की। इसी तर्ज पर 'फटाफट' और 'गटागट' के जरिये विपक्ष ने खुद पर ही तंज कसे, लेकिन विपक्ष के प्रवक्ता नेता आखिर तक देश को पूरी तरह आश्वस्त नहीं कर सके कि वे चुनाव जीत रहे हैं। सारांश में रोटी, कपड़ा, मकान और बुनियादी न्याय पर यह चुनाव लड़ा गया, लेकिन मुद्दों का मज़ाक बनता रहा। विपक्ष ने मतदान के तीसरे चरण से यह राग अलापना शुरू किया कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा देश का संविधान बदल देंगे और लोकतंत्र समाप्त हो जाएगा, लेकिन पूरे चुनाव के दौरान कोई ठोस, निश्चित 'राष्ट्रीय विज़न' पेश नहीं किया गया। आखिर नई संसद और सरकार किन मुद्दों के आधार पर देश को संचालित करेंगे।

## पक्ष अथवा विरोध

दरअसल यह आम चुनाव प्रधानमंत्री मोदी का ही रहा। चुनाव या तो उनके पक्ष अथवा विरोध का रहा। प्रधानमंत्री मोदी के इर्द-गिर्द ही चुनाव केंद्रित रहा। 'मोदी है तो मुमकिन है' और 'अब की बार, 400 के पार' मानने और हुंकार भरने वालों की बड़ी संख्या रही, तो मोदी से नफरत करने वाले समूह भी अपने दुराग्रहों पर जमे रहे। चुनावी मुद्दा यह था कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे या उन्हें सत्ता के बाहर कर दिया जाएगा। यह चुनाव प्रधानमंत्री मोदी बनाम मुद्दों का रहा। विपक्ष ने मुद्दे जरूर उठाए, लेकिन उन्हें गंभीरता से जनता तक पहुंचाने में वे नाकाम, असहाय रहे। 'इंडिया' गठबंधन तो न्यूनतम कार्यक्रम तक नहीं बना पाया। हालांकि गांवों तक एक भ्रामक प्रचार फैलाने में विपक्ष सफल रहा कि संविधान बदल दिया जाएगा। संविधान बदला गया, तो आरक्षण की व्यवस्था भी समाप्त हो जाएगी। संभवतः 2024 अंतिम चुनाव साबित होगा, क्योंकि उसके बाद संसदीय चुनाव 'एकाधिकारवाद' के तहत होंगे। ग्रामीण जनता ने इस दुष्प्रचार पर कुछ यकीन भी किया, नतीजतन प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पलटजवाब देते हुए देश को भरोसा बांटते रहे कि अब बाबा आंबेडकर भी संविधान को बदल नहीं सकते। संविधान और लोकतंत्र पर विपक्षी दुष्प्रचार हास्यास्पद और बेमानी था, क्योंकि भारत कोई 'केला गणतंत्र' नहीं है। यह चुनाव मोदी आधारित इसलिए भी रहा, क्योंकि कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के नेता प्रधानमंत्री के खिलाफ नफरत की हद तक प्रचार करते रहे, लिहाजा भाषा की मर्यादाएं भी टूटीं।



## मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा

दरअसल चुनाव के दौरान मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा घोर प्रबल रहा। दूसरी ओर युवा चेहरे बेरोज़गारी को लेकर चिन्ता और आक्रोश जताते रहे, लेकिन बेरोजगारी देश का जनादेश तय नहीं कर पाई। चुनाव के शुरुआत में एक डाटा सार्वजनिक किया गया कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान 51.40 करोड़ रोज़गार सृजित किए। इनमें नौकरियां, स्वरोज़गार और निजी क्षेत्र में दिहाड़ीदार रोज़गार भी शामिल हैं। यह भी दावा किया गया कि 43 करोड़ से अधिक लोगों को 'मुद्रा लोन' दिए गए। जाहिर है कि वह भी रोज़गार का एक हिस्सा है। सरकार की 12 प्रमुख परियोजनाओं के तहत 19.79 करोड़ को रोज़गार दिया गया। दलील दी गई कि यदि यूपीए सरकार मनरेगा दिहाड़ी को रोज़गार मानती थी, तो मोदी सरकार के दौरान ऐसे अवसरों को रोज़गार क्यों नहीं माना जाना चाहिए? इन दावों के विपरीत देश में बेरोज़गारी का संकट बदतर होता जा रहा है। सरकार कुछ भी दावा करे, लेकिन आम चुनाव के 6 चरणों तक केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र सरीखे सम्पन्न राज्यों से लेकर बिहार, ओडिशा, राजस्थान जैसे अपेक्षाकृत गरीब राज्यों तक बेरोज़गारी सबसे बड़ी चीख रही है। 7वें चरण के प्रचार में भी ये मसले रहे। सीएसडीएस-लोकनीति के सर्वे में यह निष्कर्ष भी सामने आया कि 29 फीसदी से अधिक लोग बेरोज़गारी को सबसे बड़ा मुद्दा मानते हैं। 'आवधिक श्रम बल सर्वे' के ताज़ा डाटा के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में बेरोज़गारी, 15-29 साल के आयु-वर्ग में 17 फीसदी से अधिक रही है। बेशक जीडीपी दर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 8.2 फीसदी बताई जा रही है, जो दुनिया के देशों में सर्वाधिक है, लेकिन वर्तमान कॉरपोरेटी आर्थिक मॉडल में अमीर ज्यादा अमीर हो रहे हैं और मजदूर, किसान और कामगार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है।

## अल्पसंख्यक दर्जा कांग्रेस का पुराना खेल

मुस्लिम आरक्षण 2024 के चुनाव का ही मुद्दा नहीं था, बल्कि इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कालखंड से हुई, जब नेहरू मुस्लिम आरक्षण का कोई प्रस्ताव पारित कराना चाहते थे। सरदार पटेल की आपत्ति और उनके आग्रह के कारण वह पारित नहीं हो पाया, लेकिन कांग्रेस सरकारों के दौरान 13,000 से अधिक स्कूलों को 'अल्पसंख्यक दर्जा' दिया गया और उनमें दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण की व्यवस्था नहीं रखी गई। बाद में ऐसा अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी आदि में लागू किया गया। कांग्रेस ने केरल, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश में मुसलमानों को आरक्षण दिया। इसका उल्लेख 2009 के कांग्रेस घोषणा-पत्र में है। अब 2024 के चुनाव कांग्रेस इसी धार्मिक विभाजन पर लड़ना चाहती थी और देशभर में मुस्लिम आरक्षण लागू करना चाहती थी। यह दीगर है कि जीत की उसे उम्मीद नहीं थी। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी चुनाव भर मुस्लिम आरक्षण का विरोध करते रहे। उन्होंने बार-बार कहा कि जब तक मोदी जिंदा है, तब तक दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण छीनने नहीं देगा।' कमोबेश चुनाव में हिन्दू-मुसलमान के नाम पर ध्रुवीकरण और लामबंदी इसी मुद्दे के कारण हुई। इसमें राम मंदिर का भी योगदान अहम है, क्योंकि भाजपा काडर की टीमें कई बार घर-घर गई हैं और राम के नाम पर वोट मांगे हैं।

## एक चुनाव रणनीति पर काम

भाजपा ने एक चुनाव-रणनीति पर काम किया था। वह चुनाव को प्रधानमंत्री मोदी के विशेष कार्यक्रमों से जोड़ कर लाभ लेना चाहती थी। उसके लिए अलग-अलग लाभार्थी समूह तैयार किए गए। 'मुफ्त आवास' से ही 1.18 करोड़ परिवार लाभार्थी माने गए हैं। रणनीति थी कि ऐसे प्रत्येक घर से औसतन 2 वोट जरूर हासिल किए जाएं। मोदी सरकार 80 करोड़ से अधिक गरीबों को 'मुफ्त राशन' बांटती रही है। रणनीति थी कि यदि 50 फीसदी लाभार्थी भी भाजपा को वोट देते हैं, तो 40 करोड़ वोट मिल सकते हैं, लेकिन लक्ष्य तय किया गया था कि कमोबेश 25 फीसदी ऐसे लाभार्थी जरूर वोट करें। इसी रणनीति के आधार पर प्रधानमंत्री और भाजपा नेता चुनाव के अंत तक 400 पार के लक्ष्य से पीछे नहीं हटे। दूसरी ओर कांग्रेस ने एक अंदरूनी सर्वे कराया था, जिसकी रपट 1 जून के अंतिम चरण के मतदान से पहले सामने आई है। उसमें खुद कांग्रेस 100-115 सीट जीतने की मान रही है। स्पष्ट बहुमत के आंकड़े 273 तक पहुंचने के लिए शेष संख्या कहां से आएगी? अलबत्ता राहुल गांधी अंत तक दावा करते रहे कि जीत निश्चित है। क्लीन स्वीप होगा। जीतने वाली सीटों की ऐसी लाइन लगेगी कि टकाटक, टकाटक....! और फिर मोदी जी तथा भाजपा को बाय, बाय। टाटा...! बहरहाल किस पक्ष की कितनी सीटें आएंगी, कौन बहुमत आसानी से पा कर लेगा, इसकी भविष्यवाणी नहीं हो सकती। चुनाव का 'एग्जिट पोल' देश के सामने है। यह कुछ विशेषज्ञों का अनुमान भर है, जो पूरी तरह गलत भी साबित होता रहा है। फिर भी चुनावी लहर और हवा की दिशाओं का कुछ खुलासा तो हुआ है। गंभीर सवाल है कि यदि कांग्रेस और 'इंडिया' अपनी बहुमती जीत के प्रति आश्वस्त थे, तो खासकर कांग्रेस ने एग्जिट पोल का बहिष्कार क्यों किया? बहस से क्यों भाग गई?

## सवाल या संदेह नहीं

चुनाव आयोग की निष्पक्षता, ईमानदारी, तटस्थता और व्यापकता पर कोई सवाल या संदेह नहीं है। सर्वोच्च अदालत के सामने भी मामला गया था, जिसने हस्तक्षेप या आयोग का आधार बड़ा करने का कोई फैसला सुनाने से इंकार कर दिया। चुनाव आयोग लंबे मतदान कार्यक्रम पर पुनर्विचार जरूर करे। लोकसभा का कार्यकाल मई-जून तक है, तो चुनाव अप्रैल तक सम्पन्न कराए जा सकते हैं। आयोग के पास बजट और मानव-बल की कोई कमी नहीं। प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन आ जाता है। हम इतने तकनीक सम्पन्न भी हो चुके हैं कि कम अवधि में ज्यादा बड़ा चुनाव सम्पन्न करा सकते हैं। अगले संसदीय चुनाव तक ईवीएम का भी पर्याप्त बंदोबस्त किया जा सकता है। चूंकि जलवायु-परिवर्तन के कारण मौसम भी बदल रहा है। हमने पहली बार देखा है कि तापमान 50-52 डिग्री सेल्सियस तक उछल गया है। गर्मी-लू से देशभर में करीब 60 मौतें हो चुकी हैं। मतदान भी प्रभावित हुआ है। क्या मतदान 4-5 चरण में नहीं हो सकते? क्या पहले ऐसा नहीं किया गया है? कमोबेश उन स्थितियों से आज हम ज्यादा प्रगति पर हैं। आयोग जरूर सोचे।

# दिलचस्प है एग्जिट पोल का इतिहास



हकीकत
योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश में कोई भी आम चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद लगभग सभी टीवी चैनल एग्जिट पोल का प्रसारण करते हैं, जिनमें अनुमान लगाया जाता है कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिलने की संभावना है और किसकी सरकार बनने जा रही है। लेकिन कई बार एग्जिट पोल जमीनी हकीकत से कोसों दूर भी नजर आते रहे हैं। पिछले कई चुनावों में एग्जिट पोल के अनुमान के विपरीत नतीजे रहे हैं। भारत में एग्जिट पोल का इतिहास ज्यादा सटीक नहीं रहा है।

## एग्जिट पोल का वैज्ञानिक आधार

एग्जिट पोल वास्तव में कुछ और नहीं बल्कि वोटर का केवल रुझान ही होता है, जिसके जरिये अनुमान लगाया जाता है कि नतीजों का झुकाव किस ओर हो सकता है। एग्जिट पोल के दावों का ज्यादा वैज्ञानिक आधार नहीं माना जाता है। एग्जिट पोल में प्रायः मीडिया से आ रही खबरों, चुनाव का इतिहास और हवा के रुख का घालमेल भी शामिल रहता है। दुनियाभर में अधिकांश लोग एग्जिट पोल को विश्वसनीय नहीं मानते।

## एग्जिट पोल से सटीक होते हैं पोस्ट पोल

मतदाताओं की राय जानने के लिए 'ओपिनियन पोल' और 'पोस्ट पोल' भी किए जाते हैं। एग्जिट पोल हालांकि ओपिनियन पोल का ही हिस्सा होते हैं, किन्तु ये मूल रूप से ओपिनियन पोल से अलग होते हैं। ओपिनियन पोल में मतदान करने और न करने वाले सभी प्रकार के लोग शामिल हो सकते हैं। ओपिनियन पोल के परिणामों के लिए चुनावी दृष्टि से क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर जनता की नब्ज टटोलने का प्रयास किया जाता है और क्षेत्रवार यह जानने की कोशिश की जाती है कि जनता किस बात से नाराज और किस बात से संतुष्ट है। इसी आधार पर ओपिनियन पोल में अनुमान लगाया जाता है कि जनता किस पार्टी या किस प्रत्याशी का चुनाव करने जा रही है। ओपिनियन पोल को ही 'प्री-पोल' भी कहा जाता है।

## कब शुरू हुआ सर्वे का सिलसिला

जहां तक चुनावी सर्वेक्षणों के इतिहास की बात है तो सबसे पहले अमेरिका में चुनावी सर्वे कराया गया था, जब अमेरिकी सरकार के कामकाज पर लोगों की राय जानने के लिए जॉर्ज गैलप और क्लॉड रोबिंसन ने इस विधा को अपनाया था, जिन्हें ओपिनियन पोल सर्वे का जनक माना जाता है। चुनाव उपरांत उन्होंने पाया कि उनके द्वारा एकत्रित किए गए सैंपल तथा चुनाव परिणामों में ज्यादा अंतर नहीं था। उनका यह तरीका काफी विख्यात हुआ। इससे प्रभावित होकर ब्रिटेन तथा फ्रांस ने भी इसे अपनाया और बहुत बड़े स्तर पर ब्रिटेन में 1937 जबकि फ्रांस में 1938 में ओपिनियन पोल सर्वे कराए गए। इन देशों में भी ओपिनियन पोल के नतीजे बिल्कुल सटीक साबित हुए थे। जर्मनी, डेनमार्क, बेल्जियम तथा आयरलैंड में जहां चुनाव पूर्व सर्वे करने की पूरी छूट है, वहीं चीन, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको इत्यादि कुछ देशों में इसकी छूट तो है किन्तु कुछ शर्तों के साथ। एग्जिट पोल को लेकर माना जाता है कि इनकी शुरूआत नीदरलैंड के समाजशास्त्री तथा पूर्व राजनेता मार्सेल वॉन डैम द्वारा की गई थी, जिन्होंने पहली बार 15 फरवरी 1967 को इसका इस्तेमाल किया था और उस समय नीदरलैंड में हुए चुनाव में उनका आकलन बिल्कुल सटीक रहा था। जहां तक भारत की बात है तो हमारे यहां 1960 में ही एग्जिट पोल का खाका खींच दिया गया था। तब 'सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज (सीएसडीएस) द्वारा इसे तैयार किया गया




था। भारत में एग्जिट पोल की शुरूआत का श्रेय इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन के प्रमुख एरिक डी कोस्टा को दिया जाता है। शुरूआत में देश में सबसे पहले इन्हें पत्रिकाओं के माध्यम से प्रकाशित किया गया जबकि बड़े परदे पर चुनावी सर्वेक्षणों ने 1996 में उस समय दस्तक दी, जब दूरदर्शन ने सीएसडीएस को देशभर में एग्जिट पोल कराने के लिए अनुमति प्रदान की। 1998 में चुनाव पूर्व सर्वे अधिकांश टीवी चैनलों पर प्रसारित किए गए और तब ये बहुत लोकप्रिय हुए थे लेकिन कुछ राजनीतिक दलों द्वारा इन पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग पर 1999 में चुनाव आयोग द्वारा ओपिनियन पोल तथा एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसके बाद एक अखबार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले को निरस्त कर दिया।

## मतदान के बाद ही क्यों?

एग्जिट पोल सदैव मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिखाए जाते हैं। मतदान खत्म होने के कम से कम आधे घंटे बाद तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता। इनका प्रसारण तभी हो सकता है, जब चुनावों की अंतिम दौर की वोटिंग खत्म हो चुकी हो। ऐसे में यह जान लेना जरूरी है कि आखिर एग्जिट पोल के प्रसारण-प्रकाशन की अनुमति मतदान प्रक्रिया के समापन के पश्चात ही क्यों दी जाती है? जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 126ए के तहत मतदान के दौरान ऐसा कोई कार्य नहीं होना चाहिए, जो मतदाताओं के मनोविज्ञान पर किसी भी प्रकार का प्रभाव डाले अथवा मत देने के उनके फैसले को प्रभावित करे। यही कारण है कि मतदान से पहले या मतदान प्रक्रिया के दौरान एग्जिट पोल सार्वजनिक नहीं किए जा सकते बल्कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के आधे घंटे बाद ही इनका प्रकाशन या प्रसारण किया जा सकता है। अधिकांश मीडिया संस्थान कुछ प्रोफेशनल एजेंसियों के साथ मिलकर एग्जिट पोल करते हैं। ये एजेंसियां मतदान के तुरंत बाद मतदाताओं से यह जानने का प्रयास करती हैं कि उन्होंने अपने मत का प्रयोग किसके लिए किया है और इन्हीं आंकड़ों के आधार पर यह जानने का प्रयास किया जाता है कि कहां से कौन जीत रहा है। इस आधार पर किए गए सर्वेक्षण से जो व्यापक नतीजे निकाले जाते हैं, उसे ही 'एग्जिट पोल' कहा जाता है। चूंकि इस प्रकार के सर्वे मतदाताओं की एक निश्चित संख्या तक ही सीमित रहते हैं, इसलिए एग्जिट पोल के अनुमान हमेशा सही साबित नहीं होते, उत्सुकता जरूर पैदा करता है।

### हमले व कटाक्ष के लिए याद रखा जाएगा

लोकसभा चुनाव प्रचार के 76 दिनों के दौरान नेताओं ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हमला व कटाक्ष करने के लिए जिस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल किया उसके लिए इस आम चुनाव को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। इस चुनाव में 'विष गुरु', 'अनुभवी चोर', 'दो शहजादे' के अलावा 'मंगलसूत्र, मुजरा, मटन, मछली' सहित कई ऐसे शब्दों के जरिए आरोपों और प्रत्यारोपों का दौर चला, जिसने खूब सुर्खियां बटोरीं। साथ ही इन पर मीडिया के विभिन्न मंचों पर चर्चा हुई तथा इनके पक्ष व विपक्ष में तर्क भी गढ़े गए। इन वजहों से लोकसभा चुनाव की सरगर्मी पहले चरण से लेकर आखिरी चरण तक बनी रही। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'अडाणी और अंबानी से टेम्पो में नकदी' मिलने पर उनकी टिप्पणी के मद्देनजर कटाक्ष करते हुए उन्हें "टेम्पो वाले अरबपतियों" का एक "कठपुतली राजा" बताया था। मोदी ने उत्तर प्रदेश में एक चुनावी रैली में कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए 'दो शहजादे' एक साथ आए हैं। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन यह राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर एक स्पष्ट हमला था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चुनावी रैलियों में मोदी के भाषणों को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया उससे लगता है कि वह 'विश्व गुरु' नहीं बल्कि 'विष गुरु' हैं। रमेश ने अग्निपथ योजना को लेकर भाजपा पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री को 'स्व-घोषित भगवान' करार दिया। एक टीवी साक्षात्कार के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि 'अनुभवी चोर' जानता है कि कैसे सफाई की जाती है। मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए 'मुजरा' करने का आरोप लगाया और विपक्षी समूह द्वारा दलितों और पिछड़े वर्गों के आरक्षण को लूटने के प्रयासों को विफल करने का संकल्प लिया।

# दंगल में किसका होगा मंगल



आंकलन
राज कुमार सिंह
राजनीतिक विश्लेषक

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव में मतदान के बीच ही सत्तापक्ष और विपक्ष ने जिस तरह बहुमत मिल जाने के दावे किए, वह आत्मविश्वास से ज्यादा अनिश्चितता का संकेतक लगता है। पिछले साल कर्नाटक विधानसभा चुनाव बजरंग बली के नाम पर लड़े गए थे। लोकसभा चुनावों में बजरंग बली का नाम ज्यादा सुनाई नहीं पड़ा। शायद इसलिए कि उनके आराध्य श्रीराम को ही चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश की गई। अयोध्या में निर्माण और उसमें राम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने लोकसभा चुनावों में क्या भूमिका निभाई, उसका पता भी चार जून को चल पाएगा। सात चरणों में मतदान के बीच ही चुनावों में जिस तरह मुद्दे बदले गए, उनसे भी राजनीतिक दलों की रणनीति के बजाय दिग्भ्रम का ही संकेत गया। यह दिग्भ्रम दोनों पक्षों में दिखा। दस साल के शासन को विकास का ट्रेलर मात्र बताने वाली भाजपा ने भी चुनाव में राम से लेकर पाकिस्तान तक और मटन-मछली से ले कर मंगलसूत्र तक तमाम मुद्दे आजमाये, शायद इसलिए कि आश्वस्त नहीं थी कि कौन-सा मुद्दा मतदाताओं के मन पर प्रभाव छोड़ पाएगा।

## इन मुद्दों से शुरूआत

इंडिया गठबंधन के बैनर तले एकजुट कांग्रेस समेत 26 विपक्षी दलों ने चुनाव प्रचार की शुरूआत नरेंद्र मोदी सरकार के अच्छे दिन आने, हर साल दो करोड़ नौकरियां देने और विदेशों में जमा काला धन वापस लाकर हर भारतीय के खाते में 15-15 लाख देने जैसे अधूरे वादों तथा महंगाई और बेरोजगारी जैसे जनता से सीधे जुड़े मुद्दों से की थी, लेकिन वह भी बीच मतदान अरबपति मित्र, आरक्षण और संविधान जैसे मुद्दों को आजमाता नजर आया। सत्तापक्ष की तरह विपक्ष भी असमंजस का शिकार था कि पता नहीं कौन से मुद्दे मतदाता का मन मोह पाएंगे। मतदाता द्वारा अपने मन की थाह न देना उसकी और लोकतंत्र की परिपक्वता की निशानी है, लेकिन उसकी मुश्किलें और जरूरतें भी न समझ पाना राजनीति के जनता से कट जाने का प्रमाण है। जन संपर्क से रोड शो में सिमट गई राजनीति की यही सीमाएं हैं कि वह मतदाता का मन पढ़ने के बजाय मोहने का प्रयास करती है। कार्यकर्ताओं और प्रतिबद्ध समर्थकों से इतर आम मतदाता इन चुनावों में जोर-शोर से उठाए गए मुद्दों पर भी प्रतिक्रिया देता नहीं दिखा। इसी से राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ी, जिसे वह चुनाव के बीच ही बहुमत मिल जाने का दावा कर छिपाने की कोशिश करते दिखे।



## लहर नहीं दिखी

साफ कहें तो मतदान के बीच भी मुद्दों के बदलाव के बावजूद इन लोकसभा चुनावों में किसी दल या पक्ष की लहर नहीं दिखी। शायद 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इन चुनावों में यही बड़ा बदलाव है। ये चुनाव मतदाता के अपने मुद्दों तथा स्थानीय समीकरणों पर ज्यादा केंद्रित दिखे। जाहिर है, हवा बना कर राजनीति करने वाले दलों-नेताओं को यह अच्छा नहीं लगा होगा, पर पांच साल में चुनाव ही तो वह अवसर है, जब मतदाता वह करते हैं, जो उन्हें अच्छा और सही लगता है। अगर मतदाताओं के मुद्दों और स्थानीय समीकरण पर इन चुनावों का आकलन करें तो कह पाना बहुत मुश्किल है कि इस चुनावी दंगल में मंगलवार को किसका मंगल होने जा रहा है। इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता कि भाजपा सबसे बड़ा और मजबूत राजनीतिक दल है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लोकप्रिय राजनेता। फिर भी भाजपा के लिए 370 और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए 400 सीटों का लक्ष्य बहुत दूर की कौड़ी लगती है। इसके बावजूद यह तय है कि भाजपा ही सबसे बड़ा दल होगी।

## कारण भी बहुत स्पष्ट

अपने प्रभाव क्षेत्रों में भाजपा 2014 और 2019 में अपना लगभग सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी है। फिर उद्धव ठाकरे की शिवसेना और सुखबीर सिंह बादल के शिरोमणि अकाली दल के अलगाव के बाद राजग भी पहले जितना मजबूत नहीं रह गया है। गिनती के लिहाज से राजग का कुनबा भले ही बढ़ा हो, पर ताकत घटी है। कभी इंडिया गठबंधन के सूत्रधार रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड की राजग में वापसी विपक्ष के लिए बड़ा झटका था, लेकिन उसके बावजूद वहां से 40 में से 39 लोकसभी सीटें जीत लेने की खुशफहमी खुद भाजपा को भी नहीं है। कर्नाटक में सत्ता में रहते हुए 2019 में भाजपा ने समर्थित निर्दलीय समेत 28 में से 26 लोकसभा सीटें जीत ली थीं। अब वहां कांग्रेस सरकार है। राजस्थान में सरकार बना लेने के बावजूद पहले की तरह सभी 25 लोकसभा सीटें जीतने का दावा भाजपा नेता निजी बातचीत में नहीं करते। हरियाणा में सभी 10 सीटें जीत पाना इस बार संभव नहीं दिखता। सात सीटों वाली दिल्ली में भी झटका लग सकता है। जनवरी में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा और फिर अचानक जयंत चौधरी के रालोद के पाला बदल कर राजग में चले जाने से ऐसा लगा था कि भाजपा अन्य राज्यों में होने वाले नुकसान की भरपाई उत्तर प्रदेश से कर लेगी। ध्यान रहे कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 2014 में 71 और 2019 में 62 जीती थीं, लेकिन बाद में जिस तरह मुद्दे बदलने पड़े और सपा-कांग्रेस गठबंधन ने समीकरणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया, उससे वह भरपाई मुश्किल दिख रही है। ऐसे में सीटों के संभावित नुकसान की भरपाई की भाजपाई उम्मीदें तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और असम जैसे राज्यों पर टिक गई हैं, पर वहां भी संभावनाएं सीमित हैं। बंगाल में भाजपा की चुनौती 18 सीटें बरकरार रखना या एक-दो सीट की वृद्धि ही लगती है। अगर विपक्ष का यह दावा सही हुआ कि चुनाव उसने नहीं, जनता ने लड़ा है, तब तमाम आकलन बेमानी साबित हो सकते हैं।



# शाहरुख ने शुरू की 'किंग' की शूटिंग?

**मुंबई।** साल 2023 शाहरुख खान के लिए सबसे खास रहा। पूरे साल बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख की फिल्मों का जादू चला। बीते साल रिलीज हुई अभिनेता की तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' ने दर्शकों का दिल जीता, जिसके बाद से प्रशंसक बेसब्री से अब उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, शाहरुख की अगली फिल्म 'किंग' है, जिसमें वे अपनी बेटी सुहाना के साथ अभिनय करते नजर आएंगे। उन्होंने सुजॉय घोष के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'किंग' पर काम करना शुरू कर दिया है।

लाइफ Style



# डेजी
## शादी की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में ई-टाइम्स के साथ बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब कोई अफवाह शादी तक पहुंच गई हो। इससे पहले भी ऐसी खबरें आती रही हैं। शिव और मेरे बीच कुछ भी नहीं है। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं।


शिव ठाकरे आज छोटे पर्दे का एक जाना-माना नाम बन गए हैं। वो बिग बॉस 16 में दिखाई दिए थे और सलमान खान के इस रियलिटी शो ने उन्हें अच्छी पहचान दिलाई। इसके बाद वह खतरों से खेलते हुए रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 13' में नजर आए। इस शो में उनकी पहचान एक्ट्रेस डेजी शाह से हुई। शो के दौरान दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। कई लोगों ने इनका बॉन्ड देखकर यह कयास लगाने शुरू कर दिए कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर कई बार एक्ट्रेस अपनी राय रख चुकी हैं। अब एक बार फिर उन्होंने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में ई-टाइम्स के साथ बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब कोई अफवाह शादी तक पहुंच गई हो। इससे पहले भी ऐसी खबरें आती रही हैं। शिव और मेरे बीच कुछ भी नहीं है। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं। अफवाहें इसलिए उड़ रही हैं, क्योंकि एक समय था जब मैं इस इंडस्ट्री में आई थी, सब मेरे लिए बहुत नया था और किसी ने मेरा हाथ थामा और मुझे गाइड किया। इसके आगे एक्ट्रेस ने बात करते हुए कहा कि जब मैं शिव से मिली, तो उन्होंने मुझे रियलिटी शो में बारे में बताया।

## हॉलीवुड मसाला




# कैंसिल किया अपना समर टूर

**लॉस एंजिलिस।** जेनिफर लोपेज ने अपना 2024 का समर टूर कैंसिल कर दिया है। जेनिफर के टूर प्रमोटर ने इसकी जानकारी दी 'जिसमें उन्होंने लिखा 'जेनिफर अपने बच्चों परिवार और करीबी दोस्तों के साथ रहने के लिए समय निकाल रही हैं।' जेनिफर ने अपनी सिंगिंग और एक्टिंग के दम पर खुद को हॉलीवुड इंडस्ट्री में स्थापित किया है। टूर अचानक कैंसिल हो जाने पर जेनिफर के फैंस उनसे नाराज हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं।




# जेम्स कैमरून को तगड़ा झटका...

**लंदन।** जेम्स कैमरून और अन्य बड़े नामों द्वारा समर्थित 950 मिलियन डॉलर के यूके फिल्म स्टूडियो को योजना की अनुमति से इनकार कर दिया गया है। बकिंघमशायर काउंसिल ने अपने योजना अधिकारियों की एक सिफारिश का समर्थन किया कि मार्लो फिल्म स्टूडियो की योजनाओं को अस्वीकार कर दिया जाए। अभियान समूहों ने पहले तर्क दिया था कि मार्लो खदान क्षेत्र की योजनाएं अनुपयुक्त थीं और इस क्षेत्र में विकास महीनों से विवादास्पद साबित हुआ है। मार्लो टाउन काउंसिल के नेता ने पहले कहा था कि वह और साथी सदस्य परियोजना के कथित समर्थन के लिए अपमानजनक दुर्व्यवहार प्राप्त करने के बाद कानूनी सलाह ले रहे थे।



# अर्जुन कपूर से नहीं हुआ ब्रेकअप...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और एक्टर अर्जुन कपूर शुक्रवारतब चर्चा में आए जब दोनों के ब्रेकअप की खबर सामने आई। मलाइका और अर्जुन बहुत लंबे वक्त से एक हेल्दी रिलेशनशिप में हैं। हालांकि, ब्रेकअप की खबरों पर कपल की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई थी। अब एक्ट्रेस मलाइका की मैनेजर ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि यह सब अफवाह है। बता दें, शुक्रवार को पिंकविला ने एक रिपोर्ट छापी थी कि अर्जुन और मलाइका दोनों का ब्रेकअप हो गया है। दोनों ने सालों बाद अपनी-अपनी राहें अलग कर ली हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि कपल को इस इमोशनल टाइम से डील करने के लिए स्पेस दिया जाए। कल खबर आई थी कि मलाइका और अर्जुन के बीच बेहद स्पेशल रिलेशनशिप था और दोनों एक दूसरे के दिल में एक खास जगह बनाए रखेंगे।



# सोनू की फतेह में हुई नसीरुद्दीन की एंट्री

**नई दिल्ली।** फिल्म फतेह को लेकर काफी समय से एक्टर सोनू सूद का नाम लाइमलाइट में बना हुआ है। इस फिल्म का धमाकेदार टीजर रिलीज किया जा चुका है, जिसे दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी सराहा है। इस बीच फतेह में हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। जिसको लेकर सोनू ने सोशल मीडिया पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। शनिवार को सोनू सूद ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में सोनू और नसीरुद्दीन शाह एक साथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है- नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है।

# कपिल के साथ फिर जमेगी अली असगर की जोड़ी!

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। शो में कई मशहूर हस्तियां अपने काम और निजी जिंदगी से जुड़े अनुभव साझा करते हुए नजर आती हैं। अब हाल ही में, खबर आ रही है कि अली असगर भी जल्द ही इस शो का हिस्सा बनने वाले हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू में जब अली असगर से पूछा गया कि क्या वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हिस्सा बनने वाले हैं तो इस पर कॉमेडियन ने कहा कि उन्होंने कपिल का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं देखा है, क्योंकि वह बहुत यात्रा कर रहे हैं। कुछ फिल्मों पर काम कर रहे हैं और लंबे दौरे पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि यह सबसे अच्छी टीमों में से एक है, इसलिए शो वास्तव में अच्छा होगा। कपिल शर्मा के साथ फिर से जुड़ने के बारे में बात करते हुए अली ने कहा, 'ये तो दर्शकों का प्यार है कि वे हमेशा लिखते रहते हैं कि वे मुझे शो में वापस देखना चाहते हैं। मैं भगवान का और दर्शकों का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मेरा काम पसंद किया। मैं कपिल का भी शुक्रगुजार हूं कि मैं ऐसे शो का हिस्सा था। मुझे भविष्य के बारे में नहीं पता, लेकिन अभी मैं अपने चैट शो 'चड्डी बडी' में व्यस्त हूं।



# 'किस ऑफ द कॉन क्वीन' का ट्रेलर हुआ जारी....

**मुंबई।** अभिनेता रवि पटेल स्टारर फिल्म 'किस ऑफ द कॉन क्वीन' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। ये फिल्म आरोपी धोखेबाज हरगोबिंद ताहिलरमानी के जीवन से प्रेरित है। रवि पटेल फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे। टॉम वालर के निर्देशन में बनी ये फिल्म आयरिश लेखक और अभिनेता इयोन ओ'ब्रायन और ताहिलरमानी के साथ उनके अनुभवों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इयोन ओ'ब्रायन और पैट्रिक बर्गिन भी इसमें मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टॉम ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब इयोन ओ'ब्रायन ने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, तो मुझे पता था कि यह मेरी अगली फिल्म होगी। यह शुरू से लेकर अंत तक एक ऐसा पेज-टर्नर था, जो भावनाओं का एक वास्तविक रोलरकोस्टर था।' वालर ने कहा, 'फैक्ट यह है कि इयोन खुद इस कठिन परीक्षा से गुजर चुके थे। उन्होंने इसे और भी अधिक आकर्षक बना दिया और साबित किया कि जीवन वास्तव में कल्पना से भी अधिक अजीब हो सकता है।' अपनी इस नई फिल्म को लेकर टॉम वालर बेहद उत्सुक हैं। ये फिल्म हाई-प्रोफाइल धोखाधड़ी योजना पर बनी है। फिल्म के ट्रेलर बेहद ही दिलचस्प है।



# अनंत-राधिका की पार्टी में हॉलीवुड सिंगर कैटी ने बांधा समां, सामने आया वीडियो....

*__मुंबई।__ अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन में हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी ने शानदार परफॉर्मेंस दी है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। कैटी लग्जरी क्रूज पर अपनी शानदार आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध करती नजर आ रही हैं। मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले कपल का दूसरा प्री-वेडिंग फंक्शन सुर्खियों में बना हुआ है। ये कार्यक्रम इटली में जोरों-शोरों के साथ हो रहा है।*



*अनंत-राधिका की इस क्रूज पार्टी में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की है। इस कार्यक्रम से पॉप स्टार कैटी पेरी की परफॉर्मेंस की वीडियो सामने आए हैं। कैटी पेरी लग्जरी क्रूज पर अपनी शानदार आवाज से मेहमानों को मंत्रमुग्ध करती हुई नजर आ रही हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की क्रूज पार्टी से कैटी पेरी का वीडियो सामने आया है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब छाया हुआ है। लोग बेसब्री से इस कार्यक्रम की तस्वीरों और वीडियोज का इंतजार कर रहे हैं।*

# जब निर्देशकों ने दिखाई ग्रामीण कहानियां, सादगी व सरलता से जीता दर्शकों का दिल

*__मुंबई।__ बीते कुछ समय से फिल्मों और वेब सीरीज में गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानियों का चलन काफी बढ़ा है। दर्शक भी गांव की सादगी और सरलता भरी कहानियों को पसंद कर रहे हैं। हाल में ही रिलीज हुई फिल्म लापता लेडीज इसका प्रमाण है। इस फिल्म में गांव की मिट्टी से जुड़े किरदार देखने को मिलते हैं, जिनकी सादगी और सरलता दर्शकों के दिल में उतर जाती है। आज हम इस लेख में बात करेंगे उन निर्देशकों की, जिन्होंने अपनी फिल्मों या सीरीज में गांव की खूबसूरती को दिखाया और उन्हें दर्शकों का बहुत प्यार भी मिला।*

## दीपक कुमार मिश्रा- 'पंचायत'

यह भारतीय ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित एक वेब सीरीज है, जिसका निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के फुलेरा गांव में कार्यरत इंजीनियरिंग की पढ़ाई किए एक युवा पर आधारित है, जो बेहतर नौकरी की तलाश में ग्राम पंचायत का सचिव बन कर अपना पदभार संभालता है। इस दौरान वह गांव के बाकी लोगों से मिलता है और फिर कहानी हास्य और भावुक दृश्यों के साथ आगे बढ़ती है। सीरीज के मुख्य कलाकारों में जितेंद्र कुमार, रघुवीर यादव, नीना गुप्ता, चंदन रॉय, फैजल मलिका आदि नजर आए हैं। सीरीज का निर्माण द वायरल फीवर ने किया है। हाल में ही इस सीरीज का तीसरा सीजन पंचायत 3 अमेजन प्राइम वीडियो पर लॉन्च हुआ है।



## किरण राव- 'लापता लेडीज'

किरण राव निर्देशित फिल्म ने इस साल काफी चर्चा बटोरी है। यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। फिल्म एक काल्पनिक ग्रामीण गांव की कहानी है, जिसमें गांव का एक युवक अपनी नई दुल्हन से शादी कर ट्रेन से घर वापस जा रहा होता है। ट्रेन में और भी कई दुल्हनें होती है, जिन्होंने अपने चेहरे को घूंघट से ढंक रखा होता है। युवक ट्रेन से उतरते वक्त गलती से दूसरी दुल्हन के साथ उतर जाता है। इसके बाद पूरे फिल्म में दोनों के वापस मिलने की यात्रा को दिखाया गया है। इस दौरान फिल्म ग्रामीण मूल्यों के साथ-साथ वहां की रुढ़िवादी विचारों को भी तोड़ती नजर आती है। फिल्म में रविकिशन के अलावा सभी नवोदित कलाकार नजर आए थे।



## एटली - 'जवान'

पिछले साल रिलीज हुई शाहरुख खान की फिल्म जवान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म का निर्देशन एटली ने किया था। फिल्म साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म में ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को दिखाया गया था। किसानों की आत्महत्या और भ्रष्टाचार को भी प्रमुखता से दिखाया गया था। फिल्म में शाहरुख खान दोहरी भूमिकाओं में नजर आए थे।



## श्याम बेनेगल 'वेलकम टू सज्जनपुर'

वेलकम टू सज्जनपुर एक हिंदी भाषा की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित एक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म में 'कर्तम भुगतम' अभिनेता श्रेयस तलपड़े और अमृता राव नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन श्याम बेनेगल ने किया था। फिल्म की कहानी एक बेरोजगार ग्रेजुएट युवक की है, जो गांव के अशिक्षित लोगों के लिए पत्र लिखकर अपनी जीविका चलाता है। फिल्म ग्रामीण भारत के जीवन का एक व्यंग्यपूर्ण चित्रण करती है।



**गोविंद मुनिस- 'नदिया के पार'** : गोविंद मुनिस द्वारा निर्देशित यह फिल्म साल 1982 में रिलीज हुई थी। फिल्म उत्तर प्रदेश के अवधी और पूर्वांचल क्षेत्र की स्थानीय भाषा में बनी है। फिल्म में ग्रामीण संस्कृति और गांव के लोगों की आपसी मेलजोल को दिखाया गया था। मूलतः फिल्म एक प्रेम कहानी थी, जिसे ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति के शानदार मिश्रण के साथ बनाया गया था। फिल्म का निर्माण राजश्री प्रोडक्शन्स ने किया था। इसमें सचिन पिलगांवकर, साधना सिंह, इंद्र ठाकुर आदि कलाकार नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी।



# तरकश

-संजय के. दीक्षित

## परसेप्शन का कमाल!

ये सही है कि लगभग सभी एग्जिट पोलों में छत्तीसगढ़ में भाजपा को एकतरफा सीटें मिलती दिख रही हैं। बावजूद इसके रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ जैसी सीटों के प्रत्याशियों को छोड़ दें तो बाकी के चेहरों पर वो कांफिडेंस नहीं दिखाई पड़ रहा। दरअसल, ये परसेप्शन का खौफ है। पिछले दो महीनों में पूरे देश में सोशल मीडिया के जरिये ये परसेप्शन निर्मित हुआ कि एनडीए अबकी पिछड रहा है। जाहिर है, उससे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं रहा। सोशल मीडिया की हवा इतनी तगड़ी थी कि लोग यह मानने और सुनने के लिए तैयार नहीं थे कि फरवरी तक बीजेपी एकतरफा जीत रही थी तो दो महीने में आखिर इंडिया गठबंधन ने क्या गुल खिला दिया या नेतृत्व का कौन सा ऐसा मॉडल पेश कर दिया कि वोटर मंत्रमुग्ध हो गया। हर आदमी सिर्फ यही...बीजेपी की सीटें कम हो रही हैं। अगर नतीजों का पूर्वानुमान सही उतरता है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि बड़े-बड़े सियासी पंडितों की कलई खुल जाएगी कि वे अपना दिमाग नहीं लगाते...परसेप्शन के आधार पर अपना विचार बनाते हैं।

## लौटेंगे कई आईएएस

भारत सरकार ने अगर एक्सटेंशन नहीं दिया तो इस साल दो-तीन आईएएस अफसरों को छत्तीसगढ़ लौटना पड़ेगा। इनमें पहला नाम 2004 बैच के आईएएस अमित कटारिया का है। जून 2022 में उन्हें भारत सरकार ने दो साल का एक्सटेंशन दिया था। अगले महीने ये पूरा हो जाएगा। केंद्र में सात साल के बाद बेहद खास केस हो...पीएम लेवल पर कुछ पहुंच हो, तभी एक्सटेंशन मिलता है। उनके बाद डॉ0 रोहित यादव का भी टेन्योर पूरा हो जाएगा। हालांकि, वे प्रधानमंत्री कार्यालय में हैं, सो हो सकता है कि कंटीन्यू कर जाएं। मगर छत्तीसगढ़ की ब्यूरोक्रेसी में दबी जुबान से यह चर्चाएं सुनाई पड़ रही है कि दिल्ली में पोस्टेड आईएएस अमित अग्रवाल वापिस छत्तीसगढ़ लौट सकते हैं। अमित एडिशनल सिकरेट्री हैं। इस रैंक के अफसरों पर टाईम बांड लागू नहीं होता। नार्मल केस में न भारत सरकार उन्हें यहां भेज सकती और न राज्य सरकार उन्हें बुला सकती...जब तक कि वे खुद इसके लिए तैयार न हो। जैसे सुनिल कुमार लौटे थे। यद्यपि, अमित अग्रवाल दिल्ली में पूरी तरह सेट हो गए हैं। छत्तीसगढ़ में जब थे, तब भी उनकी अलग पहचान थी, अब तो उनकी भारत सरकार वाली वर्किंग हो गई है। ऐसे में, पहला सवाल यह कि क्या वे छत्तीसगढ़ में एडजस्ट हो पाएंगे? और दूसरा सवाल...अमित वाकई छत्तीसगढ़ लौटेंगे या सिर्फ चर्चाएं हैं?

## कलेक्टर, एसपी की लिस्ट

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद छत्तीसगंढ़ में प्रशासनिक और पुलिस महकमे में अहम बदलाव की खबरें तेज है। खासकर, कलेक्टर, एसपी लेवल पर। सरकार के करीबी लोगों की मानें तो सूबे में कई जिलों के कलेक्टर बदलेंगे तो आधा दर्जन से अधिक पुलिस अधीक्षक भी चेंज होंगे। पिछली सरकार में पोस्टेड जिन कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों का पिछली सूची में नंबर नहीं लग पाया था, उनमें से अधिकांश को सरकार इस बार बदल सकती है। कुछ कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के खिलाफ संगठन के नेताओं की भी शिकायतें हैं, उनमें से भी कुछ को खो किया जाएगा। कुल मिलाकर लिस्ट अच्छी-खासी हो जाएगी। एक आईजी, और वहां के एसपी भी बदल सकते हैं। नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए कुछ नगर निगमों के आयुक्त भी बदले जाएंगे तो जिला पंचायत के दो-चार सीईओ के भी नंबर लग सकते हैं। बिलासपुर में नए कमिश्नर की पोस्टिंग भी की जाएगी।

## महिलाओं का दबदबा

एक जमाना था...जब छत्तीसगढ़ के सचिवालय में महिला सिकरेट्री के नाम पर सिर्फ इंदिरा मिश्रा होती थीं। उनके रिटायर होने के बाद रेणु पिल्ले कई साल तक अकेली सचिव रहीं। मगर सचिवालय में अब महिला सचिवों का दबदबा बढ़ रहा है। इस समय कुल आठ विभागों को महिलाएं संभाल रही हैं। इनमें छत्तीसगढ़ की दूसरी सबसे सीनियर आईएएस अफसर रेणु पिल्ले के साथ ही ऋचा शर्मा, निहारिका बारिक, शहला निगार, अलरमेल मंगई डी, आर. संगीता, शम्मी आबिदी शामिल हैं। जबकि, इस समय डॉ0 मनिंदर कौर द्विवेदी, निधि छिब्बर और ऋतु सेन सेंट्रल डेपुटेशन पर हैं। रीना बाबा कंगाले राज्य निर्वाचन पदाधिकारी हैं। मनिंदर, निधि और ऋतु का तो पता नहीं मगर लोकसभा चुनाव का प्रॉसेज कंप्लीट होने के बाद रीना मंत्रालय लौटेंगी। 2009 बैच अभी सिकरेट्री नहीं बना है। मगर इस बैच की किरण कौशल पंजीयन विभाग की स्वतंत्र प्रभार में हैं। जनवरी में यह बैच सिकरेट्री प्रमोट हो जाएगा तो अगले साल तक डॉ0 प्रियंका शुक्ला भी सचिव बन जाएंगी। हो सकता है कि तब तक ऋतु सेन की भी छत्तीसगढ़ वापसी हो जाए। बहरहाल, तकनीकी शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, फॉरेस्ट, पंचायत, एग्रीकल्चर, लेबर, आवास और पर्यावरण, महिला और बाल विकास का दायित्व महिला सचिव निभा रही हैं। इनमें कुछ मलाइदार भी हैं...जाहिर है, बरसों से इन विभागों में मौज काट रहे पुरूषों को परेशान तो हो ही रही होगी।

## जीपी सिंह की वापसी

कैट के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह की बहाली की अपनी तरफ से हरी झंडी दे दी है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता से इस बारे में उनकी राय मांगी थी। बताते हैं, महाधिवक्ता ने अपनी टीप में लिखा है कि इस केस में कैट के फैसले के खिलाफ अपील करने का कोई तुक नहीं है। महाधिवक्ता की टिप्पणी के साथ राज्य सरकार ने फाइल पिछले सप्ताह भारत सरकार को भेज दिया। चूंकि, आईपीएस का मसला मिनिस्ट्री ऑफ होम में आता है और इसी ने फोर्सली रिटायमेंट की कार्रवाई की थी। सो, पोस्टिंग का आदेश भी यही विभाग निकालेगा। राज्य सरकार नियमानुसार उसका पालन करेगी। हालांकि, भारत सरकार में इस पर थोड़ा वक्त लग सकता है कि केंद्र के लिए यह समय अति व्यस्तता वाला है। 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद 15 दिन चीजें व्यवस्थित होने में लगेगी। फिर भी यह माना जा रहा कि जून में जीपी सिंह की पुलिस महकमे में वापसी हो जाएगी। हालांकि, पुलिस महकमे में लोग एक कदम आगे जाकर जीपी की पोस्टिंग पर अटकलें शुरू हो गई हैं।

## चेयरमैन की वैकेंसी

राज्य सरकार की राजपत्रित से लेकर कनिष्ठ अधिकारियों की भर्ती करने वाला छत्तीसगढ़ का लोक सेवा आयोग खुद ही अपने चेयरमैन की भर्ती का इंतजार कर रहा है। पिछले साल सितंबर में टामन सिंह सोनवानी रिटायर हुए थे। पिछली सरकार ने तब नई नियुक्ति की जगह वहीं के सीनियर को प्रभारी चेयरमैन बना दिया था। उसके बाद सरकार बदल गई। बीजेपी सरकार का हनीमून खतम नहीं हुआ था कि लोकसभा चुनाव आ गया। इस चक्कर में पिछले नौ महीने से पीएससी चेयरमैन की संवैधानिक कुर्सी खाली है। ऐसे में, सरकार की यह

## कमिश्नर के दो पद खाली

आईएएस डॉ0 संजय अलंग दो महीने बाद 31 जुलाई को रिटायर हो जाएंगे। इस समय वे दो संभागों के कमिश्नर हैं। रायपुर के कमिश्नर तो वे थे ही, लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें बिलासपुर संभाग का प्रभार भी मिल गया। इसके अलावा वे वानिकी और उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति का भी दायित्व संभाल रहे हैं। अलंग के रिटायर होने के बाद इन तीनों पदों पर की नियुक्ति या प्रभार किसी और को देना पड़ेगा। बता दें, संजय अलंग कमिश्नर के एक्सपर्ट हो गए हैं। सबसे पहले वे बिलासपुर कलेक्टर से प्रमोट होकर कमिश्नर बने थे। सरकार बदली तो उन्हें रायपुर का कमिश्नर बनाया गया। अब वे बिलासपुर भी संभाल रहे हैं। जब बिलासपुर कमिश्नर थे, तो उस दौरान कई महीने तक सरगुजा के भी कमिश्नर रहे।

**अंत में दो सवाल आपसे**

1. **मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद फिलहाल स्कूल शिक्षा विभाग का प्रभार किस मंत्री को मिल सकता है?**
2. **किस मंत्री के लोग ट्रांसफर को लेकर मार्केट में अभी से सक्रिय हो गए हैं?**

# जैकेट के शेष

## तीसरी बार... फिर ....

लोकसभा सीटों में से एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 23-27, कांग्रेस को 1-3, टीएमसी को 13-17 सीटें मिलने की संभावना है। देश के साथ दिल्ली पर कई एग्जिट पोल्स सामने आए। इनमें कुछ में अनुमान लगाया गया है कि कांग्रेस और 'आप' का गठबंधन भाजपा से कुछ सीटें छीनने में कामयाब रह सकता है। कम से कम दो सर्वे में दावा किया गया है कि भाजपा इस बार क्लीन स्वीप नहीं कर पाएगा। रिपब्लिक और मेटराइज के सर्वे में भविष्यवाणी की गई है कि दिल्ली में इंडिया गठबंधन भाजपा से दो सीटें छीन सकती है। पिछले एक दशक में यह पहला मौका होगा जब भाजपा राजधानी में क्लीन स्वीप नहीं करेगी। एग्जिट पोल में दावा किया गया है कि भाजपा को 5 सीटें मिल सकती हैं तो आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन दो सीटों पर जीत हासिल कर सकता है।

## पूरा देश चाहता ....

प्रचार करने गया हूं, सभी जगह भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में बहुत अच्छा वातावरण था और आज जब एग्जिट पोल में भी एनडीए की बढ़त दिखा रहे हैं, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

## आग से बाल-बाल बचे ....

बस के रेडिएटर के पास से धुंआ उठने लगा। इसके बाद बस को रोक कर रेडिएटर को ठंडा करने पानी डाला गया। कुरुद से अभनपुर के बीच बस अत्यधिक गर्म हो गई और उसमें आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने से पहले बस आग की चपेट में आकर पूरी तरह से जल गई। बस में आग लगने पर उसमें सवार यात्री आनन-फानन में बस से नीचे उतरे और अपनी जान बचाई। चलती बस में आग लगने से बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता था।

# पेज एक के शेष

## एक के बदले दस...

अभियान के तहत लगाए गए रवि शंकर विश्व विद्यालय के पीछे की तरफ की जगह है। साथ ही अटारी, लाभांडी क्षेत्र में किए गए वृक्षारोपण किया गया है। जिले में अलग-अलग स्थानों में कृष्ण कुंज वाटिका विकसित की गई है। हरिभूमि ने पाया कि इंदिरा स्मृति वन में कम से कम 22 हजार पेड़ इस वक्त होने चाहिए। वहां वृक्षारोपण किया गया है, कुछ पेड़ों तब्दील भी हो गए हैं। लेकिन 22 हजार नहीं हैं। देखभाल को लेकर भी गंभीरता नहीं दिखती। इसी तरह बाकी जगहों पर भी उम्मीद से कम वृक्षारोपण दिखता है।

## भिलाई में पौधारोपण के...

अन्य सम्मानितियों से पौधे लगावए गए थे, लेकिन आज इनके नाम की तख्तियां तो दूर एक भी पौधा हरा नहीं है। सैकड़ों पौधों को सुरक्षा के अभाव में जानवर चट कर गए। प्रियदर्शनी परिसर मैदान में वर्ष 2015 में हरेली पर पांच हजार पौधे लगाए गए थे। मंत्री, कलेक्टर, डीएफओ व ननि कमिश्नर के साथ नेहरु नगर रेसिडेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भी पौधारोपण कराया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद पानी, फेसिंग और देखभाल आदि के अभाव में आज एक भी पेड़ बाकी नहीं है।

**बीएसपी टाउनशिप में लाखों पेड़** : भिलाई में एक ही शहर के दो अलग अलग क्षेत्रों में दो विभिन्न दृश्य हैं। टाउनशिप में बीएसपी प्रबंधन ने भिलाई स्टील प्लांट के प्रदूषण नियंत्रण और सुंदरता के लिए 25 लाख पेड़ लगा रखे हैं। वहीं दूसरी ओर नगर निगम के क्षेत्र यानी पटरीपार में गिने चुने पेड़ ही दिखाई देते हैं। टाउनशिप में प्रबंधन हरियाली को लेकर बहुत गंभीर है। यहां पिछले पचास साल से हर साल वन विभाग के साथ बारिश के पूर्व और विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान पौधारोपण किया जाता है। इसके चलते पूरा शहर जंगल की तरह दिखाई देता है।

## लगे हजारों, दिख रहे...

जाता है। इस कार्यक्रम में भी लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। विभाग द्वारा वृहद स्तर में किसानों के खेतों के मेड़ से लगे हुए सड़क के पाइयों के पास फिंगेश्वर से लेकर राजिम और राजिम से लेकर गरियाबंद मार्ग पर 90 फीसदी पौधे कहां गए, किसी को नही पता? निरीक्षण करने पर इक्के-दुक्के पौधे पाए गए, वो भी भगवान भरोसे खड़े हुए है।

## कटने लगे वृक्ष, संरक्षण...

उपयोग में लाई जा रही है। जिससे यहां का स्वरूप बिगड़ने लगा है।

**संरक्षण की दिशा में पहल नहीं** : आसपास के ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग एवं नगर निगम द्वारा उक्त क्षेत्र पर ध्यान नहीं दिए जाने से जहां वृक्षों को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण करने वालों की भी नजर लगी हुई है। इधर मोहारा क्षेत्र के शिवनाथ नदी तट मेला स्थल पर भी वृहद रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया गया है, जहां भी पौधों की चोरी-छिपे कटाई के मामले सामने आते रहे हैं। उक्त क्षेत्र के संवर्धन और संरक्षण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं की जा रही है। जिससे लोग बेखौफ वृक्षों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## प्री-मानसून की...

आगे बढ़ने की स्थिति अनुकूल बनी हुई है, जिसकी वजह से राज्य में प्री-मानसून की गतिविधि बढ़ने के आसार बन रहे हैं। माना यह जा रहा है कि दो जून की शाम को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी और दूसरे दिन से ज्यादा क्षेत्रों में बारिश होगी। शुक्रवार की तुलना में शनिवार को राज्य के अधिकतर स्थानों का तापमान एक डिग्री तक कम हुआ, मगर गर्मी का इस पर कोई खास असर नहीं हुआ। तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री अधिक होने की वजह से दोपहर में ग्रीष्मलहर की चेतावनी जारी करनी पड़ी थी। अगले चौबीस घंटे में तापमान में थोड़ा और फर्क पड़ेगा, मगर इसकी वजह से गर्मी कम होने के आसार नहीं हैं।

**स्वास्थ्य पर हो रहा असर**: बढ़ती गर्मी में बिना सुरक्षा उपाय के घूमने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर होने लगा है। चिकित्सकों के अनुसार पिछले तीन-चार दिनों से अस्पताल में बुखार, चक्कर, शरीर दर्द के साथ उल्टी-दस्त की शिकायत बढ़ गई है। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन वार्ड के साथ जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं। पिछले चार-पांच दिनों से पड़ रही भारी गर्मी की वजह से राजधानी सहित प्रदेश के कई शहरों में लोगों की जान भी जा चुकी है।

## सुशासन और विकास को...

उनके सहयोगियों ने सुशासन तथा बेस्ट प्रेक्टिसेस के संबंध में विषय विशेषज्ञों के साथ अपने आइडियाज साझा किए। साथ ही अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं। मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी लगातार दो दिनों तक आईआईएम की कक्षा में न केवल उपस्थित रहे, बल्कि इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण छात्र जीवन को अपनाए भी रखा। छत्तीसगढ़ के मंत्रियों को प्रबंधन की बारिकियां समझाने, सहयोग, नवाचार और दूरदर्शिता को बढ़ावा देने, राज्य के समृद्ध और समावेशी भविष्य के लिए आवश्यक सुधारों के बारे में विचार-विमर्श करने तथा विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों की अंतर्दृष्टि को परिष्कृत करने के लिए दो दिनों तक इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रायपुर ने स्वयं के द्वारा डिजाइन किया गया एक अनूठा आयोजन किया। आयोजन को आईआईएम ने चिंतन-शिविर नाम देकर पारंपरिक आयोजनों का टच देते हुए एक नयी परंपरा की शुरुआत की। देश में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी चिंतन-शिविर में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने राजनीतिक रणनीति के बजाय दायित्वों के निर्वहन के लिए रणनीति पर गहन मंथन किया है।

**राज्य की जरूरतों, प्राथमिकताओं और संभावनाओं पर चर्चा** : आईआईएम के इस आयोजन में राज्य सरकार ने देशभर के विषय विशेषज्ञों के साथ विकसित छत्तीसगढ़ की डिजाइन तथा क्रियान्वयन के रोड मैप पर बौद्धिक विमर्श किया। साथ ही इस संबंध में भी विमर्श हुआ कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए किस तरह विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित किए जा सकते हैं। इस सार्थक संवाद की खूबी यह रही कि इसमें छत्तीसगढ़ की जरूरतों, प्राथमिकताओं, संभावनाओं पर चर्चा के साथ-साथ विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण सुझाव भी सरकार को प्राप्त हुए।

**मुख्यमंत्री और मंत्री थे मौजूद** : आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, आदिम जाति विकास एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित थे।

## देशभर के विशेषज्ञ...

अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ और जी 20 के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा, छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुन्दरता भी है और प्रचुर खनिज संपदा भी। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए खनिजों का विवेकपूर्ण दोहन जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण यहां पर पर्यटन की संभावनाओं का विकास और उसकी ब्रांडिंग भी है।

## पं. प्रदीप मिश्रा ...

धर्म की रक्षा कौन करेगा। शनिवार को कथा शुरू होने से पहले यह बात पंडित मिश्रा ने अमलेश्वर में पत्रकार वार्ता के दौरान कई सवालों के जवाब देते हुए कही। छत्तीसगढ़ के खारुन तट पर स्थित हठकेश्वर महादेव की नगरी को काशी बताते हुए महाराज ने कहा कि जो काशी का महत्व है, वही खारुन नदी के किनारे स्थित हठकेश्वर महादेव का है। कथा करवाने और कथा करने वाले भी वही। मुगलों के जमाने में जिन मंदिरों में ताले लगाए गए, उनके जवाब में कहा कि जिन मंदिरों में ताले लगे हैं, उन्हें खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। जो मंदिर बंद पड़े हैं, वे आने वाले समय में खुल जाएंगे। स्वयं शंकर यह कार्य करेंगे। जो भी धार्मिक आयोजन होते हैं, वह खुले मंच से होते हैं।

## माता-पिता की सहमति...

बेटियों को लव मैरिज नहीं करना चाहिए। मैं प्रेम का विरोध नहीं करता, मगर लव जिहाद का विरोध है। प्रेम विवाह हो, लेकिन वर-कन्या के योग्य होना चाहिए। इसे आज के दौर को ध्यान में रखते हुए माता-पिता की सहमति से करें, तो बेहतर होगा।

## नक्सलियों से की मूलधारा...

देता हूं। इससे पर्यावरण संतुलित होगा व सूर्य का तेज कम होगा। नक्सलियों से अपील की कि वे समाज की मूलधारा से जुड़कर देश व राष्ट्र निर्माण व रक्षा में अपना योगदान दें। इससे मानवता का कल्याण होगा और पिछड़े क्षेत्र में विकास की रफ्तार बढ़ेगी।

## कुछ गलती हमारी...

लेते हुए कहा कि कई लोग कहते हैं कि हम उन लोगों की घर वापसी करवा रहे हैं। मैं कहता हूं कि वे अपने घर से गए ही कब थे, जो उन्हें घर वापसी करवा रहे हैं। वे अपने कारण गए थे, प्रयास यह करें कि उनको पीछे न हटाकर आगे कर दें, तो धर्मांतरण अपने आप समाप्त हो जाएगा।

**दक्षिण-पश्चिम मानसून की बढ़ेगी रफ्तार** : तिरुवनंतपुरम। केरल में दस्तक देने के दो दिन बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून के और प्रबल होने से राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई तथा दक्षिण और मध्य जिलों में भूस्खलन, पेड़ों के उखड़ने एवं जलभराव की स्थिति देखने को मिली है।

# राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# पीएम मोदी ने पूरी की ध्यान साधना



एजेंसी ▶▶| कन्याकुमारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे की अपनी ध्यान साधना पूरी की और तमिल संत कवि तिरुवल्लुवर को पुष्पांजलि अर्पित की। ध्यान सत्र के समापन पर, सफेद वस्त्र पहने मोदी ने स्मारक के बगल में स्थित उस परिसर का दौरा किया, जहां तिरुवल्लुवर की 133 फुट ऊंची प्रतिमा स्थित है और वहां एक विशाल माला चढ़ाई। वह नौका द्वारा प्रतिमा परिसर गये और बाद में वह तट पर पहुंचे। प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से तिरुवनंतपुरम पहुंचे और वहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। मोदी ने 30 मई को यहां पहुंचने पर भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे। स्मारक में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ने ध्यान लगाया और सूर्योदय के समय 'सूर्य अर्घ्य' दिया। 'सूर्य अर्घ्य' के तहत भगवान सूर्य को जल अर्पित कर उन्हें नमन किया जाता है।

## सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए प्रसिद्ध

कन्याकुमारी सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है और मेमोरियल तट के पास एक छोटे-से टापू पर स्थित है। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान साधना शुरू की थी और शनिवार को इसे पूरा कर लिया।

## जीवन का हर पल देश को समर्पित

पीएम मोदी ने बाहर आकर संदेश दिया- फिर से ये संकल्प दोहराता हूं कि मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। मोदी ने कहा यह साधना अविस्मरणीय क्षणों में से एक रही। इस दौरान अलौकिक और अद्भुत ऊर्जा का अनुभव किया।


# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

भा रा रा प्रा NHAI

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

**मरौद टोल प्लाजा पर दिनांक 03.06.2024 से लागु उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दर हेतु जन सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित शुल्क अधिसूचना का.आ. 1170 दिनांक 06.03.2024 एवं शुल्क दर अनुमोदन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पत्र दिनांक 12.04.2024 के अनुसार किमी. 10.200 से किमी. 82.209 (रायपुर-धमतरी सेक्शन) की रा.रा.-30 के उपयोग के लिए मरौद टोल प्लाजा (धमतरी जिले में मरौद गांव के पास, 45+500 कि.मी. पर) राज्य छत्तीसगढ़ में दिनांक 03.06.2024 को प्रातः 8:00 बजे से प्रभावी उपयोगकर्ता शुल्क निम्न दरों से लागु किया जा रहा है:-

| वाहन का प्रकार | एकतरफा यात्रा शुल्क (रु.) | एक दिवस में वापसी यात्रा शुल्क (रु.) | पचास एकतरफा यात्राओं के लिए मासिक शुल्क (रु.) | जिले में पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों के लिए शुल्क (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 130 | 195 | 4340 | 65 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 210 | 315 | 7015 | 105 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 440 | 660 | 14695 | 220 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 480 | 720 | 16030 | 240 |
| भां.सं.म. या अ.मू.उ. या ब.धु.व. (चार से छह धुरी वाले) | 690 | 1035 | 23040 | 345 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 840 | 1260 | 28050 | 420 |
| टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों के लिए मासिक पास की दर रुपये 340/- रहेगी। | | | | |

2. उपरोक्त खण्ड को सार्वजनिक निधियों के तहत विकसित किया गया था (उपरोक्त खण्ड EPC आधार पर दिनांक 05.12.2016 के अनुबंध के प्रावधान के अनुसार विकसित किया गया था और अथॉरिटी इंजीनियर द्वारा पत्र दिनांक 01.07.2023 को 33.200 कि.मी. की पूर्ण लंबाई (रायपुर-कोड़ेबोड़ हेतु) एवं अथॉरिटी इंजीनियर द्वारा पत्र दिनांक 11.04.2024 को 38.809 कि.मी. की पूर्ण लंबाई (कोड़ेबोड़-धमतरी हेतु) व्यावसायिक उपयोग हेतु प्रमाणित किया गया था।) उपरोक्त दरें 72.009 किलोमीटर की पूरी लंबाई के लिए लागू हैं, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

| खण्ड के प्रकार | लंबाई (कि.मी.) | समतुल्य लंबाई (किलोमीटर) जिसके लिए उपयोग शुल्क लिया जाना है | लेन विन्यास |
|---|---|---|---|
| सीधा खण्ड | 49.34333 | 49.34333 | 4-लेन |
| बॉयपास (लागत > रू.10.00 करोड़) | | | |
| (i) निमोरा बॉयपास | 7.95 | 11.925 | 4-लेन |
| (ii) अभनपुर बॉयपास | 2.8232 | 4.2348 | 4-लेन |
| (iii) धमतरी बॉयपास | 11.25 | 16.875 | 4-लेन |
| संरचना (लंबाई > 60 मीटर) | 0.64247 | 6.4247 | 4-लेन |

3. उपरोक्त टोल प्लाजा पर निम्नलिखित रियायते उपलब्ध है:-
(अ) सभी प्रकार के वाहनों के लिए केवल FASTag के माध्यम से भुगतान पर 24 घन्टे के अंदर वापसी यात्रा (छुट 25 प्रतिशत)।
(ब) सभी प्रकार के वाहनों के लिए केवल FASTag से भुगतान दिनांक से एक माह के अंदर 50 एकतरफा यात्रा (छुट 33 प्रतिशत)।
(स) टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों जिनमें FASTag लगा हो के लिए रुपये 340/- के दर पर मासिक पास।
(द) टोल प्लाजा के जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए केवल FASTag के माध्यम से भुगतान पर एकतरफा यात्रा (छुट 50 प्रतिशत)।
4. छूट प्राप्त वाहनों की सूची 03.12.2010 जीएसआर 950 (ई) के संशोधन अनुसार होगी।
5. निर्धारित भार से अधिक भारग्रहित वाहनों से लागू शुल्क दर का दो से दस गुना भारत के राजपत्र अधिसूचना सा.का.नि. 920(अ) दिनांक 25.09.2018 के अनुसार वसुल किया जाएगा।
6. परियोजना की पूंजीगत लागत रु.1994.68 करोड़ है। पूँजी लागत की वसूली हो जाने पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरें घटाकर 40% की जाएंगी।
7. दिनांक 06.03.2024 के राजपत्र में प्रकाशित शुल्क अधिसूचना, एनएचआई का पत्र दिनांक 12.04.2024, जिसमें दरों की स्वीकृति शामिल है, आदि वेबसाइट http://nhaitis.org पर देखी जा सकती हैं।
8. किसी प्रकार की पूछताछ और/या शिकायतों/सुझावों के लिए नाम एवं पता निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| प्रतिनिधि का नाम | श्री पंकज ओझा, परियोजना निदेशक, भा.रा.रा.प्रा., प.का.ई.-धमतरी (छ.ग.) |
| पता | ब्लॉक एफ-5, शिवराज ग्रीन्स, सिहावा रोड, धमतरी |
| संपर्क नम्बर | 8130006233 |

महत्वपूर्ण सूचना:- दिनांक 15/02/2021 से सभी टोल लेन FASTag लेन घोषित कर दिये गये हैं एवं उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान केवल FASTag के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। वो उपयोगकर्ता, जो कि FASTag लेन में नगद भुगतान करने के इच्छुक होंगे, उन्हे लागू दरों का दो गुना भुगतान करना पडेगा। इसके अतिरिक्त वापसी यात्रा रियायत एवं स्थानीय यात्रा रियायत केवल FASTag द्वारा भुगतान किये जाने पर ही मान्य होगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी


# शब्द पहेली - 5529



**बाएँ से दाए**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5528 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | प्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

# सूडोकु नवताल - 5540

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5539 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# मोदी मंत्रिमंडल को 5 जून को 'डिनर' देंगी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून को आएंगे। 5 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मोदी मंत्रिपरिषद को फेयरवेल डिनर देंगी। इस डिनर का आयोजन राष्ट्रपति भवन में रात 8 बजे किया जाएगा। वर्तमान की 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जूनको समाप्त हो रहा है। अगली सरकार 16 जून से पहले से गठित हो जाएगी। राष्ट्रपति मोदी कैबिनेट को विदाई भोज देंगी।


## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/24/28, तिथिः 08.05.2024

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | खरीदी मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08242033 | ग्रीस सेल गाड्स एस3 व्ही 220 सी2 | 10.06.2024 At 10:30 hrs | 3164 |
| 2 | 03242059 | एलास्टोमर यूनिट (रब्बर पैड आर एफ-8) फॉर आर एफ-361 ड्राफ्ट गियर | 11.06.2024 At 10:30 hrs | 3013 नग |
| 3 | 03242917 | पॉलीकार्बोनेट शीट | 20.06.2024 At 10:30 hrs | 51 नग |
| 4 | 04241194 | स्टैंडर्ड एनील्ड कॉपर जम्पर वायर | 24.06.2024 At 10:30 hrs | 4559 के.जी. |
| 5 | 06240083 | रेट कॉन्टैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ ओवर राइडिंग कर्वेड स्विचेस-60 के जी.1 इन 8.5 | 24.06.2024 At 10:30 hrs | 92 सेट |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-।
सीपीआर/10/73 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

## DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Chhattisgarh, Bilaspur AN AISECT GROUP UNIVERSITY
Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | A NAAC Accredited University

### APPOINTMENT
**Advt.No.:017/CVRU/Recrt./I-TBI**

Online applications are invited from the Eligible Candidates for appointments to the various positions open at **CVRU I-TBI Foundation** are as follows:

| S.N. | Application Invited for the post of | No. of post |
|---|---|---|
| 1 | CEO | 1 |
| 2 | Incubation Manager | 1 |
| 3 | Incubation Associate | 1 |
| 4 | Incubation Tech Support | 1 |
| 5 | Business Development Professional / Account Cum Administrator | 1 |

Details are given on the institute website **www.cvru.ac.in** under Notice Board section. It is mandatory that eligible candidates go through the full text of the advertisement and agree to all the conditions given, while applying for the post. Any further addendum/corrigendum/updates will only be published on our website.

**Last date for receiving online application: 15.06.2024 .**

Sd/-
Registrar

## // आम सूचना //
वास्ते – भूमि क्रय विक्रय पर आपत्ति व रोक बाबत।

यह कि ग्राम जुगदेही, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 454 मूल रकबा 2.75 हे. तीन भागों में विभाजित हुआ जिसमें खसरा नंबर 454/1 रकबा 1.75 हे. साकेत गिरि वगैरह को एवं 454/2 रकबा 0.85 हे. भानुप्रकाश गिरि को एवं खसरा नंबर 454/3 रकबा 0.15 हे., श्रुति गोस्वामी पिता डुंगम्बर गिरि के नाम पर विधिवत बंटवारा आदेश हुआ है। जिसका नामांतरण पंजी क्रमांक 06 दर्ज दिनांक 02/06/2015 प्रस्ताव क्रमांक 10 आदेश 11/2/07/2015 में अन्य भूमियों के साथ विभाजित पांच हिस्सेदारों के बीच हुआ है। जिसमें कुल खसरा 07 रकबा 3.23 हे. साकेत गिरी वगैरह को कुल खसरा 08 कुल रकबा 2.95 हे. मेरे पक्षकार भानुप्रकाश गिरि को एवं कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.20 हे. श्रुती गोस्वामी एवं शिवरानी व सुभाषनी पिता डुगम्बर गिरि को कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.19 हे. पैतृक संपत्ति का विभाजन हुआ है।

यह कि हल्का पटवारी द्वारा साकेत गिरि वगैरह पिता देवेन्द्र गिरि के साथ साठ-गांठ कर त्रुटिवश कम्प्युटर अभिलेख में मेरे पक्षकार के हिस्से की जमीन को साकेत गिरि वगैरह के नाम पर दर्ज किया गया। ईमानदारी पूर्वक साकेत गिरि को मेरे पक्षकार अपने चाचाजी के हिस्से की जमीन को उनके नाम पर कर देना चाहिए मगर वह उक्त त्रुटिवश ऑनलाईन कम्प्युटर रिकार्ड के आधार पर स्वत्व का मामला हड़पनीति कर हड़पने व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। व्यवहार वाद में खसरा नंबर 454/2 रकबा 0.85 हे. की भूमि पर व्यवहार न्यायालय से प्रकरण क्रमांक 163अ/2016 पारित निर्णय दिनांक 16/04/2024 में न्यायालय में साकेत गिरि वगैरह को स्वत्वाधिकारी घोषित कर दिया है। जिसके विरूद्ध प्रथम अपील माननीय न्यायालय जिला न्यायाधीश धमतरी के समक्ष पेश किया जो कि माननीय न्यायालय जिला न्यायाधीश धमतरी द्वारा सिविल अपील स्वीकार कर प्रकरण की सुनवाई हेतु श्रीमान अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्रृंखला न्यायालय कुरूद में अंतरित किया गया है जिसका प्रकरण क्रमांक 205/2024 है तथा माननीय न्यायालय द्वारा आगामी सुनवाई हेतु 13/06/2024 को है इसकी जानकारी (स्पीड पोस्ट क्रमांक EC138999536IN) को प्रेषित कर सूचना मेरे पक्षकार के द्वारा नायब तहसीलदार भखारा को दी है। तथा किसी भी प्रकार की कार्यवाही पर रोक लगाने का निवेदन किया था चूंकि उपरोक्त सूचना उपरांत साकेत गिरि द्वारा 13/05/2024 को अधीनस्थ न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था तो मेरे पक्षकार को इसकी सूचना देकर या नोटिस देकर सुनवाई करना था मगर ऐसा न करके नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत जाकर दिनांक 20/05/2024 का साकेत गिरी वगैरह के नाम पर प्रकरण क्रमांक 2024051324024/अ-74 वर्ष 2023-24 नायब तहसीलदार भखारा के ऋण पुस्तिका जारी करने का आदेश पारित किया है जो कि एकतरफा विधि विरूद्ध आदेश है जिससे परिवेदित व दुखित होकर अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष अपील पेश किया गया है। तथा पूर्व से न्यायालय अपर आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर में प्रकरण लंबित है। चूंकि समस्त भूमियों पर दोनो चाचा भतीजा का बराबर अधिकार है। भूमि खसरा नंबर 454/2 रकबा 0.85 हे. भानूप्रकाश गिरि की जमीन हिस्से बंटवारे कब्जा की जमीन है। जिसे साकेत गिरि पिता देवेन्द्र गिरि वगैरह धोखधड़ी से अपने नाम पर करवाकर बिक्री आदि करने का प्रयास किया जा रहा है। अतः मेरे पक्षकार हक दावा करता है कि अगर उपरोक्त व्यक्ति सूचना प्रकाशन के बावजूद किसी प्रकार क्रय विक्रय करता है तो अविधिपूर्ण माना जावेगा एवं बैनामा शून्य माना जावेगा। इस हेतु न्यायालय में वाद लाया जा सकेगा।

**तदानुसार आम सूचना प्रकाशित**
दिनांक :- 01/06/2024

की तरफ से पक्षकार भानूप्रकाश गिरि पिता श्री डुगम्बर गिरि गोस्वामी द्वारा अधिकृत एवं निर्देशत किये जाने पर

प्रेषक
एकनाथ साहू अधिवक्ता
मो.नं. 9826421274
पता-ग्राम अंगारा, पोस्ट डाही, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग.


# सीप नदी में नाव पलटी, चार बच्चों समेत हुई 7 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶श्योपुर



मानपुर थाना क्षेत्र स्थित सीप नदी में शनिवार की दोपहर को नाव पलटने से उसमें सवार 11 लोग डूब गए। चार लोग तो किसी तरह तैरकर बाहर आ गए, लेकिन सात लोग लापता हो गए।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची प्रशासन की एसडीआरएफ टीम ने चार बच्चों सहित 7 लोगों के शव को नदी से बाहर निकाल लिया। चार लोग तो एक ही परिवार के सदस्य हैं। इस घटना से चारों तरफ चीख-पुकार मच गई है। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड और एसपी अभिषेक आनंद सहित अन्य प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे।

## एक बालक की तलाश की जा रही

सरोदा गांव में सीप नदी के दूसरी पार रहने वाले बाल मुकुंद सुमन से मिलने के लिए शनिवार को उसके रिश्तेदार आ रहे थे, ये लोग जैनी क्षेत्रपाल बाबा मंदिर पर आयोजित रसोई में शामिल होने के लिए आए थे, जो लौटते वक्त नाव में सवार होकर बाल मुकुंद सुमन के घर जा रहे थे। नाव में 11 लोग सवार थे। अचानक आंधी चलने लगी तो नाव असंतुलित होकर नदी में पलट गई और नाव में सवार सभी लोग डूब गए।

## ■ अचानक आंधी चलने से पलट गई नाव

बताया गया है कि रामअवतार पुत्र लटूर सुमन निवासी करीरिया, हनुमान पुत्र कन्हैयालाल निवासी बडौदा, कल्लो पत्नी रामचंद्र सुमन निवास नागदा, पवन पुत्र मुकुंद सुमन निवासी सरोदा तो किसी तरह तैरकर बाहर निकल आ गए। जबकि सात लोग लापता हो गए। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू करके चार बच्चों समेत 7 लोगों के शव को बाहर निकाल लिया है। इनमें विजरपुर निवासी परसराम सुमन (25)तथा उसकी पत्नी परवंता सुमन (23 ) तथा दो बेटे रविंद्र (8 ) भूपेंद्र (4) तथा आरती (16 ) पुत्री कान्हाराम माली, लाली (15) पुत्री रामअवतार सुमन शामिल हैं। एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि एक बालक की और तलाश की जा रही है।

**अरुणाचल प्रदेश विस चुनाव**

# वोटो की 'गिनती' आज सुबह 6 बजे से शुरू होगी

**नईदिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती 2 जून को सुबह 6 बजे शुरू होगी। अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ हुए थे। मतगणना से संबंधित जानकारी प्रसारित करने के लिए सभी मतगणना केंद्रों पर मीडिया केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

कुल 60 में से 50 विधानसभा सीटों के लिए मतों की गिनती 2 जून को राज्य के 24 केंद्रों पर होगी। सत्तारूढ़ भाजपा पहले ही 60 सदस्यीय विधानसभा में 10 सीटें निर्विरोध जीत चुकी है। सभी मतगणना केंद्रों पर तीन स्तरीय सुरक्षा बैरिकेडिंग की गई है, जिसमें राज्य में उपलब्ध केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, राज्य सशस्त्र पुलिस और राज्य सिविल पुलिस के जवान शामिल होंगे। विधानसभा सीटों पर कुल 133 उम्मीदवार तथा दो लोकसभा सीटों पर 14 उम्मीदवार चुनाव लड़े। उल्लेखनीय है कि 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की दोनों सीटें जीती थीं जबकि विधानसभा में पार्टी को 41 सीटें मिली थीं।


## पूर्व तट रेलवे

(1)निविदा सूचना सं.eT-WAT-SOUTH-14-2024, दिनांक : 20.05.2024

**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/ट्रैक/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन मेन लाइन में दुव्वाड़ा (In) से कोरुकोण्डा (Ex) एवं विशाखापट्टनम (Ex) से गोपालपटनम (Ex) स्टेशन के बीच सेक्शन में 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल (Zonal) कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 1,93,87,037.70, EMD(रुपये में): 2,46,900/-।

(2)निविदा सूचना सं.eT-WAT-SOUTH-15-2024, दिनांक : 20.05.2024

**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता (मार्शलिंग यार्ड)/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन मार्शलिंग यार्ड, विशाखापट्टनम स्टील प्लांट साइडिंग (VSPS) सेक्शन में 30.06.2025 (2024-25) तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल (Zonal) कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में)** 78,88,586.10, EMD(रुपये में): 1,57,800/-।
कार्य पूरा होने की अवधि: 30.06.2025 (दोनों निविदा हेतु)।
**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 13.06.2024 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 10 (दश) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग)/ वाल्टियर
PR-169/P/24-25

## पूर्व तट रेलवे

(1)निविदा सूचना सं.eT-Central-WAT-07-2024, दिनांक : 22.05.2024

**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/अरकु के अधिकार क्षेत्र के अधीन वाल्टियर मण्डल के KK लाइन में कोत्तवलसा (Ex) से चिमिड़िपाली (In) के बीच वर्ष 2024-25 के लिए कि.मी. 03/0 से कि.मी.64/0 तक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल कार्य का नियतकालिन रख-रखाव कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 75,38,803.85, EMD(रुपये में): 1,50,800/-।

(2)निविदा सूचना सं.eT-Central-WAT-08-2024, दिनांक : 22.05.2024

**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/अरकु के अधिकार क्षेत्र के अधीन वाल्टियर मण्डल के KK लाइन में चिमिड़िपाली (Ex) से अरकु (In) के बीच वर्ष 2024-25 के लिए कि.मी. 64/0 से कि.मी.107/0 तक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल कार्य का नियतकालिन रख-रखाव कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 92,43,145.96, EMD(रुपये में): 1,84,900/-।

(3)निविदा सूचना सं.eT-Central-WAT-09-2024, दिनांक : 22.05.2024

**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/कोरापुट के अधिकार क्षेत्र के अधीन वाल्टियर मण्डल के KK लाइन में अरकु (Ex) से माछकुण्ड रोड(In) के बीच वर्ष 2024-25 के लिए कि.मी.107/0 से कि.मी. 165/10 तक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल कार्य का नियतकालिन रख-रखाव कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 56,27,074.17, EMD(रुपये में): 1,12,600/-।

(4)निविदा सूचना सं.eT-Central-WAT-10-2024, दिनांक : 22.05.2024

**कार्य का नाम:** सहायक मण्डल अभियन्ता/कोरापुट के अधिकार क्षेत्र के अधीन वाल्टियर मण्डल के KK लाइन में माछकुण्ड रोड (Ex) से मालिगुड़ा (In) के बीच वर्ष 2024-25 के लिए कि.मी. 165/10 से कि.मी. 218/04 तक 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल कार्य का नियतकालिन रख-रखाव कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 94,76,457.17, EMD(रुपये में): 1,89,500/-।
कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने (सभी निविदा हेतु)।
**निविदा बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 13.06.2024 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 10 (दश) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग)/ वाल्टियर
PR-168/P/24-25


## द.अफ्रीका में बहुमत पाने से चूकी मंडेला की पार्टी

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका में 29 मई को आम चुनाव हुए थे। अब तक 99.50% वोटों की गिनती हो चुकी है। इसमें नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को सबसे अधिक 40.21 प्रतिशत वोट हासिल हुआ है, लेकिन वह सरकार बनाने के लिए जरूरी 50% वोट हासिल नहीं कर पाई। 30 साल में पहली बार ऐसा हो हुआ है कि अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला है। वहीं, सैक्स सकैंडल और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते सत्ता गंवाने वाले साउथ अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा की पार्टी तीसरे नंबर पर रही है। उन्हें 14.61% वोट मिले हैं। वो किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं। जैकब जुमा ने कई इलाकों में एएनसी के वोट में सेंधमारी की है। इसी के चलते एएनसी बहुमत हासिल करने से चूक गई। दरअसल, 2018 में एएनसी से निकाले जाने के बाद जुमा ने 2019 में अपनी अलग पार्टी एमके बनाई थी।

## असफल रॉकेट लॉन्च की निंदा अमेरिका ने की

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करने के असफल प्रयास के बाद तत्काल बैठक बुलाई। इस बैठक में प्योंग्यांग पर कार्रवाई को लेकर अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया के विचार रूस और चीन के विचारों से अलग थे। जहां एक तरफ अमेरिका और उसके सुरक्षा सहयोगियों ने रॉकेट लॉन्च के प्रयास के लिए प्योंग्यांग की आलोचना की, तो दूसरी तरफ रूस और चीन ने उत्तर कोरिया का बचाव किया। उत्तर कोरिया ने 27 मई को सैन्य जासूसी उपग्रह लॉन्च करने की कोशिश की थी, जिसे 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र निकाय प्रस्तावों का उल्लंघन बताया जा रहा है।

## राजाजी पार्क में बाघिन ने दिया शावक को जन्म

**हरिद्वार।** राजाजी टाइगर रिजर्व में चल रहा टाइगर ट्रांसलोकेशन का कार्य सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है। पार्क के पश्चिमी छोर में एक बार फिर एक बाघिन नन्हें शावक के साथ नजर आई है। कुछ दिनों पूर्व इसी क्षेत्र में जिम कॉर्बेट से ट्रांसलोकेट की गई एक बाघिन ने 4 शावकों को जन्म दिया था। राजाजी प्रशासन व वन महकमा उत्साहित था। बाघिन पूर्णतया स्वस्थ है।

## ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी नहीं

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की अत्यधिक मांग के बावजूद थर्मल पावर प्लांट में कोयले का भंडार 45 मीट्रिक टन से अधिक है। कोयले का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में 30 फीसदी ज्यादा है। बिजली की अत्यधिक मांग को पूरा करने के लिए थर्मल पावर प्लांट में पर्याप्त है। 19 दिन की जरूरतों के लिए कोयला का पर्याप्त भंडार है।


## भारतीय मानक ब्यूरो
(उपभोक्ता मामले विभाग, उपभोक्ता-मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार)
पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय
(4 वीं मंजिल से 8 वीं मंजिल) प्लॉट नंबर 7/7,7/8, सीपी ब्लॉक, सेक्टर-V, सॉल्ट लेक, (नबदिगंता बस स्टेशन के सामने, सेक्टर-V, सॉल्ट लेक, कोलकता) पश्चिम बंगाल -700091
ई-मेल-qscoero@bis.gov.in, फोन-033-23670014

### विज्ञापन सं. 01 (वाईपी)/2024/ईआरओ
**प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन के लिए यंग प्रोफेसनल्स की आवश्यकता।**

1. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक सांविधिक और भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, स्वर्ण/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग एवं प्रयोगशाला परीक्षण इत्यादि गतिविधियां संचालित करता है।
2. बीआईएस ऐसे भारतीय नागरिकों को 2 वर्ष के अनुबंध आधार पर यंग प्रोफेशनलों के रूप में बीआईएस के साथ काम करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है, जो प्रमाणित शैक्षणिक योग्यता, व्यावसायिक उपलब्धि, कम्प्यूटर पर टेक्नोलॉजी आधारित कौशल की अच्छी कार्यकारी जानकारी तथा प्रबल संवाद एवं पारस्परिक कौशल और नेतृत्व की योग्यता रखते हों। विज्ञापन का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र. संख्या | विवरण | यंग प्रोफेसनल्स | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 1. | पदों की संख्या (04) | 1 यंग प्रोफेसनल्स - पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता और कोलकाता स्थित दो शाखा कार्यालयों (केकेबीओ-I एवं केकेबीओ-II) के लिए।<br>1 यंग प्रोफेसनल्स - गुवाहाटी शाखा कार्यालय एवं सम्पूर्ण उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए।<br>1 यंग प्रोफेसनल्स - पटना और जमशेदपुर शाखा कार्यालय के लिए।<br>1 यंग प्रोफेसनल्स - भुवनेश्वर और रायपुर शाखा कार्यालय के लिए। | रु. 70,000/- रु. सत्तर हजार मात्र प्रति माह (नियुक्ति की तिथि से दो वर्ष के लिए निर्धारित) |
| 2. | भर्ती की प्रक्रिया | भारतीय मानक ब्यूरो के पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता में वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से अनुबंध-आधारित नियुक्ति। | |
| 3. | शैक्षणिक योग्यता | 10वीं और 12वीं कक्षा - अंकों का न्यूनतम प्रतिशत 60%<br>किसी भी विषय में नियमित स्नातक / किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में डिप्लोमा / बीई/बी-टेक - अंकों का न्यूनतम प्रतिशत 60%<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से मार्केटिंग/सेल्स में नियमित एमबीए या समकक्ष - अंकों का न्यूनतम प्रतिशत – 60% | |
| 4. | आयु सीमा | 02.06.2024 को आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। | |
| 5. | कार्य का विवरण | कृपया हमारी वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें- https://www.bis.gov.in/career-opportunities | |

3. पद के लिए विस्तृत विज्ञापन और आवेदन हेतु कृपया बीआईएस वेबसाइट देखें www.bis.gov.in/career-opportunities

हस्ता/-
-एमएससीओ (ईआरओ)
ईमेल : qscoero@bis.gov.in

## समाज सेवी संस्था "छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद् रायपुर" के अधीन संचालित संस्था खुला आश्रय गृह (बालक) एवं "वाणी वाचन, श्रवण एवं बहुप्रशिक्षण
### "पुनर्वास केन्द्र रायपुर" में रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| क्र | पद | रिक्त पद संख्या | योग्यता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Administravive officer | 01 | 1- MSW And minimum 2 to 5 year experience in this field<br>2- Experience wit<br>3- h office management software like MS Office. Proven work Experience as an Administrative Officer. | योग्यता अनुरूप |
| 02 | Audiologist | 02 | BASLP [Bachelor of Science in Audiology and Speech- Language Pathology And minimum 2-4 year experience in this field Approved by RCI | |
| 03 | Physiotherapist- | 03 | 1- Master degree in Physiotherapy (MPT-PEDIATRICS)<br>2- Bachelor in Physiotherapy [BPT] minimum 2 year experience in Special Child field | |
| 04 | Occupational therapist | 02 | Bachelor in Occupational Therapy (BOT) / (CBT) minimum 2-5 year experience in special child field | |
| 05 | Clinical Psychologist | 02 | M.A. Psychology [clinical]/ PGDRP [Post Graduate in Rehabilitation Psychology] approved by RCI | |
| 06 | Speech Therapist | 04 | 1- DHLS [Diploma in Hearing Language And Speech]/ Paramedical Speech Therapy/ Speech Language and Hearing Course approved by RCI<br>OR<br>2- Special B. ed HI or D. ed HI | |
| 07 | Special Educators | 02 | B. ed Special ID [Intellectual Disability] D. ed Spl. [ASD] Courses | |

शर्तेः- अ. आयु तथा शर्ते परिषद् के नियमानुसार तथा पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
ब. आवेदन सादे पेपर में स्वयं द्वारा तैयार कर सीधे/मेल द्वारा जमा कर सकते हैं।
स. आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 12 जून 2024, शाम 4:00 बजे तक।
टीप:- ''उम्मीद्वार अपना मो. न. एवं ईमेल पता अवश्य देवें।
साक्षात्कार की सूचना मो. न. पर फोन/SMS/Email द्वारा ही दी जावेगी''।
कार्यालय दूरभाष नं. -77239-88198, 91748-88001, 91748-88005
e-mail:cgsccwel@gmail.com

महासचिव
''छ.ग. राज्य बाल कल्याण परिषद्'' रायपुर
सप्रे शाला परिसर, बिजली ऑफिस के पीछे, कालीबाड़ी रायपुर (छ.ग.)

## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
CRGB हमेशा आपके साथ
क्षेत्रीय कार्यालयः महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)
Mob:6232032095 I Tollfree 1800-233-2300, (PIN 492013)
E-mail:npa.ro.rai@cgbank.in I Web: www.cgbank.in

### सरफेसी अधिनियम 2002 (2002 का अधिनियम 54) के अंतर्गत बैंक में बंधक रखी गई अचल संपत्ति की नीलामी सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न ऋणियों को सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत मांग सूचना जारी किया गया था एवं सरफेसी अधिनियम 13(4) के अंतर्गत बंधक संपत्ति पर भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया है। बैंक की बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित की वसूली हेतु निम्नलिखित बंधक अचल संपत्ति की ''नीलामी जहाँ है जैसा है'' के आधार पर किया जाना हैः-

| क्रं. | संपर्क शाखा | ऋणी का नाम एवं जमानतदार का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना एवं राशि (रू.में)/ आधिपत्य की तिथि/कब्जा प्रकार | आरक्षित मूल्य (Auction Amount) | धरोहर राशि (EMD Amount) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुरानीबस्ती मो.6232032029 | ऋणीः-1) श्रीमती बीना ठाकुर पति श्री अखिलेश सिंह ठाकुर 2) श्री अखिलेश सिंह ठाकुर पिता श्री रघुवीर सिंह ठाकुर आवासीय पता-म.नं.27 कैपिटल सिटी फेस-3 सड्डू रायपुर | श्रीश्रीमती बीना ठाकुर एवं अखिलेश सिंह ठाकुर की बंधक संपत्ति (भूमि) का विवरणः- मौजाः- ख.क्र-15001/37, प.ह.न.-20, जी.के. टाउनशिप सिलतरा- रा.नि.मं.- धरसीवा, ग्राम-सिलतरा तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.)। प्लाट क्र.- 358,359,360,361,362 प्रत्येक प्लाट- 750 वर्गफीट कुल 750*5=3,750 वर्गफीट चौहददीः-उत्तर-प्लाट नं.-357, दक्षिण-प्लाट नं.- 363, पूर्व-प्लाट नं.323-327, पश्चिम-रास्ता। | 17.03.2022, रू.29,63,781/-+ ब्याज +अन्य व्यय/ 12/07/2022 भौतिक कब्जा | प्रत्येक प्लाट हेतू 1- रू.2,87,000/- | रू. 28,700/- |
| 2. | पुरानीबस्ती मो.6232032029 | ऋणीः-1) श्रीमती वर्षा साहू पति श्री वालेश कुमार साहू 2) श्री वालेश कुमार साहू पिता श्री मदन कुमार साहू पता- राजीव पाण्डेय मं.न.37/9 पी.एस. सिटी चंगोराभाठा रायपुर | श्री श्रीमती वर्षा साहू एवं वालेश कुमार साहू की बंधक संपत्ति (भूमि) का विवरणः- मौजाः- ख.क्र.-15001/1, का भाग, प.ह.न.-20, जी. के. टाउनशिप सिलतरा-प्लाट नं.रा.नि.मं.धरसीवा,ग्राम सिलतरा तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.)। प्लाट क्र.- 940, एवं 941 प्रत्येक प्लाट-1000 वर्गफीट कुल 1000*2=2000 वर्गफीट चौहददीः-उत्तर-प्लाट नं. 942, दक्षिण-प्लाट नं.939, पूर्व- रास्ता, पश्चिम-936,937। | 20.05.2022 रू.22,15,528/-+ ब्याज +अन्य व्यय/ 30/08/2022 भौतिक कब्जा | प्रत्येक प्लाट हेतू रू.3,60,000/- | रू. 36,000/- |
| 3. | दलदलसिवनी मो.6232032050 | ऋणीः-1) श्री लक्ष्मण सेन पिता गणेश सेन | श्री लक्ष्मण सेन की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः-मौजाः- EWS FLAT-26/103 हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम-परसदा कुम्हारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 403 वर्गफीट। | 07.06.2022 रू.7,09,229/-+ ब्याज +अन्य व्यय/ 30/08/2022/ भौतिक कब्जा | रू. 3,98,000/- | रू. 40,000/- |
| 4. | सिरपुर मो.6232032064 | ऋणीः-1) श्री मती दीपशिखा कोसले पति श्री अशोक कोशले 2) श्री अशोक कोसले पिता श्री नारायण प्रसाद कोसले,आवासीय पता-ग्राम पीढ़ी पोस्ट लंहानगर सिरपुर महासमुंद | श्री मती दीपशिखा कोसले की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः- ख.क्र.-640/2 प.ह.न.-42, रा.नि.मं.-महासमुंद, यति यतनलाल वार्ड नं.-2 इमलीभाटा तहसील एवं जिला-महासमुंद (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 1900 वर्गफीट। चौहददीः- उत्तर-सुनीता टंडन का मकान, दक्षिण- रास्ता, पूर्व-रास्ता, पश्चिम-उमेश का मकान। | 07.06.2023 रू.18,57,683/-+ ब्याज +अन्य व्यय/ 27/09/2023/ भौतिक कब्जा | रू.14,01,000/- | रू.1,41,000/- |
| 5. | संतोषी नगर मो.6232032030 | ऋणीः-1) श्री संतोष गुप्ता पिता श्री सूरज गुप्ता | श्री संतोष गुप्ता की बंधक संपत्ति (भवन) का विवरणः- मौजाः-ख.क्र.-981/4, नया प.ह.न.-49, रा.नि.मं.- रायपुर, कृष्णा नगर गली नं.-6 गुढ़ियारी जिला- रायपुर (छ.ग.)। कुलक्षेत्रफलः- 575 वर्गफीट। चौहददीः- उत्तर- रास्ता, दक्षिण- राधाबाई का मकान, पूर्व- रास्ता, पश्चिम- नारायण का मकान। | 07.06.2023 रू.27,85,085/-+ ब्याज +अन्य व्यय/ 30/08/2022/ भौतिक कब्जा | रू.21,32,000/- | रू.2,15,000/- |

ऋणियों जमानतदारों, बंधककर्ता की सूचित किया जाता है कि बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य खर्चें का भुगतान नीलामी के पूर्व कर देवें। बिक्री पश्चात अन्य कोई शेष बकाया राशि की वसूली का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है।

**नीलामी तिथि 02.07.2024 समय 12:00 बजे से**
**नीलामी स्थान :- छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय - रायपुर महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, रायपुर (छ.ग.)**

नीलामी के नियम एवं शर्तें:- (1) **नीलामी जहाँ है जैसा है** के आधार पर हो रही है। (2) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी तक नीलाम की जा रही संपत्तियां भरमुक्त है फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व ''संपत्ति पर भारित ऋण भार''संपत्ति का स्वत्वाधिकार दावे देय आदि जो किसी भी प्रकार से संपत्ति को प्रभावित करते हो के विषय में स्वतंत्र निरीक्षण एवं जानकारी प्राप्त कर संतुष्ट होने के बाद ही निविदा जमा करें। संपत्ति का निरीक्षण सम्बंधित शाखा से संपर्क कर किया जा सकता है। **उपरोक्त संपत्ति एवं उन पर सभी प्रकार के वर्तमान एवं भावी प्रभार/ऋण / भार/दावे स्वत्वाधिकार जो कि बैंक की जानकारी में है या नही है के सहित विक्रय की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार से अन्य पक्षकार के दावे/अधिकार/देयता के प्रति उत्तरदायी नही होगा।** (3) इच्छुक निविदाकर्ता /खरीददार अमानत (धरोहर) राशि जो कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक A/c (ऋणी का नाम एवं शाखा का नाम) के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता /खरीददार शाखा का नाम, ऋणी का नाम स्पष्ट रूप से लिखकर निविदा राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वंय के पहचान पत्र, निवास प्रमाण, पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रतियाँ तथा मोबाइल नंबर, e-mail Id इत्यादि प्राधिकृत अधिकारी छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पास दिनांक 01.07.2024 तक जमा करना होगा (5) सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि विक्रय मूल्य में समायोजित की जायेगी एवं असफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि वापस कर दी जायेगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार को विक्रय मूल्य का 25% राशि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निविदा स्वीकार करने पर आगामी दिवस (दिनांक 03.07.2024) को जमा करना होगा एवं शेष 75% राशि नीलामी तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा अन्यथा खरीददार द्वारा पहले भुगतान/जमा सम्पूर्ण राशि बैंक द्वारा जब्त कर ली जाएगी। भुगतान में चुक होने पर संपत्ति की पुनः बिक्री की जायेगी और उस पर खरीददार का किसी भी प्रकार का संपत्ति/राशि पर दावा मान्य नही होगा। (6) सफल खरीददार को स्टाम्प डयूटी, पंजीकरण शुल्क, संपत्ति कर आदि समस्त खर्चों का भुगतान स्वंय करना होगा। **(7) विक्रय संपत्ति पर बकाया शासकीय एवं अन्य भुगतान की जिम्मेदारी खरीददार की होगी।** (8) प्राधिकृत अधिकारी की यह पूर्ण अधिकार होगा की वह किसी भी बोली प्रस्ताव/प्रस्तावों को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर दें या फिर बिना कारण बताए नीलामी प्रक्रिया को स्थगित अथवा निरस्त कर दें। (9) बैंक द्वारा विक्रय की पुष्टि होने के पश्चात एवं भुगतान की शर्तों का अनुपालन होने पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा विक्रय प्रमाण पत्र सफल निविदाकर्ता के नाम से ही जारी किया जावेगा। इसमें किसी अन्य व्यक्ति/संस्था का नाम जोड़ना/हटाना संभव नही होगा। (10) संपत्तियों की नीलामी वित्तीय आस्तियों का प्रातिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियमों/निर्धारित शर्तों के अधीन की जा रही है। (11) नीलामी हेतु निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 01.07.2024 तक क्षेत्रीय कार्यालय-रायपुर महादेव घाट रोड, सुंदरनगर, (छ.ग.) रायपुर में जमा लिया जायेगा। (12) यदि किसी कारण से नीलामी की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो नीलामी अगले कार्यदिवस में संपन्न होगी।

दिनांक 01.06.2024

प्राधिकृत अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय - रायपुर

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार

### मशोरा टोल प्लाजा कि.मी.216.400 पर दिनांक 03.06.2024 से लागु संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दर हेतु जन सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क दर का अनुमोदन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा पत्र दिनांक 27.03.2024 के अनुसार किमी. 180.000 से किमी. 241.000 (बेड़मा से दहीकोंगा सेक्शन) की रा.रा.-30 के उपयोग के लिए संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क मशोरा टोल प्लाजा (कोंडागांव जिले में मशोरा गांव के पास, 216.400 कि.मी. पर) राज्य छत्तीसगढ़ में दिनांक 03.06.2024 (00:00:01 घंटा) से प्रभावी संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क निम्न दरों से लागु किया जा रहा है:- राशि रु. में

| वाहन का प्रकार | एकतरफा यात्रा शुल्क | एक दिवस में वापसी यात्रा शुल्क | पचास यात्राओं के लिए मासिक शुल्क | जिले में पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों के लिए शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 60.00 | 95.00 | 2070.00 | 30.00 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 100.00 | 150.00 | 3345.00 | 50.00 |
| बस या ट्रक (दो धुरी) | 210.00 | 315.00 | 7010.00 | 105.00 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 230.00 | 345.00 | 7645.00 | 115.00 |
| भां.सं.म. या अ.मू.उ. या ब.धु.व. (चार से छह धुरी वाले) | 330.00 | 495.00 | 10990.00 | 165.00 |
| बड़े आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 400.00 | 600.00 | 13380.00 | 200.00 |
| टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों के लिए वर्ष 2024-25 के मासिक पास की दर रुपये 340/- रहेगी। | | | | |

2. उपरोक्त खण्ड को सार्वजनिक निधियों के तहत विकसित किया गया था (उपरोक्त खण्ड EPC आधार पर दिनांक 28.01.2015 के अनुबंध के प्रावधान के अनुसार विकसित किया गया था और अथॉरिटी इंजीनियर द्वारा पत्र दिनांक 23.05.2018 को 61.17 कि.मी. की पूर्ण लंबाई व्यावसायिक कार्य उपयोग हेतु प्रमाणित किया गया था।) उपरोक्त दरें 61.17 किलोमीटर की पूरी लंबाई के लिए लागू हैं, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

| खण्ड के प्रकार | लंबाई (कि.मी.) | समतुल्य लंबाई (किलोमीटर) जिसके लिए उपयोग शुल्क लिया जाना है | लेन विन्यास |
|---|---|---|---|
| सीधा खण्ड | 52.1225 | 52.1225 | 2-लेन |
| | 8.640 | 8.640 | 4-लेन |
| बॉयपास (लागत > रू.10.00 करोड़) | 0 | 0 | 0 |
| संरचना (लंबाई > 60 मीटर) | 0.4075 | 4.075 | 2-लेन |

3. उपरोक्त टोल प्लाजा पर निम्नलिखित रियायते उपलब्ध है:-
(अ) सभी प्रकार के वाहनों के लिए केवल FASTag के माध्यम से भुगतान पर 24 घन्टे के अंदर वापसी यात्रा (छुट 25 प्रतिशत)।
(ब) सभी प्रकार के वाहनों के लिए केवल FASTag से भुगतान दिनांक से एक माह के अंदर 50 एकतरफा यात्रा (छुट 33 प्रतिशत)।
(स) टोल प्लाजा से 20 किमी के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिए निजी वाहनों जिनमें FASTag लगा हो के लिए रुपये 340/- के दर पर मासिक पास।
(द) टोल प्लाजा के जिले में पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन (राष्ट्रीय परमिट के अधीन चल रहे वाहनों को छोड़कर) के लिए केवल FASTag के माध्यम से भुगतान पर एकतरफा यात्रा (छुट 50 प्रतिशत)।
4. छूट प्राप्त वाहनों की सूची 03.12.2010 जीएसआर 950 (ई) के संशोधन अनुसार होगी।
5. निर्धारित भार से अधिक भारग्रहित वाहनों से लागू शुल्क दर का दो से दस गुना भारत के राजपत्र अधिसूचना सा.का.नि. 920(अ) दिनांक 25.09.2018 के अनुसार वसुल किया जाएगा।
6. परियोजना की पूंजीगत लागत रु. 313.40 करोड़ है। पूँजी लागत की वसूली हो जाने पर उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरें घटाकर 40% की जाएंगी।
7. राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 22.07.2019 की शुल्क अधिसूचना, दरों के अनुमोदन वाले एनएचएआई के पत्र दिनांक 27.03.2024 आदि को देखने के लिए वेबसाइट http://nhaitis.org पर देखी जा सकती हैं।
8. किसी प्रकार की पूछताछ और/या शिकायतों/सुझावों के लिए नाम एवं पता निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| प्रतिनिधि का नाम | श्री पंकज ओझा, परियोजना निदेशक, भा.रा.रा.प्रा., प.का.ई.-धमतरी (छ.ग.) |
| पता | ब्लॉक एफ-5, शिवराज ग्रीन्स, सिहावा रोड, धमतरी |
| संपर्क नम्बर | 8130006233 |

महत्वपूर्ण सूचना:- दिनांक 15/02/2021 से सभी टोल लेन FASTag लेन घोषित कर दिये गये हैं एवं उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान केवल FASTag के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। वो उपयोगकर्ता, जो कि FASTag लेन में नगद भुगतान करने के इच्छुक होंगे, उन्हे लागू दरों का दो गुना भुगतान करना पडेगा। इसके अतिरिक्त वापसी यात्रा रियायत एवं स्थानीय यात्रा रियायत केवल FASTag द्वारा भुगतान किये जाने पर ही मान्य होगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

# शराबी पिता से परेशान था परिवार, विवाद के दौरान टंगिया से हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शराब के नशे में वाद-विवाद करने के चलते पिता को पुत्र ने टंगिया से मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हालाडुला निवासी शेषलाल नेताम 46 वर्ष बोरवेल वाहन में मजदूरी का काम करता था, जो 15 दिन या महीनेभर में अपने घर आता था। वह घर पर शराब पीकर वाद-विवाद करता था। वह हाल ही में अपने घर आया हुआ था। 30 मई को शराब के नशे में घर पर शेषलाल सोया हुआ था। परिवार वालों द्वारा नैतिकता से खाना खाने के लिए उठाने पर वह उठकर नशे की हालत में अपना पैसा दो कहकर अपनी पत्नी मीनाबाई से वाद-विवाद कर घर के कोठा में रखे लोहे के टंगिया से मारने लगा।

## ऑटो की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** आटो की चपेट में आने से बाइक सवार युवकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि सोन डोंगरी रायपुर निवासी सूर्यकांत शनिवार सुबह अपनी बाइक से काम से जा रहा था। इस दौरान कुम्हारी ओवर ब्रिज अपेक्स अस्पताल पास पहुंचा ही था। इस दौरान ऑटो की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# विवाद के बाद ससुर ने लगाई आग, गंभीर

**भिलाई।** बहु से विवाद के बाद ससुर ने अग्नि सनान करने का मामला सामने आया है। ससुर को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 1 जून सुबह 9:30 बजे जामुल विश्वकर्मा चौक जहां पर नरेंद्र पांडे नाम के वृद्ध ने अपने शरीर पर डीजल उडेंलकर अग्नि स्नान कर लिया। घटना के समय बहु माधुरी पांडे घर पर थी। माधुरी पांडे ने बताया कि 5 -6 दिन पहले से उनके और उनके सास ससुर के बीच अनबन चल रही थी। माधुरी पांडे ने बताया कि उनके पति के निधन के बाद अपने देवर से शादी कर ली थी। जिसे लेकर उनके साथ ससुर से हर रोज विवाद होता रहता था। पुलिस से सहायता भी ली गई थी। एक महीने के वार्निंग के बाद अलग-अलग रहने की बात आई थी। पिछले 6 से 7 दिनों से माधुरी के साथ ससुर घर से बाहर थे अचानक ससुर आते हैं। घर में रखा फ्रिज खोलते हैं फ्रिज खोलने के बाद उसमें मौजूद सामान देखते हैं। उसके बाद जब उनकी बहू झाड़ू लगाने के लिए दूसरे कमरे में जाती है। तब ससुर खुद पर डीजल उडेंलकर आग लगा लिया।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152




## Appointment
## आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** लेडी वाईस प्रिंसीपल, इंचार्ज, क्लर्क, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम में- साइंस, मैथ्स, फिजीक्स, केमिस्ट्री, बायो, सोशल साइंस, इंगलिश, इकोनॉमिक्स एकाउंट पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, आया की आवश्यकता हैं। **साक्षात्कार 05-06-2024 प्रातः 9:30 बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.** (RO-7480)

**आवश्यकता है-** शिक्षक चाहिए श्री अरविंद काम्पलेक्स कचना, रायपुर में आवश्यकता है प्री- प्राइमरी स्कूल शिक्षिका की योग्यतानुसार वेतन। स्नातक, अनुभव, संगीत / चित्रकला खेल-खेल में शिक्षा। पता - 37 मौल **श्री विहार पुरैना, रायपुर 492006 संपर्क 9691691012.** (RO-6263)

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषयः- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषयः- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

**आवश्यकता है-** शिक्षक शिक्षिकायें की आवश्यकता* व्ही एन एस स्कूल लक्ष्मी नगर सुपेला प्री प्राइमरी, प्राइमरी 20पद , सा. विज्ञान ,विज्ञान , अंग्रेजी , कॉमर्स , एकाउंट, बायो , भौतिक, रसायन, गणित, प्रति विषय 4-4पद, अंग्रेजी माध्यम* ड्राइवर, आया 5-5 पद **-8349079539.** (Ro-496)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** English Medium School Nursery to 10th के लिए शिक्षिकाओं की आवश्यकता है । अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य आवेदन जमा करने की **अंतिमतिथि 15.06.2024 महर्षि दयानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल गयानगर दुर्ग,** Wattsapp No. – **9425235536** Landline No. **0788-2357613.** (Ro-497)

### घरेलू कार्य

**आवश्यकता है-** नेहरू नगर भिलाई में गृह कार्य के लिए एक महिला उम्र 30 से 40 वर्ष के बीच रहने वह खाना मुफ्त वेतन योग्यतानुसार । **संपर्कः- अमर , मो. न.- 93290 09697.** (Ro-498)

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे की बाई /युवती चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। **स्थानः तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे मोबाइल नंबरः- 9575042814.** (RO-2784)

### कूक

**आवश्यकता है-** कुक चाहिए देवेंद्र नगर सेक्टर 5E/ 176 में खाना बनाने हेतु अनुभवी महिला कुक की आवश्यकता है रहने की व्यवस्था है **मोबाइल - 9826136230.** (RO-6257)

### स्टाफ/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** स्टाफ कम ड्राइवर चाहिए विधान सभा के 5 किलोमीटर रहने वाले को प्राथमिकता वेतन 15000/- से 20000/- मासिक आधार कार्ड/ लाइसेंस के साथ मिले हमाली कार्य करने के लिए 5 मजदुर जो ठेके से काम करें। **कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल बंजरपारा सड्डु मोबाइल - 7725800600, 9826141178.** (RO-6260)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, **संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.** (RO-4422)

**आवश्यकता है-** किराना व डेलीनिड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की (अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्कः- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.-9826684859, 8109302808. (आरो नं.-6340)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. **मोबाइल 7067048454.** (RO-6260)

### कूक

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर में झाड़ू, पोछा, कपड़ा, बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुष महिलाएं चाहिए, गुटखा, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले ही **संपर्क करें 9300593000.** (RO-1206)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ड्राइवर की जो की ऑटोमैटिक और मैनुअल कार चला सके, 5-10 साल का अनुभव होना चाहिए, इ्यूटी टाइम **सुबह 8:30 - शाम 7:30 तक रहेगा। वेतन योग्यतानुसार स्थानः मेट्रो हाइट सोसायटी, तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्कः- 7024416652.** (RO-2779)

**आवश्यकता है-** 4 ड्राइवर एवं हेल्पर की अशोक लीलैंड दोस्त गाड़ी से माल डिलीवरी करने के लिए **संपर्क पताः- रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गोंदवारा भनपूरी मोबाइल नंबरः- 07772016666.** (RO-2778)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** अल्फा सिक्योरिटी में 12 घंटे ड्यूटी करने के हेतु 100 गार्ड की आवश्यकता है । **संपर्क करें मो -70447-10812, 80550-17111** (D-560)

**आवश्यकता है-** मालोदे विलास बसंत राव सिक्योरिटी एजेंसी में भूतपूर्व सैनिकों की आवश्यकता है सिक्योरिटी गार्ड के लिए डीजीआर रेट पर लोकेशन रायगढ़ कोरबा एवं बिलासपुर **संपर्क करें:- 8839683742.** (RO-2786)

### सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** खरोरा व दोन्दे स्थित पेवर व ब्रिक निर्माता कंपनी को सुपरवाइजर की (योग्यता12 पास) 2-पद एवं कंप्यूटर (basic knowledge ) सुपरवाइजर (युवक/युवती) 2-पद की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध **सम्पर्क करें: 9301432563.** (RO-97)

**आवश्यकता है-** फलदार वृक्षों की खेती से संबंधित जानकर सुपरवाइजर की आवश्यकता है अनुभवी ही **संपर्क करे, मोबैयिल, 9302240005.** (RO-M)

### सैल्समेन

**आवश्यकता है-** युवराज मार्बल एंड ग्रेनाइट में सेल्समैन -2पद, योग्यता 12वी पास , अनुभवी को प्राथमिकता **पता- धमधा नाका ओवर ब्रिज के पास दुर्ग मो- 88788-46666.** (Ro-489)

**आवश्यकता है-** प्लास्टिक लाइन के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार स्वयं आकर ही **संपर्क करें प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 98261-13735. समय 11:00 से 8:00 बजे** (RO-4423)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** महिमा हॉस्पिटल , उतई भिलाई , जिला - दुर्ग (छ. ग.) पिन कोड - 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैं : एम.बी.बी. एस- 5 पद, बी.एससी नर्सिंग व GNM व ANM - मेल 10 पद और फीमेल 10पद , आई.सी.यू इंचार्ज- मेल 10 पद और फीमेल 10पद, बी.ए. एम.एस डॉक्टर- 5 पद, एक्सरे टेक्निशियन -5 पद, लैब टेक्नीशियन -5पद, OT टेक्नीशियन -5पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़के चाहिए- 5पद **संपर्क करें। मो.- 99071-27097, 97132-11728, 75870-08451.** (आरो न.-6338)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### सेल्समैन/अकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** प्लाईवुड हार्डवेयर शोरूम के लिए निम्न पदों पर अनुभवी विवाहित मेल फिमेल अकाउंटेंट 2 सेल्समेन 2 लेबर 2योग्यतानुसार वेतन 4से5 अंको में **प्लाईरंज ग्रीन चौक पेट्रोल पम्प के पीछे दुर्ग संपर्क 11 से 1 बजे मो.- 94252-37341.** (Ro-494)

### सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** ज्वैलरी शॉप में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल्स, एक बॉय की आवश्यकता है **संपर्क करें:- ओम ज्वैलर्स शॉप नं. 64बी इंदिरा मार्केट दुर्ग।** (आरो नं.-6339 )

### आफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्कः- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10-12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 रहना, खाना, ट्रैवल, ट्रेनिंग फ्री। ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 **सम्पर्क करें- 8871422576, 9981576163.** (RO-343091)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** सुमित बाजार के नए प्रतिष्ठान में काम करने के लिए लडके और लडकी की आवश्यकता है सुमीत बाजार **,न्यू कोमल ज्वेलर्स के पास लिंक रोड पावर हाउस भिलाई - 92293-93942.** (Ro-495)

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** (1) AutoCAD civil (male,female) (2) हिंदी लिखने वाले हैंडराइटिंग अच्छी होनी आवश्यक है **संपर्क करें समता कॉलोनी महाराजा अग्रसेन कॉलेज के पास 8349709842.** (RO-2358)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक सामान की मार्केटिंग कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है, सैलरी + कमिशन 9000/- से 15000/- महीना, वेतन योग्यताअनुसार **संपर्क करें- 8962274079, 7749818444.** (RO-6259)

### सर्वेक्षण

**पन्ना पम्पस्- भूजल सर्वे & वास्तु-** कृषि घरेलू प्लाट, मकान, फैक्ट्री इत्यादि स्थलों में बोरवेल हेतु पानी जांच एवं सर्व वास्तु समस्या दोष निवारण कार्य (विगत 35 वर्षों से) **सम्पर्क -78692-39984 पन्ना लाल चन्द्राकर सिकोला बस्ती दुर्ग** (Ro-492)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ-3, OT नर्स/ ब्रदर-1 एवं OT Technician-1 की आवश्यकता है Salary अनुभव के आधार पर (Rs 10000 से 20000) CV के साथ **सम्पर्क करें- अग्रवाल प्लास्टिक सर्जरी सेंटर, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ि नाका, रायपुर Mob- 9575042809 (10am से 7pm)** (Ro-35298)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification Call/ SMS/ WhatsApp/ **करें - 07903284986.** (RO-233)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Medical
## चिकित्सा

**आयुर्वेदिक-** बैगा द्वारा छत्तीसगढ़िया उपचार जैसे चर्म रोग थायराईड, लीवर, किडनी, पथरी, जोड़ों का दर्द शुगर, बवासीर, लकवा, माइग्रेन, खून की कमी स्त्री रोग, साइटिका, एलर्जी, नसों की कमजोरी पेट रोग सभी प्रकार के पुराने व असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाई द्वारा किया जाता है साथ ही ज्योतिष विचार देखा जाता है **मोबाइल नंबर 8461886239** (RO-995)

## Business
## व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (Ro-2741)

## Property
## प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** दुर्ग **अंजोरा- रायपुर भारतमाला हाईवे से थोड़ी ही दूरी पर, बिरेझर में मात्र 111/- फीट में फार्म हाऊस हेतु उपयुक्त 11000 sqft. भूमी उपलब्ध। मो. 9993135732.** (Ro-482)

**प्लॉट बेचना है -** घर/ गोडाऊन हेतु लक्ष्मी नगर (दुर्गा पारा) में 2044 स्क्वायर फीट डायवर्टेड प्लॉट बेचना है **संपर्क- 8120840550.** (RO-6262)

**बेचना है -** खरोरा से 9 किलोमीटर आगे भैंसा (बलौदा बाजार) में एक एकड़ सर्वसुविधायुक्त फार्म हाउस बेचना है चार स्टोर रूम, 1 BHK मकान चारों ओर बाउंड्री वॉल 45 डिसमिल तालाब, बोर वास्तविक खरीददार **संपर्क करें:- 8103731973.** (RO-2781)

**बेचना है-** (60x170) साइज 10200 स्क्वायर फीट, का आवासीय डाइवर्टेड प्लॉट प्राइम लोकेशन, सेंट जोसेफ स्कूल, अम्लीडीह, रायपुर से लगा हुआ अर्जेंट बेचना है। (इन्वेस्टर या बिल्डर संपर्क करें), 90% बैंक फाइनेंस की सुविधा। **संपर्क करें:- 9165586666, 9584444523.** (RO-2785)

**फ्लैट बेचना है-** नया रायपुर सेक्टर 27 में स्थित एक 1 बीएचके का फ्लैट बेचना है। कृपया इच्छुक व्यक्ति ही **संपर्क करें- दलाल संपर्क ना करें। मो.- 7354155330, 9265958096.** (RO-606)

## For Rent
## किराया

**किराये से देना है-** पंडित रवि शंकर यूनिवर्सिटी के पीछे डूमर तालाब 15000 वर्गफुट बिल्डिंग + पार्किंग कॉलेज, कोचिंग कॉर्पोरेट ऑफिस हेतु उपयुक्त पूर्व मे नर्सिंग कॉलेज, DDUGKY संचालित था **संपर्क करे:- 9926127770, 9827999244.** (RO-2780)

**किराये से देना है-** ग्राम- डगनिया, तह-गुंदरदेही (दुर्ग- बालोद मेन रोड) 4200 वर्गफीट में निर्मित गोडाउन किराए से देना है। **संपर्क : 89595-44444.** (Ro-493)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।













### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**
महाराष्ट्रीयन तलाकशुदा 47 वर्षीय प्राईवेट कर्मचारी हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं छत्तीसगढ़ वासियों को प्राथमिकता।
संपर्क करें- 7869005408

### वधु चाहिए

**वधू चाहिए**
गवर्नमेंट जॉब, दिव्यांग पुरूष (100% ब्लाइंड) उम्र 36 वर्ष, हाइट 5'-5" सरकंडा बिलासपुर निवासी हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं (40% से अधिक और आंखों से दिव्यांग संपर्क ना करें)
संपर्क करें 7049076472 8827118285

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**
39 वर्षीय सरदार (व्यवसाय प्रॉपर्टी डीलिंग, मोबाइल शोरूम) हेतु एजुकेटेड एवं नॉनएजुकेटेड अविवाहित, तलाकशुदा, सुयोग्य वधु चाहिए। बच्चे वाली नहीं।
संपर्क करें- 9171237472 8818862951

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**
सिन्धी, युवक सुन्दर सुशील स्मार्ट उम्र 38 वर्ष, हाइट 5'-9" शिक्षा B.Com, बिजनेसमैन तलाकशुदा हेतु सुन्दर सुशील वधु चाहिए। तलाकशुदा एवं गरीब कन्या भी मान्य
सम्पर्क करें 9302855022

### वर चाहिए

**वर चाहिए**
उम्र 27 वर्षीय कन्या के विवाह के लिए वर चाहिए। (कन्या का माँ के अलावा कोई नहीं हैं) मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। घर जमाई, तलाकशुदा, विधुर, नौकरी, पेशा, व्यवसायी मान्य।
संपर्क करें- 8085804873

### वर चाहिए

**वर चाहिए-** सतनामी (मधुकर कन्या) 32, 5' 2'', MA हिंदी आईटीआई ,सीटीआई, कन्या हेतु वर चाहिए। अन्य जाति भी मान्य। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। मो.-78989-70604 (468)

**वर चाहिए-** झेरिया साहू, गंगबोईर, सुंदर, 30वर्ष, बी.कॉम., एम.कॉम., पी.जी. डी.सी.ए. कन्या स्वजातीय वर चाहिये। छत्तीसगढ़ निवासी ही संपर्क करें- 9826127284, 9977600910 (999)



# हम सभी को निभाना होगा पर्यावरण रक्षा का दायित्व

पर्यावरण की दिनों-दिन बिगड़ती स्थिति और बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग किसी एक व्यक्ति, क्षेत्र या देश की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक संकट है। इसलिए इससे निपटने, इसका प्रभावी समाधान खोजने के लिए हम सभी को इस संकट की गंभीरता को समझने के साथ ही अनेक स्तरों पर सामूहिक प्रयास करने होंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि ये प्रयास तभी अपेक्षित परिणाम लाएंगे और पर्यावरण संरक्षण में प्रभावी सिद्ध होंगे, जब युवा वर्ग अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाएगा।

{ आवरण कथा / दिव्यज्योति 'नंदन' }

हालांकि दुनिया में युवावस्था की कोई सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत अंतरराष्ट्रीय परिभाषा नहीं है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र 15 से 24 वर्ष आयु के लोगों को युवाओं के रूप में संदर्भित करता है। वर्तमान में इस उम्र समूह के दुनिया भर में 1 अरब 20 करोड़ युवा हैं और साल 2030 तक इनकी संख्या 7 फीसदी बढ़कर 1 अरब 30 करोड़ हो जाएगी। युवाओं का यह लेखा-जोखा हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि यूनाइटेड नेशन एंवॉयर्नमेंट प्रोग्राम (यूएनईपी) के कार्यकारी निदेशक इंगर एंडर्सन का मानना है कि ये इस दौर के युवा ही हैं, जिन्हें विरासत में एक टूटा हुआ ग्रह मिला है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कहते हैं, 'अब ग्लोबल वार्मिंग को रोकने का सारा दारोमदार युवाओं पर ही है।' गुटेरेस के शब्दों में युवाओं में असीम ऊर्जा होती है और इतिहास में मानवता जब-जब किसी संकट का शिकार हुई है, तब ये युवा ही हैं, जिन्होंने उसे संकट से निकाला है। युवाओं की असीम ऊर्जा उनके विचारों और योगदान पर निर्भर करती है। आज हर दिन ब्रह्मांड का अपना खूबसूरत ग्रह यानी धरती, विनाश के दलदल में समाती जा रही है। ग्लोबल वार्मिंग तो धरती के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। ऐसे में अब युवा ही हैं, जो इस धरती को नष्ट होने से बचा सकते हैं।



### युवाओं से ही बची है उम्मीद

चाहे इंगर एंडर्सन हों या एंटोनियो गुटेरेस, वो जिस तरह से युवाओं की तरफ धरती के ग्लोबल वार्मिंग को रोकने या इसे बचाने के लिए उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं, उसका मतलब है कि लोग अब मौजूदा सरकारों, बड़ी-बड़ी बात करने वाले संगठनों पर से दुनिया की सेहत वापस लौटाने का भरोसा खो चुके हैं। इसलिए अब युवाओं की तरफ देखा जा रहा है और संयोग से युवा भी अब इस समस्या की चिंताओं से अपने आपको बहुत गहराई तक जोड़ रहे हैं।

### आज के युवा हैं अधिक जागरूक

युवाओं के पास आज की इस गूगल नॉलेज वाली दुनिया में चीजों को समझने के अपने संसाधन और तौर-तरीके हैं। इसलिए आज के युवा पुरानी पीढ़ियों के मुकाबले कहीं ज्यादा गहराई से जानते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग दुनिया के पर्यावरण के लिए कितना बड़ा खतरा है और इससे क्या हो सकता है? युवाओं के पास पर्याप्त शिक्षा है और ग्लोबल युनिटी के लिए उनके पास इंटरनेट और सोशल मीडिया जैसा मंच भी है। यही कारण है कि आज यूरोप के 75 फीसदी नौजवान ग्लोबल वार्मिंग से चिंतित हैं। कम होती बायो डायवर्सिटी उन्हें परेशान कर रही है।

### समझते हैं समस्या की गंभीरता

दुनिया का युवा वर्ग, बाकी लोगों से ज्यादा संवेदनशील इसलिए भी है, क्योंकि वही गरमाती धरती और बिगड़ते पर्यावरण से भविष्य में आने वाले संकट को समझ रहा है। यह अकारण नहीं है कि आज दुनिया भर के युवा इस संकट से जागरूक हैं और इस पर बातें करते हैं। साल 2012 से ही मौजूद ग्लोबल यूथ बायोडायवर्सिटी नेटवर्क, बायो डायवर्सिटी के नुकसान पर युवाओं की राय और इसके समाधान में युवाओं की सोच को ऑथराइज्ड रूप से व्यक्त करना शुरू कर चुका था। यह संगठन अपने विभिन्न प्रस्तावों के माध्यम से लगातार बायो डायवर्सिटी पर कन्वेंशन में योगदान देता है और जैव विविधता के संरक्षण पर आगे बढ़कर भूमिका निभाता है। प्रसिद्ध जर्नल लैंसेट में प्रकाशित एक वैश्विक सर्वेक्षण के मुताबिक ग्लोबल वार्मिंग को लेकर दुनिया के करीब 60 फीसदी युवा बहुत चिंतित हैं और 84 फीसदी युवा कम ही सही लेकिन चिंतित हैं, भले इसके लिए उनकी नींद हराम न होती हों।



लेकिन ऐसे भी अनेक युवा हैं, जो इस पूरी समस्या से बहुत भावनात्मक स्तर पर जाकर जुड़ते हैं। वे उदास हैं, चिंतित हैं, अपनी सरकारों से नाराज हैं और गुस्से से भरे हैं, कई बार वे शक्तिहीनता का भी एहसास करते हैं और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में अपनी मजबूत भूमिका निभाना चाहते हैं। ऐसा योगदान देना चाहते हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन का यह भयावह दौर थमे। लेकिन यह बात भी है कि न तो एक हद से ज्यादा सरकारों को युवाओं पर भरोसा है और न ही युवा ही सरकारों पर भरोसा करते हैं।

### आरंभ कर दिए हैं प्रयास

अब युवाओं का एक बड़ा हिस्सा बल्कि कहना चाहिए नाराज हिस्सा, ग्लोबल वार्मिंग के लिए किए जा रहे अपने आंदोलन के माध्यम से सरकारों के विरुद्ध मुकदमा चलाने तक की बात कहने लगा है। यहां तक कि युवा स्थानीय और वैश्विक दोनो ही स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए अपनी जीवनशैली में बदलावों और ठोस समाधानों के लिए तैयार हैं, भले इसके लिए बड़ी मात्रा में संसाधन खर्च हों। यह अकारण नहीं है कि पिछले कई बार से आधिकारिक जलवायु परिवर्तन वार्ता के दौरान दुनियाभर के मुखर युवा वार्ता स्थलों पर मौजूद रहते हैं और समानांतर आयोजन, हस्तक्षेप, कार्यवाहियां, जो भी संभव हो, सब कुछ करते हैं। ऐसा करे भी क्यों न, युवा लोग जहरीली होती हवा, मिट्टी और पानी के प्रदूषण से प्रभावित हैं। प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण पर भी युवा किसी भी दूसरे आयुवर्ग के मुकाबले ज्यादा सहयोग के लिए तैयार हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि सरकारें सक्रिय नहीं दिखती हैं। दरअसल, ऐसा होने से उनके राजकाज संचालन में उन्हें फायदा नहीं होता। सरकारें अपने हितों के लिए हर उस कदम को उठाने से पीछे हट जाती हैं, जो ग्लोबल वार्मिंग पर निर्णायक प्रहार कर सकता है। इसलिए अब पूरे दुनिया में युवाओं के बीच यह समझ बनती जा रही है कि अगर सचमुच उन्हें अपने ग्रह को बचाना है तो ग्लोबल वार्मिंग के खात्मे के लिए एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाना ही पड़ेगा, चाहे इससे किसी को नुकसान क्यों न हो। युवाओं की यह गहराती धारणा बिल्कुल सही है। *

## सामूहिक प्रयत्नों से ही संवरेगा प्रकृति का वास्तविक स्वरूप



{ आह्वान / राजयोगी बीके निकुंज जी }

मनुष्य जीवन और प्राकृतिक परिवेश एक-दूसरे से घनिष्ठतापूर्वक जुड़े हैं, इसीलिए इनमें से किसी एक की गड़बड़ी से दूसरा प्रभावित हुए बिना रह नहीं सकता। व्यवहार विज्ञानियों के मतानुसार, वर्तमान में समूचे संसार में फैले मानव समाज की व्यावहारिक गड़बड़ियों का सबसे महत्वपूर्ण कारण पर्यावरणीय असंतुलन है।

**हम पहुंचा रहे प्रकृति को नुकसान:** पिछले कुछ दशकों में हुई वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी सामर्थ्य ने मनुष्य को काफी ताकत दे दी है। इसी वजह से आज हम पर्वतों को हटा सकते हैं, नदियों का मार्ग बदल सकते हैं, नए सरोवरों का निर्माण कर सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि हम प्राकृतिक जगत में काफी फेर-बदल कर सकते हैं। लेकिन कौन-सी फेर-बदल उचित है, कौन-सी अनुचित? क्या करने से सत्परिणाम सामने आएंगे, क्या करने से दुष्परिणाम? इन सभी बातों पर सोच-विचार किए बिना ही यदि हम प्रगति के नाम पर प्रकृति के साथ छेड़खानी करते रहेंगे, उसे भरपूर नुकसान पहुंचाएंगे तो इसे मूर्खता ही कहा जाएगा, जो हम दशकों से कर रहे हैं।



**हम सब समझें अपनी जिम्मेदारी:** जब हम आत्माएं इस संसार में आए थे तो बिना शरीर के आए थे। तत्पश्चात मां के गर्भ से हमें शरीर मिला और फिर कुछ महीनों बाद पृथ्वी पर हमारा जीवन प्रारंभ हो गया और हमने प्रकृति के विभिन्न तत्वों का उपभोग प्रारंभ कर दिया। शरीर धारण करने पर हमारा पहला उपभोग है ऑक्सीजन, जिसको लिए बिना हम जीवित नहीं रह सकते हैं, तभी तो कहा जाता है कि ऑक्सीजन बंद यानी, जीवन समाप्त। हम सब इस वायुमंडल में कार्बनडाइऑक्साइड को बढ़ाने और ऑक्सीजन को घटाने के लिए जिम्मेदार हैं, इसका स्मरण हम सभी को रहना चाहिए।

**हम निभाएं अपने दायित्व:** पिछले हजारों वर्षों से, अनेक जन्म-पुनर्जन्म लेकर हम इस धरती के वायुमंडल को दूषित करते आए हैं तो क्या यह हमारा पाप कर्म नहीं है? क्या यह हम पर प्रकृति का ऋण नहीं है? क्या इस ऋण से मुक्त होने के लिए हमने आज तक कुछ किया है? क्या हमने पेड़ लगाए? यदि लगाए, तो क्या इतने पेड़ लगाए और पाल-पोसकर बड़े किए जो हमारे द्वारा फैलाए गए प्रदूषण की भरपाई कर सके? याद रहे! इस विषय में हम किसी दूसरे की तरफ अंगुली उठाकर यह नहीं कह सकते कि इसने भी तो नहीं किया। क्या दूसरे की तरफ अंगुली उठा देने मात्र से हमारा ऋण उतर जाएगा? हम जब श्वास लेते हैं, तब तो चिंता नहीं करते कि दूसरे को भी ठीक से सांस आ रही है या नहीं। उस समय तो केवल अपने से सरोकार होता है, तो जब ऋण उतारने की बात आए तब भी तो खुद को ही देखना चाहिए ना!

**प्रकृति को दें भरपूर सम्मान:** श्रीमद भगवदगीता के तीसरे अध्याय में कहा गया है कि 'देवांभावयतानेन ते देवा भावयंतु वः' अर्थात तुम सब यज्ञ कर्मों द्वारा देवताओं की उन्नति करो और वे देवता तुम लोगों की उन्नति करेंगे। अब यदि आज के समय में इस श्लोक का भावार्थ किया जाए तो देवताओं को प्रसन्न रखने का अभिप्राय यहां प्रकृति को संतुलित और व्यवस्थित रखने से भी है। भला ऐसा क्यों? ऐसा इसलिए क्योंकि प्रकृति दैवीय शक्तियों की क्रीड़ा भूमि है और उसके अनुदानों से विश्व-वसुंधरा पुष्पित, पल्लवित होती और समुन्नत बनती है। अतः मनुष्यों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने कल्याणार्थ प्रकृति के साथ विवेकसम्मत व्यवहार करें और उसके आशीर्वाद का पात्र बनें, न कि श्राप का। अच्छे कर्म का फल अच्छा मिलता है और बुरे का बुरा, यह सर्वविदित है। कहने को तो यह सिद्धांत पुराना पड़ गया किंतु इसके पीछे छुपा तथ्य सनातन है और यह सिद्धांत सृष्टि के कण-कण में आज भी कार्य कर रहा है।

अतः यदि हम सब मां प्रकृति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करेंगे, उन्हें प्रदूषित नहीं करेंगे तो हमें उतना ही प्यार और स्नेह उनसे प्राप्त होगा, पर यदि हम उसके संसाधनों का दुरुपयोग करना जारी ही रखेंगे, तो फिर हमें सूखा, भूकंप, बाढ़, अकाल, भू-स्खलन जैसे प्राकृतिक प्रकोपों का सामना करना ही पड़ेगा। *

{ जागरूकता / वीना गौतम }

## मानव अस्तित्व के लिए खतरा बिगड़ता मौसम का मिजाज

इन दिनों पूरे भारत में इतनी तेज गर्मी पड़ रही है कि लगता है, मानो आसमान से आग बरस रही हो। मौसम की इस गर्माहट ने लोगों को ही नहीं, पशु-पक्षियों को भी बेचैन कर दिया है। वास्तव में मौसम के इस डरावने बदलाव ने बहुत कुछ बदल दिया है। यह हैरान करने वाला बदलाव इसी साल देखने को नहीं मिल रहा है। पिछले एक-डेढ़ दशक से यह बदलाव जारी है। समुद्री तूफानों की संख्या बढ़ती जा रही है।

**पूरी दुनिया है हैरान:** सिर्फ हम ही नहीं, पूरी दुनिया मौसम के बदलते मिजाज की तबाही झेल रही है। अमेरिका में पिछले एक दशक में न केवल समुद्री तूफान 30 फीसदी ज्यादा आए हैं, बल्कि ज्यादा तबाही मचाने वाले आए हैं। ब्रिटेन में बाढ़ का कहर लोगों पर आपदा बनकर टूटता है, तो चीन एक साथ सूखे और बाढ़ की चपेट में आ जाता है। मौसम का मिजाज हमेशा से ऐसा नहीं था। एक समय ऐसा था, जब ऋतुएं अपने समय पर आती थीं और मौसम भी समय पर ही बदलता था। लेकिन अब पूरी दुनिया में ऋतुओं का यह चक्र गड़बड़ा गया है। गर्मी का मौसम धरती को अब बुरी तरह से तपाने और सताने लगा है। इस मौसम के कारण अब जलस्रोत अकसर सूख जाते हैं और सूखे की मार झेल रहे किसान बस आसमान ताकते रह जाते हैं।





**लगातार गर्म हो रही धरती:** मौसम विज्ञानियों के अनुसार पृथ्वी की जलवायु लगातार गर्म हो रही है। पृथ्वी का तापमान पिछले सौ वर्षों के दौरान करीब 1.2 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ गया है। समूची धरती से जंगलों के सफाए हो रहे हैं, जंगल में लगने वाली आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। इस आग के कारण पूरे वायुमंडल में धुआं फैल रहा है। कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों के जलने से भी वायुमंडल में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा लगातार बढ़ रही है। पिछले तीन सौ सालों में ही वायुमंडल में कार्बनडाइऑक्साइड की मात्रा 30 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण साइबेरिया और अलास्का जैसे वन क्षेत्रों में भी आग लगने की भीषण दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण धीरे-धीरे ग्लेशियर पिघलकर सिकुड़ रहे हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। बढ़ते तापमान के कारण पिछले सौ वर्षों में दुनिया में समुद्रों का जल स्तर 10 से 25 सेंटीमीटर तक बढ़ चुका है। अगर यही हाल रहा तो समुद्रतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा और महासागरों में स्थित तमाम द्वीप डूब जाएंगे।

**स्थितियां हो सकती हैं भयावह:** वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्षा पर आधारित खेती में फसलों की उपज आने वाले दशकों में आधी रह जाएगी और अकाल का साया बढ़ता चला जाएगा। तापमान बढ़ने से टुंड्रा वनों तक हरियाली के नष्ट होने की आशंका है, जिसके कारण लाखों पशु-पक्षियों का जीवन संकट में पड़ सकता है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते जानकारों को आशंका है कि 2050 तक पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों की लगभग 10 लाख से अधिक प्रजातियां नष्ट हो जाएंगी। इन सभी समस्याओं के लिए इंसान ही अनिवार्य रूप से जिम्मेदार है। इसलिए दुनिया पर मंडराते इस संकट से निजात पाने के लिए हम इंसानों को ही आगे बढ़कर समाधान निकालना होगा। *

{ दोहे / अशोक अंजुम }

## गर्मी तानाशाह है



बढ़ी तपिश यूं हो रहे, सभी जीव बेचैन।
ऐसे में हड़ताल पर घर का टेबिल फैन।।
घर के भीतर आग है, घर के बाहर आग।
है 'अंजुम' चारों तरफ, यही आग का राग।।
गर्मी तानाशाह है, लू का गुंडाराज।
अब जाने कब गिर पड़े, अपने सिर पर गाज।।
पत्ता तक हिलता नहीं, पेड़ खड़े हैं मौन।
समाधिस्थ हैं संत जी, इन्हें जगाए कौन।।
घुटी-घुटी-सी कोठरी, नहीं हवा का नाम।
नई बहू के 'जेठ' ने जीना किया हराम।।
थकी-थकी-सी बावड़ी, सूखे-सूखे घाट।
राम बुझाओ प्यास को, जोह रहे हैं बाट।।
खड़ी जेठ के आंगना, नदिया मांगे नीर।
दु:शासन-सी है तपन, खींच रही है चीर।।



{ व्यंग्य / विनय मोघे }

## सीसीटीवी

आज के जमाने में सीसीटीवी का होना जरूरी हो गया है। इसीलिए कई लोग अपने यहां सीसीटीवी लगवा रहे हैं। मेरा मानना है कि दुनिया का हर शख्स सीसीटीवी की कैद में है। आप मानो या न मानो, ऊपर वाले ने हर किसी पर अपना सीसीटीवी लगा रखा है। अब शादीशुदा लोगों की ही बात करें तो उनकी पत्नी उनका सीसीटीवी कैमरा होती है। पति कहीं भी हो, पत्नी की खोजी नजर उसे पाताल में भी नहीं छोड़ती है। पत्नी की सूक्ष्म नजर पति पर हर वक्त रहती है। पत्नी को तो सुपर सीसीटीवी कहना चाहिए।

आप कहीं भी रहते हों, झोपड़ी में या बंगले में, आप के पड़ोसी आपके सीसीटीवी कैमरे होते हैं। उनके घर के लोग वन बाय वन आप के घर के हर सदस्य पर नजर रखे होते हैं। आपके घरवालों की जो खबर आपको नहीं होती, वो आपके पड़ोसियों को होती है। आपके बेटे या बेटी का किसके साथ चक्कर चल रहा है, इसकी खबर आपसे पहले आपके पड़ोसियों को लग जाती है। किसी भी दफ्तर में बॉस के चमचे सीसीटीवी के रूप में पूरे दफ्तर में फैले होते हैं। हर पल की और हर शख्स की खबर बॉस तक पहुंचाना ही इनका मुख्य कार्य होता है। यदि इस सबसे फुर्सत मिले तो ये दफ्तर का काम करते हैं। इन सीसीटीवी चमचों पर बॉस की विशेष कृपा-दृष्टि होती है। इसके अलावा कुछ लोग दफ्तर में शौकिया तौर पर भी सीसीटीवीगिरी करते हैं। कालांतर में इनमें से कुछ अपनी इस योग्यता के बल पर बॉस के चमचों में शामिल हो जाते हैं।

भारतीय परिवारों में जब संयुक्त परिवार का चलन था, तब हर घर में कई-कई सीसीटीवी हुआ करते थे। घर के मुखिया और सास के अपने पर्सनल सीसीटीवी होते थे। जहां तक संभव हो घरों में सास खुद ही सीसीटीवी का काम अच्छे से हैंडल कर लिया करती थी। दूसरे नंबर पर ननद, घर की अच्छी सीसीटीवी हुआ करती थी। अब संयुक्त परिवार कम ही बचे हैं पर सास का सीसीटीवीपन अब भी वैसा ही है। कुछ सास की रेंज तो इतनी अच्छी होती है कि गांव में बैठे-बैठे शहर में रह रही बहू की खबर ले लेती है। अब तो आपको यकीन हो गया होगा कि आप हमेशा किसी सीसीटीवी की नजर में रहते हैं। तो जनाब थोड़ा संभल कर रहा कीजिए, क्योंकि आप भी सीसीटीवी की निगरानी में हैं। *

{ लघुकथा / यशोधरा भटनागर }

## एंग्री बर्ड



'क्यों बहन! बड़ी उदास दिख रही हो, क्या बात है?'
'कुछ नहीं सखी! समय बहुत तेजी से बदला है और बदलते समय के साथ...यह इंसान तो बिल्कुल बदल गया।'

गुलमोहर की शाखा पर, घने हरे पत्तों की छांह में बैठी चिड़ियां आपस में बतिया रही थीं। 'हां देखो न! हम इनके साथ ही इनके घरों में कितने प्यार से रहते थे।'

'हमारी कहानियां भी बच्चे कितने चाव से सुनते थे।'

'एक थी चिड़िया, एक था चिरौंटा, चिड़िया लाई चावल का दाना, चिड़ा लाया दाल का दाना। दोनों ने बनाई खिचड़ी...।'

'चींचीं! चींचीं! कहकर हमें कितना प्यार करते थे।' 'बहन इस नन्हे बच्चे को देखो। मोबाइल पर चलती अंगुलियों संग यह अपनी ही दुनिया में डूबा है, जहां सब कुछ नकली है, झूठा है, आभासी है। उसी को देख-देखकर यह हंसता है, मुस्कुराता है और उदास होता है। और इसकी संगी-साथी यह कौन-सी चिड़िया है- 'एंग्री बर्ड!' 'हमारी तो किसी बहन का नाम 'एंग्री बर्ड' नहीं है।' 'अरे, इन बच्चों की यह कौन-सी दुनिया है बहन? जिसमें न हम हैं, न ये पेड़ हैं और तो और न ये इंसान ही हैं।' दोनों चिड़ियां ऊपर से झांक-झांक कर 'अनोखी दुनिया' को चीन्हने की कोशिश कर रही थीं। *

विज्ञापन...

## इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–


मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

**इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?**
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

**सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?**
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

**किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?**
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

**जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?**
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

**किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?**
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

**एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?**
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 19000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

**कितने समय में रोगी घर जा सकता है?**
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

**इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?**
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

**इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?**
इसमें जड़ से इलाज होता है।

**क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?**
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

**डॉ. प्रमोद पहारिया**
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय : दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक | व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in

# शेयर बाजार में 4 साल की तेजी ने बढ़ा दिया एसआईपी

## एमएफ के असेट में इक्विटी की हिस्सेदारी अप्रैल 2023 में 60 प्रतिशत तक पहुंची

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

आजकल शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जोरों पर है। कभी निवेशकों के करोड़ों रुपये डूब जाते हैं तो अगले ही दिन निवेशक करोड़ों रुपये कमा भी लेते हैं। पिछले चार साल में बाजार की चाल देखें तो बाजार की तेजी ने निवेशकों में एसआईपी कल्चर को बढ़ा दिया है। अब लोग म्यूचुअल फंड में जमकर निवेश कर रहे हैं। इसके लिए वे एसआईपी का सहारा ले रहे हैं। इसके कारण स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेशकों की संख्या बढ़ी है। कोविड के कारण लागू किए गए लॉकडाउन के चलते लाखों आम लोग दफ्तर जाने से बच गए। इस दौरान वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ा। इसके साथ ही इसी दौरान सीधे स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले लोगों की संख्या में बड़ी तेजी से इजाफा हुआ। ऐसे में भारत में हाउसहोल्ड सेविंग का इस्तेमाल कैसे किया जाता है, इसमें एक बड़ा बदलाव देखने को मिला।

### शेयरों में निवेश बढ़िया विकल्प

आम लोग महंगाई से मुकाबला करने के लिए शेयरों में निवेश को सबसे अच्छा विकल्प मानने लगे। फ्रैंकलिन टेम्पलटन के आंकड़ों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड के कुल असेट में से इक्विटी की हिस्सेदारी अप्रैल 2023 में 60% तक पहुंच गई। यह दिसंबर 2020 में 39.2% थी। इसी अवधि में म्यूचुअल फंडों की कुल एयूएम 31.02 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 57.26 लाख रुपये करोड़ हो गई।




### क्या कहते हैं बाजार के जानकार

बाजार के जानकारों का मानना है कि शेयर बाजार में निवेश करने वालों में अब आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़कर 60% से अधिक हो गई है। लोग म्यूचुअल फंड के जरिए इक्विटी में निवेश कर रहे हैं और इसी वजह से शेयर बाजार में निवेश बढ़ रहा है। फाइनेंसियल प्लानर्स का कहना है कि हाल के दिनों में एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) का चलन बढ़ा है। इसका भी इक्विटी में निवेश बढ़ने में बड़ा योगदान है। एसआईपी के जरिए लोग धीरे-धीरे और लगातार शेयरों में निवेश करते हैं, जिससे वे अपने लॉन्ग टर्म गोल को पूरा कर सकें।

### इक्विटी में बढ़ रहा लोगों का भरोसा

माना जा रहा है कि एसआईपी का चलन लोगों में बहुत ज्यादा पसंद किया जा रहा है। कई लोग एसआईपी के जरिए अपने इक्विटी में निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। धीरे-धीरे निवेश के माध्यम से वे अपने लॉन्ग टर्म के टारगेट को पूरा कर रहे हैं और अच्छा मुनाफा भी हासिल कर रहे हैं। 2019-20 में एसआईपी के जरिए निवेश 1 लाख करोड़ रुपये था। यह 2023-24 में बढ़कर 1.99 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह इक्विटी में लोगों के भरोसे को बताता है। जानकारों का मानना है कि कुछ लोग अपनी फिजिकल वेल्थ को बेच रहे हैं और उस पैसे का कुछ हिस्सा इक्विटी म्यूचुअल फंडों में निवेश कर रहे हैं। फाइनेंसियल प्लानर्स का कहना है कि डेट म्यूचुअल फंडों से इंडेक्सेशन बेनिफिट हटाने के बाद इसमें निवेश करने का टैक्स लाभ खत्म हो गया है। इस वजह से डेट फंडों में पैसा कम आ रहा है। इसलिए लोग अब इक्विटी की तरफ आकर्षित हो रहे हैं।

अब आम लोग भी जमकर कर रहे हैं निवेश
- कोरोना काल में लोगों ने घरों से काम किया
- इस दौरान स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेशकों की संख्या बढ़ी



### लोगों में ऐसे बढ़ रहा निवेश का आकर्षण

फंड हाउसेज का मानना है कि पिछले चार वर्षों में शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी आई है। इस दौरान कोई बड़ी गिरावट नहीं देखी गई। इसी वजह से लोग शेयर बाजार में निवेश करने के लिए आकर्षित हुए हैं। दिसंबर 2020 से अप्रैल 2024 तक निफ्टी-50 में 72%, निफ्टी मिडकैप-150 में 151% और निफ्टी स्मॉलकैप-250 में 178% की वृद्धि हुई। शेयर बाजार में इतनी तेजी के चलते लोगों की म्यूचुअल फंडों में निवेश करने का रुझान बड़ी तेजी से बढ़ा है। बाजार की चाल ऐसी ही रही तो यह निवेश और बढ़ेगा। लोग महंगाई को मात देने के लिए इक्विटी में निवेश को सबसे बेहतर मानकर चल रहे हैं।




### बैंकों में ब्याज दर

| बैंक | ब्याज दर |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 5.75%-7.00% |
| एसबीआईः | 4.75%-6.50% |
| एचडीएफसी | 4.50%-7.00% |
| आईसीआईसीआई | 4.50%-6.90% |
| केनरा बैंक | 5.50%-6.70% |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 5.50%-6.50% |
| पीएनबी | 4.50%-6.50% |
| आईडीबीआई | 4.50%-4.80% |
| इंडियन बैंक | 3-50%-6.10% |
| यस बैंक | 4.75%-7.00% |
| डाकघर | 6.90%-7.50% |
| आईडीएफसी | 4.50%-7.00% |

# स्वीप-इन-एफडी, जब जरूरत हो निकालें रुपये व ब्याज भी बढ़िया

मनी मंत्रा
बिजनेस डेस्क

**स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर किया जाता है, इसमें ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है**

अगर बात निवेश की आती है तो ट्रेडिशनल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। एफडी की बात करें तो यह सेविंग्स अकाउंट से अधिक या तकरीबन डबल ब्याज देता है। बैंकों के सेविंग्स अकाउंट पर जहां 3.5 से 4 फीसदी सालाना के हिसाब से ब्याज मिल रहा है, वहीं फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7 से 8 फीसदी ब्याज दर है। हालांकि एफडी में एक तय समय के लिए पैसा ब्लॉक हो जाने से तुरंत लिक्विडिटी की सुविधा नहीं मिलती है। इस वजह से बहुत से लोग सेविंग्स अकाउंट में पैसे पड़े रहने देते हैं। लेकिन अगर आप लिक्विडिटी के साथ हाई इंटरेस्ट रेट चाहते हैं तो आपके लिए स्वीप इन एफडी बेहद काम आ सकती है। स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसमें एफडी के बराबर ब्याज मिलता है।

### लक्ष्य तक पहुंचाने में करेगी मदद

एफडी की स्वीप-इन सुविधा निवेशक को बैंक खाते में अतिरिक्त धनराशि को एफडी अकाउंट में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। कहने का मतलब है कि स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। यानी यह एक प्रकार का फिक्स्ड डिपॉजिट है जो निवेशकों को अपने बचत खाते से अतिरिक्त धनराशि को आटोमैटिक रूप से एफडी खाते में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। इसमें जहां एफडी के बराबर ब्याज मिलता है, वहीं इमरजेंसी में भी तुरंत आप अपने फंड तक पहुंच सकते हैं।

### पैसे निकालने का नियम

आम तौर पर स्वीप-इन एफडी अपनी मैच्योरिटी से पहले स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते समय लास्ट इन फर्स्ट आउट (एलआईएफओ) मेथड का उपयोग करते हैं। मतलब है कि अगर बचत खाते में बैलेंस चेक या एसआईपी के भुगतान के लिए जरूरी धनराशि से कम है, तो एलआईएफओ मेथड से स्वीप-इन एफडी से राशि निकाल ली जाती है। यानी स्वीप-इन एफडी आकर्षक ब्याज दर के साथ हाई लेवल की लिक्विडिटी प्रदान करता है। अगर आप अक्सर पैसा निकालते हैं, तो निकाली गई राशि पर उतना ही ब्याज मिलेगा, जितने दिन वह निवेश रहा है। इसके माध्यम से एफडी में निवेश की गई राशि को पूरी एफडी तोड़े बिना निकाला जा सकता है।

### तय करनी होती है लिमिट

स्वीप-इन-एफडी के लिए आपको पहले अपने अकाउंट के लिए एक थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करनी होगी। इस लिमिट से ज्यादा पैसे एक्स्ट्रा पैसे माने जाएंगे। वैसे तो बैंक ही स्वीप थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करना है, लेकिन अकाउंट होल्डर को जरूरत के हिसाब से इसे कस्टमाइज करने का विकल्प भी देता है। यह वह लिमिट होती है, जिससे अधिक पैसे होने पर वह अमाउंट खुद ही एफडी अकाउंट में ट्रांसफर हो जाता है। इस तरह से आपने जो लिमिट तय की है, उसे इमरजेंसी फंड के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, वहीं एक्स्ट्रा फंड पर आपको एफडी वाला ब्याज मिलने लगेगा।

### अवधि और कम से कम निवेश

स्वीप इन एफडी की अवधि 1 साल से 5 साल की होती है। वहीं, बैंक आम तौर पर बचत खाते से स्वीप-इन एफडी में 1 हजार रुपये के मल्टीपल में रकम ट्रांसफर करते हैं। कुछ बैंक निवेशकों के निर्देश के अनुसार 1 रुपये से 1000 रुपये की रेंज में ट्रांसफर की भी अनुमति देते हैं।

**कितनी है ब्याज दरः** स्वीप-इन एफडी खाते के लिए ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान होती है। यह निवेश की अवधि पर निर्भर करता है। जैसे एफडी में अलग-अलग अवधि के लिए अलग ब्याज दरें होती हैं।

# ऑफर देख ललचाएं नहीं, हो सकता है बड़ा नुकसान

- नो कॉस्ट ईएमआई के चक्कर में न पड़ें, जरूरत हो तो ही खरीदें सामान
- नो-कॉस्ट या जीरो-कॉस्ट ईएमआई के ऑफर बेहद लुभावने दिखते हैं
- ऐसे नो-कॉस्ट ऑफर्स के पीछे भी कई बार बड़ी लागत छिपी होती है

बजार में जाएं तो पहले यह तय कर लें कि जो सामान आप खरीदने जा रहे हैं उसकी आपको जरूरत भी है या नहीं, जिस सामान की जरूरत हो उसे ही खरीदें। बाजार में ऑफर्स देखकर मन ललचाएं नहीं। वरना यह लालच आपको भारी पड़ सकता है। कई बार तो आपके आर्थिक संकट को बढ़ा देता है। नो-कॉस्ट ईएमआई या जीरो-कॉस्ट ईएमआई के ऑफर पहली नजर में बेहद लुभावने दिखते हैं। आमतौर पर ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान बैंकों या क्रेडिट कार्ड कंपनियों की तरफ से दिए जाने वाले ऐसे कई ऑफर आपने भी देखे होंगे। कई बार ऑफलाइन शॉपिंग में भी ऐसे ऑफर दिए जाते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि ऐसे ऑफर वाकई में उतने फायदेमंद हों, जितने आप समझ रहे हैं। ऐसा इसलिए कि ऐसे बहुत सारे ऑफर्स असल में पूरी तरह नो-कॉस्ट या जीरो कॉस्ट नहीं होते। सुनने में काफी आकर्षक लगने वाले ऐसे ऑफर्स के पीछे भी लागत छिपी होती है। गहराई से देखने पर पता चलता है कि इन ऑफर्स में भी दरअसल कई तरह की लागतें छिपी होती हैं। इसलिए अगर आप भी ऐसे किसी ऑफर का फायदा उठाकर खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो पहले इस बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें। इसके बाद ही कार्ड से खरीदी करें।



### रेगुलर ईएमआई वर्सिज नो-कॉस्ट ईएमआई

जब आप कोई सामान ईएमआई के जरिए खरीदते हैं, तो दरअसल आप एक कर्ज ले रहे होते हैं, जिसे मासिक किस्त के रूप में चुकाना होता है। रेगुलर ईएमआई में इस किस्त का कुछ हिस्सा मूल धन का और बाकी ब्याज का होता है। इसके अलावा आपको शुरुआत में लोन प्रॉसेसिंग फीस भी देनी पड़ सकती है। साथ ही, हर बार ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) का भुगतान भी करना होता है। नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ग्राहक को ईएमआई के साथ ब्याज तो देना पड़ता है, लेकिन विक्रेता या ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल की तरफ से उतनी ही रकम आपको पहले ही डिस्काउंट के तौर पर दे दी जाती है। यानी ग्राहक ईएमआई के साथ जो ब्याज भरता है, उसकी भरपाई डिस्काउंट के तौर पर पहले कर दी जाती है।

### नो-कॉस्ट ईएमआई की छिपी हुई लागत

नो-कॉस्ट ईएमआई में ब्याज के बराबर की रकम भले ही डिस्काउंट के तौर पर पहले से मिल जाती है, लेकिन ग्राहकों को बैंकों या फाइनेंसिंग कंपनियों को प्रॉसेसिंग फीस चुकानी पड़ सकती है। साथ ही ईएमआई के साथ जीएसटी का भुगतान भी करना होता है, जो ग्राहकों के नजरिये से एक लागत ही है। जीएसटी की रकम ब्याज के 18% के बराबर होती है। इसके अलावा प्री-क्लोजर फीस, प्री-पेमेंट पेनाल्टी, लेट पेमेंट चार्ज जैसे कई और खर्चे भी जुड़े हो सकते हैं, लेकिन बहुत सारे ग्राहक इन छिपी हुई लागतों पर ध्यान दिए बिना ही खरीदारी कर लेते हैं।

# एसआईपी में पॉज सुविधा तंगी में करेगी बड़ी मदद

आज के दौर में लंबी अवधि के लिए निवेश करने का एक प्रभावी तरीका सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) है। एसआईपी लंबी अवधि में दौलत बनाने का वह तरीका है, जहां एक बार में फंड ब्लॉक करने की बजाए हर महीने छोटी-छोटी रकम निवेश करने की सुविधा मिलती है। अगर एसआईपी के जरिए अनुशासित रूप से रेगुलर निवेश किया जाए तो लंबी अवधि में बड़ा कॉर्पस बनाया जा सकता है, लेकिन कुछ मामलों में ऐसा भी हो सकता है कि अचानक से पैसों की तंगी आ जाए। यह कह सकते हैं परिस्थियां अचानक बदल जाएं और एसआईपी करने की रकम का इंतजाम न हो पाए। इन्हीं परिस्थितियों के लिए म्यूचुअल फंड हाउस 'एसआईपी पॉज' की सुविधा देते हैं।



### एसआईपी में क्या है 'पॉज' सुविधा

एसआईपी पॉज वह सुविधा है, जिसमें अगर आपके सामने अचानक फ्राइनेंशियल क्राइसिस आ जाए तो आपको एसआईपी बंद करने की बजाए, इसे कुछ दिन रोकने की सुविधा मिल जाती है। पहले यह सुविधा 1 से 3 महीने की थी, लेकिन अब कुछ फंड हाउस ने इसे 6 महीने तक बढ़ा दिया है। अगर आप 6 महीने के लिए एसआईपी 'पॉज' का विकल्प लेते हैं तो 6 महीने बाद एसआईपी की रकम आपके खाते से खुद ही कटने लगेगी। इस पर कोई अतिरिक्त ब्याज नहीं भी देना होगा। यानी आपकी एसआईपी बंद नहीं होगी, लक्ष्य पूरा हासिल करने के लिए आप इसे 6 महीने एक तरह से और एक्सटेंड कर देते हैं।

### कब चुन सकते हैं विकल्प

**फाइनेंशियल क्राइसिसः** चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, जैसे मेडिकल इमरजेंसी, नौकरी छूटना, या अचानक खर्च आने पर एसआईपी पॉज आपको वित्तीय रूप से राहत दे सकती है। इससे जो रकम बच रही है, उसका इस्तेमाल ज्यादा जरूरी मामलों के लिए कर सकते हैं।

**करियर में बदलावः** कई बार नौकरी में बदलाव करना पड़ता है, या नौकरी से कुछ महीने की रेस्ट लेकर हायर एजुकेशन का प्लान होता है, या कुछ नया बिजनेस शुरू करने का प्लान हो सकता है, जिससे खर्च बढ़ जाता है। इन कंडीशंस में भी एसआईपी पॉज का विकल्प ले सकते हैं।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769


## बिजनेस साइट

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में अत्याधुनिक फेंको सर्जरी से मोतियाबिंद का इलाज



**रायपुर।** श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में अत्याधुनिक फेंको सर्जरी द्वारा मोतियाबिंद का बेहतर इलाज किया जा रहा है। मोतियाबिंद आंखों से जुड़ी एक सामान्य समस्या है जिसे ऑपरेशन के द्वारा आसानी से ठीक किया जा सकता है। ये सबसे कॉमन ऑपरेशन होने के बावजूद लोगों में अभी भी मोतियाबिंद संबंधित तरह-तरह की भ्रांतियां है। जिसके बारे में लोगों को जागरूक किया जाना जरूरी है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन एडवांस टेक्निक फेंको पद्धति के द्वारा किया जा रहा है। यह लेजर माध्यम से की जाती है इसमें गर्मी सर्दी या किसी भी मौसम का प्रभाव नहीं पड़ता है तो 12 महीने मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक फेंको पद्धति द्वारा किया जा सकता है।

### एसएमसी हॉस्पिटल में लगाया गया बिना तार वाला पेसमेकर



**रायपुर।** एसएमसी अस्पताल में 72 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया गया। दरअसल, महिला अपने घर में चक्कर आने से गिरकर बेहोश हो गयी थी। अस्पताल में उनका ईसीजी किया गया। जिसमें पाया गया की उनके दिल की धड़कन अनियमित थी। ईसीजी के आधार पर मरीज को सिक साइनस सिंड्रोम की बीमारी है। इस बीमारी में जो हृदय के अंदर साइनस नोड है जहां पर हृदय की गति बनती है वह खराब हो जाता है, हृदय की धड़कन कम होने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है जिससे मरीज बेहोश होकर गिर जाता है एवं इससे उनके जान को भी खतरा हो सकता है। इन सभी परेशानी से बचने के लिए डॉक्टर्स ने मरीज में बगैर तार वाला पेसमेकर डालने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में करीब आधा घंटा लगा। इस प्रक्रिया के बाद मरीज को अगले दिन छुट्टी दी गयी।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, देवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

# टी20 विश्व कप : अमेरिका का पलड़ा भारी, कनाडा के खिलाफ मैच आज

## मैच का प्रसारण भारतीय समयानुसार आज सुबह 6 बजे

एजेंसी ▶▶| डलास

...मेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में ...म में आईसीसी की पूर्ण ...य बांग्लादेश को हराने ...ली मेजबान टीम जीत ...की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय ...मयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में ...दार्पण करने वाली टीम ...कुछ हैरानी भरे नतीजे ...हासिल कर सकती है। ...अमेरिका ने टूर्नामेंट की ...यारियों में पूर्ण सदस्य ...बांग्लादेश को 2-1 से ...कर साबित कर दिया ...कि उसे कमजोर नहीं ...का जा सकता। हाल ...में अमेरिका ने कनाडा ...को 4-0 से हराया था।



### पापुआ न्यू गिनी-वेस्टइंडीज में होगा मुकाबला

जॉर्जटाउन। ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौवें चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरुआत कर मजबूती हासिल करने की होगी। ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था। लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

### छावनी में तब्दील नासाउ स्टेडियम

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में तो यह तक भी कहा जा रहा है कि नौ जून को मैच के दिन इस स्टेडियम में करीब 3500 पुलिसकर्मा मौजूद होंगे। 35 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में 3500 पुलिसकर्मियों का होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। अमेरिका में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध खेल अमेरिकन फुटबॉल, बेसबॉल और बास्केटबॉल में भी कभी इतनी सिक्योरिटी नहीं लगाई गई है। इसके अलावा मैदान के अंदर दर्शकों की जांच के लिए स्क्रीनिंग मशीनें होंगी। साथ ही उन पर नजर रखने के लिए डॉग स्क्वॉड भी लगाए जाएंगे।

### नासाउ स्टेडियम की वाइट हाउस से हो रही तुलना



न्यूयॉर्क में बने नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की खूबसूरती कमाल की है। जब से फैंस को पता चला है कि भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला इसी मैदान पर होना है। तब से ये स्टेडियम और भी चर्चा में है। इसका कारण वहां की खूबसूरती है। लोग इसकी तुलना अमेरिका के वाइट हाउस से भी कर रहे हैं। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के 8 मैचों का आयोजन होना है। पिछले 6 महीने से ड्रॉप इन पिचों को फ्लोरिडा में तैयार किया जा रहा था। इस स्टेडियम में दर्शकों के बैठने की क्षमता 34000 है।

### ग्रुपवार टीमें

**ग्रुप ए :** भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, अमेरिका
**ग्रुप बी :** इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान
**ग्रुप सी :** न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी
**ग्रुप डी :** दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश,

## भारत ने अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रन से रौंदा, पंत की फिफ्टी

**न्यूयॉर्क।** भारत ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप अभ्यास मैच में बांग्लादेश पर 60 रनों की जीत के दौरान हर विभाग में अपना दबदबा बनाया। ऋषभ पंत आक्रामक अर्धशतक लगाकर टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के विकल्प के पहली पंसद बन गए हैं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोक दिया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे ने दो-दो जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट चटकाए। पंत दिसंबर 2022 में भयानक कार दुर्घटना के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। वह धीमी पिच पर 32 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन बनाकर रिटायर आउट हुए। इस पारी से टीम में विकेटकीपर के दावेदार के तौर पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़ दिया। सैमसन ने कप्तान रोहित शर्मा (19 गेंद में 23 रन) के साथ पारी का आगाज किया था लेकिन वह छह गेंद में एक रन ही बना सके।



### पंत के बाद पंड्या का धमाका

विश्व कप के मुख्य मैचों में रोहित के साथ विराट कोहली के भारतीय पारी की आगाज करने की संभावना है लेकिन कोहली शुक्र... को ही अमेरिका पहुंचकर टीम से जुड़े है। ... इस अभ्यास मैच का हिस्सा नहीं थे। पंत... दूसरे विकेट के लिए 48 और सूर्यकुमार य... (31) के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 रन ... अहम साझेदारी की। हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने आखिरी ओवरों में सहजता से कुछ बड़े शॉट खेल 23 गेंद में नाबाद 40 रन का योगदान दिया।

### खबर संक्षेप



#### ...ु ने ताइवान ओपन ...जीता स्वर्ण पदक

...दिल्ली। भारत के डीपी मनु ने ...वार को ताइपे में 81.58 मीटर ...के साथ ताइवान ओपन 2024 ...रुषों की भाला फेंक स्पर्धा में ...पदक जीता। एशियाई ...नेटिक्स चैंपियनशिप के रजत ...क विजेता ने अपने आखिरी ...स में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज ...ा। ताइवान ओपन विश्व ...नेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य ...की प्रतियोगिता है। इसमें ...ाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग ...भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 ...थ्रो के साथ शुरुआत की, ...के उनका दूसरा प्रयास 76.80 ...का रहा। इस 24 वर्षीय ...ाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास ...ले को 80.59 मीटर और 81.52 ...दूर फेंककर अपने खेल के ...को ऊंचा किया।

#### ...ा और गायत्री का ...र हार से खत्म



...पुर। भारत की त्रिसा जॉली ...गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का ...पुर ओपन में स्वप्निल सफर ...वार को यहां सेमीफाइनल में ...मातसुयामा और चिहारू ...ा की दुनिया की चौथे नंबर की ...ी से सीधे गेम में हार के साथ ...प्त हो गया। इस हार से भारत ...बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर ...में भी अभियान खत्म हो ...। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य ...क विजेता त्रिसा और गायत्री ...जोड़ी जापान की खिलाड़ियों ...आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने ...मिनट में 23-21 21-11 से ...हासिल की।

#### ...ई के लिए तीन साल ...क खेलेंगे फर्नांडिस



...ई। मुंबई सिटी एफसी ने ...वार को भारत के मिडफील्डर ...स फर्नांडिस के साथ तीन साल ...अनुबंध किया, जो 2015 में ...यन सुपर लीग की इस टीम के ...संक्षिप्त समय बिताने के बाद ...सी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय ...ाड़ी ने इसके बाद सात साल ...एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व ...ा। उन्होंने एफसी गोवा के लिए ...मैचों में 17 गोल किए। इस ...न गोवा की टीम ने 2019-20 ...आईएसएल लीग शील्ड जीती। ...ने टीम को क्रमशः 2019 और ...1 में इंडियन सुपर कप और ...कप जीतने में भी मदद की।

## फ्रेंच ओपन : सिटसिपास की आसान जीत, स्वियाटेक-कार्लोस भी आगे बढ़े

एजेंसी ▶▶| पेरिस

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज़, यानिक सिनर और इगा स्वियाटेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया। इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज़ ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। अल्कराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे।



### रिबाकिना, सबालेंका की सीधे सेटों में जीत

ग्रैंडस्लैम विजेता एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। चौथी वरीय और 2022 विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सबालेंका ने पाउला बडोसा पर 7-5, 6-1 से जीत हासिल की। 21वें वरीय कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने अमेरिका के 15वें वरीय बेन शेल्टन को 6-4, 6-2, 6-1 से शिकस्त दी।

### बालाजी-मार्टिनेज ने प्री-क्वार्टर में बनाई जगह

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने शनिवार को यहां डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। बालाजी और मार्टिनेज ने शुरुआती दौर में अमेरिका के रीस स्टेल्डर और नीदरलैंड के सेम वर्बीक को हराया था। इस जोड़ी के सामने प्री-क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी की चुनौती हो सकती है।

## भारत ने विश्व चैंपियन जर्मनी को दी शिकस्त



*लंदन। भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी। विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय टीम अब आठ जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।*

### टी-20 वर्ल्ड कप-2024

| दिनांक | टीम | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 2 जून | यूएसए/कनाडा | डलास | सुबह 6 बजे |
| 2 जून | वेस्टइंडीज/पापुआ न्यू गिनी | गुयाना | रात 8 बजे |
| 3 जून | नामीबिया/ओमान | बारबाडोस | सुबह 6 बजे |
| 3 जून | श्रीलंका/द.अफ्रीका | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 4 जून | अफगानिस्तान/युगांडा | गुयाना | सुबह 6 बजे |
| 4 जून | इंग्लैंड/स्कॉटलैंड | बारबाडोस | रात 8 बजे |
| 4 जून | नीदरलैंड/नेपाल | डलास | रात 9 बजे |
| 5 जून | भारत/आयरलैंड | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 6 जून | पापुआ न्यू गिनी/युगांडा | गुयाना | सुबह 5 बजे |
| 6 जून | ऑस्ट्रेलिया/ओमान | बारबाडोस | सुबह 6 बजे |
| 6 जून | यूएसए/पाकिस्तान | डलास | रात 9 बजे |
| 6 जून | नामीबिया/स्कॉटलैंड | बारबाडोस | रात 12:30 बजे |
| 7 जून | कनाडा/आयरलैंड | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 8 जून | न्यूजीलैंड/अफगानिस्तान | गुयाना | सुबह 5 बजे |
| 8 जून | श्रीलंका/बांग्लादेश | डलास | सुबह 6 बजे |
| 8 जून | नीदरलैंड/द.अफ्रीका | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 8 जून | ऑस्ट्रेलिया/इंग्लैंड | बारबाडोस | रात 10:30 बजे |
| 9 जून | वेस्टइंडीज/युगांडा | गुयाना | सुबह 6 बजे |
| 9 जून | भारत/पाकिस्तान | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 9 जून | ओमान/स्कॉटलैंड | एंटीगुआ | रात 10:30 बजे |
| 10 जून | द.अफ्रीका/बांग्लादेश | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 11 जून | पाकिस्तान/कनाडा | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 12 जून | श्रीलंका/नेपाल | फ्लोरिडा | सुबह 5 बजे |
| 12 जून | ऑस्ट्रेलिया/नामीबिया | एंटीगुआ | सुबह 6 बजे |
| 12 जून | यूएसए/भारत | न्यूयॉर्क | रात 8 बजे |
| 13 जून | वेस्टइंडीज/न्यूजीलैंड | त्रिनिदाद | सुबह 6 बजे |
| 13 जून | बांग्लादेश/नीदरलैंड | सेंट विंसेंट | रात 8 बजे |
| 13 जून | इंग्लैंड/ओमान | एंटीगुआ | रात 12:30 बजे |
| 14 जून | अफगानिस्तान/पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद | सुबह 6 बजे |
| 14 जून | यूएसए/आयरलैंड | फ्लोरिडा | रात 8 बजे |
| 15 जून | द.अफ्रीका/नेपाल | सेंट विंसेंट | सुबह 5 बजे |
| 15 जून | न्यूजीलैंड/युगांडा | त्रिनिदाद | सुबह 6 बजे |
| 15 जून | भारत/कनाडा | फ्लोरिडा | रात 8 बजे |
| 15 जून | नामीबिया/इंग्लैंड | एंटीगुआ | रात 10:30 बजे |
| 16 जून | ऑस्ट्रेलिया/स्कॉटलैंड | सेंट लुसिया | सुबह 6 बजे |
| 16 जून | पाकिस्तान/आयरलैंड | फ्लोरिडा | रात 8 बजे |
| 17 जून | बांग्लादेश/नेपाल | सेंट विंसेंट | सुबह 5 बजे |
| 17 जून | श्रीलंका/नीदरलैंड | सेंट लुसिया | सुबह 6 बजे |
| 17 जून | न्यूजीलैंड/पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद | रात 8 बजे |
| 18 जून | वेस्टइंडीज/अफगानिस्तान | सेंट लुसिया | सुबह 6 बजे |
| **सुपर 8 शेड्यूलः** | | | |
| 19 जून | ए2/डी1 | एंटीगुआ | रात 8 बजे |
| 20 जून | बी1/सी2 | सेंट लुसिया | सुबह 6 बजे |
| 20 जून | सी1/ए1 | बारबाडोस | रात 8 बजे |
| 21 जून | बी2/डी2 | एंटीगुआ | सुबह 6 बजे |
| 21 जून | बी1/डी1 | सेंट लुसिया | रात 8 बजे |
| 22 जून | ए2/सी2 | बारबाडोस | सुबह 6 बजे |
| 22 जून | ए1/डी2 | एंटीगुआ | रात 8 बजे |
| 23 जून | सी1/बी2 | सेंट विंसेंट | सुबह 6 बजे |
| 23 जून | ए2/बी1 | बारबाडोस | रात 8 बजे |
| 24 जून | सी2/डी1 | एंटीगुआ | सुबह 6 बजे |
| 24 जून | बी2/ए1 | सेंट लुसिया | रात 8 बजे |
| 25 जून | सी1/डी2 | सेंट विंसेंट | सुबह 6 बजे |
| **नॉकआउट चरण :** | | | |
| 27 जून | पहला सेमीफाइनल | त्रिनिदाद | सुबह 6 बजे |
| 27 जून | दूसरा सेमीफाइनल | गुयाना | रात 8 बजे |
| 29 जून | फाइनल | बारबाडोस | रात 7:30 बजे |

(नोट : टाइमिंग और डेट भारत के हिसाब से)

## दिनेश कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था। लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने 'एक्स' पर लिखा, 'काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं।'



### जताया आभार

वह देश के लिए राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली के नेतृत्व में भी खेल चुके हैं। उन्होंने लिखा, 'मैं अपने सभी कोच, कप्तानों, चयनकर्ताओं और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्होंने मेरी लंबी यात्रा का खुशगवार और आनंददायक बनाया।'

### कार्तिक की उपलब्धि

तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 खिलाड़ियों को आउट किया है। वह अंतिम बार भारत के लिए 2022 टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे।

## टीम की खिताबी हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो

एजेंसी ▶▶| जेद्दा

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे।

यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता।



दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे। अल नासर को यह हार सऊदी प्रो लीग सत्र के समापन के चार दिन बाद मिली है।


UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust

**अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in**

**अचल संपत्तियो की बिक्री हेतु बिक्री नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीध्रभारित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार यूको बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **20.06.2024** को **11.00** बजे से दोपहर **4.00** बजे तक बकाया राशि की वसूली के लिए बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अन्य विवरण नीचे दिए गए हैं। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय नीलामी के 2 घंटे पूर्व सुनिश्चित की गई है। **ई-नीलामी की तिथि व समय- 20.06.2024** को सुबह 11.00 बजे से उपरान्ह 4.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ संपर्क विवरण | ऋणी एवं गारंटर का नाम | बकाया राशि / कब्जा का प्रकार | मांग सूचना/ कब्जा सूचना तिथि | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य व बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Maroda Branch (1110) Dibyendu Saha 9039604115 | श्री लक्ष्मी नाथ यादव | ₹ 29.08 लाख / सांकेतिक कब्जा | 01.05.2023 / 10.07.2023 | संपत्ति के मालिक- श्री लक्ष्मी नाथ यादव पिता- श्री जगदीश यादव के संपत्ति का विवरण- ख.नं. 303/143, प.ह.नं. 01, मौजा- भिलाई 3, तहसील- पाटन, जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 1225 वर्गफीट। | 2925000/- 292500/- 25000/- |
| 02 | Civic Centre Bhilai (0298) Soumya Ranjan Sahu 8000545448 | अनमोल धर्मकांटा | ₹ 8.80 लाख / भौतिक कब्जा | 17.06.2019 / 20.08.2019 | संपत्ति के मालिक- श्री गौरव शुक्ला एवं मिस मंजुला शुक्ला, मेसर्स अनमोल धर्मकांटा, संपत्ति का विवरणः प्लॉट नं. 32 का भाग, जोन "सी" इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर, बोराई, ग्राम- रसमेड़ा, जिला- दुर्ग। | 1886000/- 188600/- 25000/- |
| 03 | Civic Centre Bhilai (0298) Soumya Ranjan Sahu 8000545448 | अग्रवाल फूड एण्ड बेवरेज प्रोप. आशिष राज लोहिया | ₹ 39.99 लाख / भौतिक कब्जा | 04.06.2021 / 24.08.2021 | श्रीमती किरन लोहिया, प्लॉट नं. 20, खसरा नं. 1550/27, प.ह.नं. 19, वार्ड नं. 14, एए कर्मचारी हाउसिंग बोर्ड, ग्राम- दुर्ग, दुर्ग छ.ग | 4145000/- 414500/- 25000/- |
| 04 | Nehru Nagar (1556) Mr Benudhar Nayak 7735995277 | श्री सुखदेव सिंह | ₹ 8.49 लाख / भौतिक कब्जा | 20.07.2016 / 26.10.2016 | संपत्ति के मालिकः श्री सुखदेव सिंह, ख.नं. 740/5, प.ह.नं. 12/16, धौर कचंदूर रोड, मौजा- खेड़ामारा, ग्राम- खेड़ामारा, तहसील व जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 2175 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन। | 1855000/- 185500/- 25000/- |

ई-नीलामी तिथि एवं समयः 20.06.2024 सुबह 11.00 से सायं 4.00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय- 14.06.2024

**यह प्रकाशन उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटीकर्ताओं/बंधककर्ताओं को 15 दिनों की नोटिस भी है।**

दिनांक : 01.06.2024 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** शाखा : विवेकानंद आश्रम, रायपुर (छ.ग.)
**Central Bank of India** BRANCH : VIVEKANAND ASHRAM, RAIPUR (C.G.)

**अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना सरफेसी अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित नियम 8 (6) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को तथा देनदारों एवं जमानतदारों को विशेष रूप से यह सूचना दी जाती है कि रक्षित लेनदार के पास बंधक रखी गई निम्नलिखित अचल संपत्ति, जिसका प्रलक्षित कब्जा प्राधि... अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया - रक्षित लेनदार, द्वारा लिया जा चुका है, ''जहाँ है जैसी है'' ''जो है जैसी है'' तथा ''जहाँ है वैसी है'' आधार पर यहां नीचे उल्लेखित दिनांक को रक्षित लेनदार- सेंट्रल... ऑफ इंडिया द्वारा देनदारों तथा जमानतदारों से बकाया राशि की वसूली हेतु विक्रय की जाएगी। संबंधित संपत्ति का आरक्षित मूल्य तथा धरोहर जमा राशि यहाँ नीचे उल्लेखित है:-

| स. क्र. | देनदारों के नाम | बकाया राशि (रक्षित ऋण) डिमाण्ड नोटिस तिथि | आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री शेरू दीप** पिता श्री त्रिनाथ दीप तथा **श्रीमती ज्योति दीप** पति श्री शेरू दीप, **दोनों निवासी :-** न्यू चंगोराभाठा, साहू कैटरर्स के बाजू, करण नगर, बाहुबलि बैटरी गली के बाजू, रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) **अचल संपत्ति का विवरण :-** श्री शेरू दीप के नाम पर खसरा क्र. 126/73 (भाग), खाता क्र. 1592, प.ह.नं. 105/59, मौजा न्यू चंगोराभाठा, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्र. 67, आरआईसी रायपुर-1, क्षेत्रफल (25'X44') = 1100 वर्गफीट, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) पर स्थित दो मंजिला आवासीय भवन का समस्त भाग तथा अंश। **बाऊण्ड्री :** - उत्तर में - 20 फीट सड़क, दक्षिण में - सुभाष की भूमि, पूर्व में - सतीश कुमार राहंगडाले की भूमि, पश्चिम में - 20 फीट सड़क। | रू. 21,20,950.30 + उस पर ब्याज तथा व्यय, डिमांड नोटिस दिनांक : 27.01.2022 कब्जा नोटिस दिनांक : 15.02.2023 | रू. 23,44,50... / रू. 2,34,450... |

**नियम एवं शर्तें:-** 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : **08.07.2024, प्रातः 10.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक।** (बोली के मामले में बंद होने से पहले अंतिम दस मिनट में ऑटो एक्सटेंशन क्लॉज के साथ), नी... बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता के माध्यम से आयोजित की जाएगी। **"https://www.mstcecommerce.com"** अन्य विवरण, नियम और शर्तों के लिए, इच्छुक बोलीदाता हमारे बैंक की वेब... **https://www.centralbankofindia.co.in** और **https://www.ibapi.in** का अवलोकन कर सकते हैं। तथा भाग लेने हेतु बोली ई-नीलामी पो... **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** में जमा करें। 2. इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पहले एमएसटीसी के पास प्री-बिड धरोहर जमा राशि जमा कर सक... प्री-बिड धरोहर जमा राशि को जमा तभी माना जाएगा जब एमएसटीसी के बैंक खाते में राशि जमा हो और इसकी जानकारी एमएसटीसी की वेबसाईट में अपडेट हो जाए। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग स... है और इसलिए बोलीदाताओं को, अपने स्वयं के हित में, किसी भी अंतिम मिनट की समस्या से बचने के लिए पूर्व बोली धरोहर जमा राशि अग्रिम रूप से जमा करने की सलाह दी जाती है। 3. इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉ... आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे **www.mstcecommerce.com** से उनके केंद्रीय हेल्पडेस्क नंबर 0... 22901004 या श्री प्रशांत कुमार जंघेल, शाखा प्रबंधक, शाखा - विवेकानंद आश्रम, रायपुर, मो. - 9739758442, ई-मेल: **bmraip0804@centralbank.co.in**, से किसी भी कार्यदिवस पर कार्या... अवधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं। 4. नीलामी विक्रय ''जहां है, जैसा है, जो है और जो कुछ है'' के आधार पर आयोजित की जाती है। बैंक को किसी भी लंबित शुल्क, कर आदि की जानकारी नहीं है। क्रेता इसे सत्... करने के लिए बाध्य हैं और यदि कोई हो तो उसे वहन करना होगा।

विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु कृपया रक्षित लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर तथा सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp का संदर्भ लें।

**वैधानिक 30 दिन विक्रय सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 नियम 8 (6) के अंतर्गत**

देनदार/जमानतदार/बंधककर्ता को एतद् द्वारा रक्षित लेनदार के बकाया देय की वसूली हेतु अचल/चल रक्षित संपत्ति के विक्रय के लिए अधिसूचित किया जाता है।

दिनांक - 02.06.2024, स्थान - रायपुर प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

Dr. Juneja's डा.ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
Clinically Tested*
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों से बना डा. ऑर्थो तेल जोड़ों के दर्द को जड़ से कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
मिलते-जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान
अब दर्द भी घुटने टेकेगा...
घुटने दर्द, कंधे दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द एवं कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com

# सिर्फ 6 फीट चौड़ा दो बेडरूम वाला फ्लैट, बिका 8 करोड़ में

## अंदर थी ऐसी-ऐसी चीजें, नजारा देख लोग रह गए सन्न

एजेंसी ▶▶ लंदन

घर खरीदना किसी के लिए भी आसान नहीं होता। कितना भी पैसा जुटा लो, मनचाहा घर मनचाही कीमत पर तो कभी नहीं मिलता। कई बार इलाका पसंद नहीं आता, तो कई बार घर। कभी ज्यादा छोटा नजर आता है, तो कभी इंटीरियर पसंद नहीं आता। लेकिन छोटा घर हमेशा खराब नहीं होता। यकीन न आए तो इस फ्लैट को ही देखिए। सिर्फ 6 फीट चौड़ा दो बेडरूम वाला ये फ्लैट 8 करोड़ रुपए में बिका है। इतनी ही जगह में अंदर ऐसी-ऐसी चीजें हैं, जिसे देखकर इसे खरीदने के लिए लोगों की लाइन लग गई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह अपार्टमेंट ब्रिटेन के सबसे पतले घरों में से एक है। महीनों पहले इसे बेचने के लिए मार्केट में उतारा गया था, लेकिन अब 6 फीट चौड़े इस फ्लैट की कीमत 775,000 पाउंड यानी तकरीबन 8.20 करोड़ रुपए लगाई गई है। फ्लैट अपने सबसे संकरे बिंदु पर केवल छह फीट चौड़ा है, जबकि सबसे चौड़े स्थान पर आगे से पीछे तक इसकी चौड़ाई 13 फीट है।



### अंदर खूबसूरत मकान जैसा नजारा

इस फ्लैट में दो डबल बेडरूम, एक बड़ा लिविंग रूम, एक शॉवर रूम है। इतना ही नहीं, पीछे एक छोटा सा बगीचा भी है। यह लंदन की बेहद आकर्षक जगह पर है, जिसके सामने खूबसूरत पार्क और कुछ ही दूरी पर साउथ केंसिंग्टन ट्यूब स्टेशन और वी एंड ए म्यूजियम है। इस इलाके में बहुत सारे घर प्रसिद्ध वास्तुकार जॉर्ज बसेवी ने डिजाइन किए थे।



### लंदन के पॉश इलाके में मौजूद

दरअसल, यह फ्लैट लंदन के पॉश इलाके साउथ केंसिंग्टन में है। यहां 2016 में सिर्फ़ 600 वर्ग फ़ीट का एक बेडरूम वाला फ़्लैट 895,000 पाउंड में बिका था. उस वक्त यह लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया था। जिन लोगों ने इस फ्लैट को देखा था उनका कहना था कि यह किसी फिल्म के सेट जैसा नजर आता है। ऐसा लगता है कि घर का सिर्फ सामने का हिस्सा बना हुआ है और अंदर कोई कमरा नहीं है। लेकिन, साउथ केंसिंग्टन वाला ये फ्लैट उससे काफी अलग है। अंदर यह बहुत बड़ा लगता है, साफ सफेद दीवारें और बड़ी खाड़ी खिड़कियां इसे एक साफ-सुथरा होने एहसास देती हैं।

# जीव जो कभी नहीं मरते हैं, कुछ की बहुत लंबी उम्र उन्हें बना देती है 'अमर'

**लंदन**। क्या ऐसी पृथ्वी पर ऐसी कोई प्रजाति भी है जो हमेशा जीवित रहती है या मरती नहीं है? इस सवाल का जवाब हां कुछ प्रजातियां ऐसी भी हैं जो इस श्रेणी में साफ तौर पर आ सकती है। वहीं कुछ प्रजातियां कई कारणों से इस तरह की मान ली जाती हैं। उनकी लंबी उम्र या बूढ़ा हो कर ना मर पाना, यह खत्म होने से पहले विभाजित होकर दो अलग संतानों में बदल जाना उन्हें अमर जैसा बना देता है। इस सूची में सबसे पहला और सबसे प्रमुख नाम जेलीफिश का है। सही मायनों में यही दुनिया की एकमात्र अमर प्रजाति बताई जाती है। जेलीफिश को ट्यूरिटोप्सिस दोहमी या के नाम से भी जाना जाता है। इसने वास्तव में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को उलट कर मौत को धोखा देने का एक तरीका ढूंढ लिया है।

डिंपल्स कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉल : 9827143060/8871003060

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
डॉ. कमलेश अग्रवाल
उपलब्ध सुविधाएं
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में इलाज
मो. 8370008551
मो. 9302734809
मो. 8370008558

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

# इस दिन आकाश में दिखेगा अद्भुत नजारा सौर मंडल के 6 ग्रह एक साथ आएंगे नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हमारी पृथ्वी के बाहर अक्सर ऐसी कई घटनाएं होती रहती हैं, जिनके बारे में जानकर बेहद हैरानी होती है। वहीं कुछ खगोलीय घटनाएं ऐसी होती हैं, जिन्हें पृथ्वी से भी देखा जा सकता है। अंतरिक्ष और ग्रहों में रुचि रखने वाले लोगों के 3 जून का दिन बेहद खास होने वाला है। इस दिन आसमान में एक दुर्लभ चमत्कार देखने को मिल सकता है। दरअसल 3 जून को सौर मंडल के कई ग्रह धरती से नजर आएंगे। इस दौरान 6 ग्रह एक सीधी रेखा में देखे जाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस दिन बुध, मंगल, बृहस्पति, शनि,



अरुण और नेपच्यून ग्रह इस परेड में एक सीधी रेखा में दिखेंगे। ऐसा नजारा तब देखने को मिलता है, जब सारे ग्रह सूर्य के एक ओर जमा हो जाते हैं। खास बात ये है कि यह नजारा धरती से भी देखा जा सकेगा। हालांकि कुछ ग्रहों को नंगी आंखों से भी देखा जा सकता है। मंगल और शनि को देखने में आसानी हो सकती है। इन्हें दूसरे ग्रहों के मुकाबले पहले और आसमान में थोड़ा ऊपर देखा जा सकता है। नासा के मोबाइल ऐप की मदद से आपको इसके बारे में अधिक जानकारी मिल सकती है कि इसे कब और कहां से देखा जा सकता है। सोमवार को यह सभी ग्रह डायग्नल अरेंजमेंट में दिखाई देंगे, जिसमें शनि सबसे ऊपर रहेगा। इसके बाद नेपच्यून, मंगल, यूरेनस और बुध नजर आएंगे। वहीं बृहस्पति क्षितिज के सबसे करीब रहने वाला है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, साउथ के देशों में रहने वाले लोगों के लिए इस दुर्लभ नजारा देखना थोड़ा आसान हो सकता है।

### तीन जून को दिखेगा नजारा

यह दुर्लभ नजारा देखने के लिए आपको सोमवार की सुबह दूरबीन लेकर तैयार रहना होगा। सूर्योदय के आसपास यह अद्भुत घटना दुनिया भर में दिखाई देगी। इसे ठीक तरह से देख पाने के लिए आपको उपकरणों की जरूरत होगी। इस दौरान अरुण और नेपच्यून धुंधले नजर आ सकते हैं, जबकि सूर्य से निकटता के कारण बृहस्पति और बुध की चमक काफी कम हो सकती है।

खूनी हो या बादी बवासीर से राहत पाएं
एंग्रो अर्श कल्याण कैप्सूल
20 सालों से भरोसेमंद औषधि
सभी मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध
HELPLINE NO. 8899 500 500

Dr. Juneja's ACCUMASS
वज़न बढ़ाए आत्मविश्वास जगाए
एक्यूमॉस आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स

श्री रावतपुरा सरकार हॉस्पिटल
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)
SRIMSR
635 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर
01 से 30 जून 2024 तक
समय- सुबह 9:00 से शाम 4:00 बजे
भर्ती होने पर सेवा व भोजन तथा सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क किये जायेंगे।
-: उपलब्ध विभाग :-
60 बेड का क्रिटीकल केयर यूनीट (ICU)
9 माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
24 घंटे एंबुलेंस एवं आपातकालीन चिकित्सा उपलब्ध
ओ.पी.डी., एक्स-रे, सोनोग्राफी, पेशाब व खून जांच निःशुल्क
चम्पारण रोड, पचेड़ा, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.), फो : 0771-2998801
हेल्पलाइन नं.: 9109988506

रोबोटिक कैंसर सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक कैंसर सर्जरी एवं सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी के लिए विशेषज्ञों की कुशल टीम
यूनिट 1: डॉ अर्पण चतुर्मोहता MS, MCh; डॉ विवेक पटेल MS, MCh
यूनिट 2: डॉ दिवाकर पांडेय MS, MCh; डॉ कल्याण पांडेय MS, MCh
(पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त, 20 स्पेशलिस्ट, 17 वर्षों से)
संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ. ग.)
7389904010, 738995010, +91 7714081010, 4061010

मित्तल हॉस्पिटल कैंसर विभाग
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
हमारे अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ
डॉ. जसवंत जैन MBBS, MS, MCH कैंसर सर्जन
डॉ. नवीन वर्मा MBBS, MS, MCH कैंसर सर्जन
डॉ. अंबर गर्ग MD, DNB हेमेटोलॉजिस्ट एवं BMT विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD, Fellow in रक्त रोग विशेषज्ञ

एस. एम. सी. सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल
लेजर & लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. वैभव राज सिंह (MBBS MS Surgery)
CSEB, CISF, CRPF, CGHS, ESIC एवं आयुष्मान भारत से मान्यता प्राप्त
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करे
7747995994, 8462055363, 8839800123
एस.एम.सी.हॉस्पिटल, अशोका रतन के पास रायपुर

### एलियंस को छिपाकर रखा है अमेरिका



**न्यूयार्क**। दुनिया रहस्यों से भरी हुई है। कई ऐसे रहस्य हैं, जिन पर यकीन करना मुश्किल होता है। अमेरिका का एरिया-51 भी एक ऐसी जगह है, जो लोगों को हैरान करती है। एरिया-51 में बेहद कड़ी सुरक्षा रहती है और किसी को यहां पर आने-जाने की इजाजत नहीं है। कुछ कांस्पिरेसी थ्योरी में चौंकाने वाले दावे किए जाते हैं। इनमें कहा जाता है कि अमेरिका ने एरिया-51 में एलियंस को कैद कर रखा हुआ है और उन पर प्रयोग कर रहा है। इस जगह को बेहद गुप्त रखा गया है, जिसके बारे में अमेरिका के लोगों को भी नहीं पता था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने साल 2013 में पहली बार एरिया-51 के बारे में जानकारी सार्वजनिक की थी। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने बताया कि अमेरिका में दक्षिणी नेवादा के बंजर रेगिस्तान में स्थित 'एरिया 51' अमेरिकी वायु सेना का एक केंद्र है। लेकिन, इस जगह की चर्चा एलियन और यूएफओ को लेकर होती रहती है। अमेरिका पर बहुत पहले से ही एलियन की जानकारी छिपाने के आरोप लगते हैं। सीआईए के एक पूर्व एजेंट ने दावा किया था कि एरिया-51 पर वह गया था। वहां पर उसने वास्तव में एलियंस को देखा था।

कठिन समस्याएं अब न होंगी
सच्ची सहेली है बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबसे भरोसेमंद औषधि एवं टॉनिक
पूर्ण स्वदेशी, पूर्ण आयुर्वेदिक
Clinically Tested*
67 दुर्लभ जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक निम्न समस्याओं में विशेष सहायक है।
कठिन दर्द, चिड़चिड़ापन, थकान, कमजोरी, कमर कटना, इम्यूनिटी
सच्ची सहेली
24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all medical & general stores

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com